www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

SUNDAY

नई दिल्ली, रविवार, 7 अप्रैल, 2024

वर्ष – 17 | अंक – 01 | पृष्ठ – 10

मूल्य – 3.00 रु.

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

देशबन्धु

पूर्वोत्तर में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चुनाव... पृष्ठ 02

■ शराब घोटाला मामले पर थमने का नाम नहीं...
■ आज केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में... 03

■ इजरायल को आक्रामक हथियारों की आपूर्ति बंद करने का...
■ रूस ने जापोरीजिया परमाणु संयंत्र पर हमले के प्रयासों के... 07

साहित्य

मुफ्त में मारे गए गुलफाम पृष्ठ 06

'जानवर भी जानते हैं कि सांगली हमारा है : कांग्रेस विधायक पृष्ठ 10

रमजान मुबारक

7 अप्रैल-27

| | | |
|---|---|---|
| खत्म सहरी | : | 4.43 |
| रोजा इफ्तार | : | 6.44 |



## सार संक्षेप

### धनखड़ ने नवनिर्वाचित सदस्यों को दिलाई शपथ



**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष और नवनिर्वाचित जगत प्रकाश नड्डा तथा कई अन्य सदस्यों को सदन की सदस्यता की शपथ दिलाई। राज्यसभा सचिवालय के अनुसार इस अवसर नड्डा के अलावा अशोकराव शंकरराव चव्हाण, चुन्नीलाल गरासिया, अनिल कुमार यादव मनदादी , मोहम्मद नदीमुल हक और सुष्मिता देव ने भी राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली।

### पनूर बम विस्फोट मामले में चार गिरफ्तार



**कन्नूर।** लोकसभा चुनाव से ठीक पहले केरल से बड़ा मामला सामने आया है। यहां कन्नूर जिले के पनूर में बम विस्फोट हुआ। इस मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। बता दें कि इस ब्लास्ट में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए थे।

### ओडिशा में सड़क हादसे में चार की मौत




**भुवनेश्वर।** ओडिशा में शनिवार को दो अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोगों की मौत हो गई, वहीं 15 लोग घायल हुए हैं। एक हादसे में गंजम जिले के सोमपुर स्कवायर में एक पिकअप गाड़ी पलट गई। जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। मरने वाले लोग डांडा नाटा (लोककला) ग्रुप के सदस्य थे। ये लोग एक शो में हिस्सा लेकर दो पिकअप गाड़ियों में खेती बेरहमपुर लौट रहे थे। उसी दौरान हादसा हो गया। दूसरा हादसा जाजपुर जिले में हुआ, जिसमें पिता-पुत्र की मौत हो गई।

### झारखंड में रास चुनाव से जुड़ा हॉर्स ट्रेडिंग मामला बंद



**रांची।** झारखंड में राज्यसभा चुनाव 2016 से जुड़े हॉर्स ट्रेडिंग मामले को बंद कर दिया गया। रांची पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट पर शिकायतकर्ता ने कोर्ट में सहमति जताई। इसके बाद कोर्ट ने शनिवार को केस बंद करने का आदेश दिया। इस मामले में तत्कालीन एडीजी अनुराग गुप्ता व तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास के प्रेस सलाहकार अजय कुमार को इससे बड़ी राहत मिली है। गृह विभाग के अपर सचिव अविनाश चंद ठाकुर की शिकायत पर रांची के जगन्नाथपुर थाना में मार्च 2018 में तत्कालीन एडीजी अनुराग गुप्ता और अजय कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी लेकिन रांची पुलिस को दोनों के खिलाफ ठोस साक्ष्य नहीं मिल पाया।

राजस्थान के जयपुर में भाजपा पर जमकर बरसीं सोनिया गांधी

# लोकतंत्र की मर्यादा का हो रहा चीरहरण

**जयपुर, 6 अप्रैल (देशबन्धु)।** राजस्थान के जयपुर में रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। सोनिया गांधी ने कहा कि पीएम मोदी खुद को महान मान कर, देश और लोकतंत्र की मर्यादा का चीरहरण कर रहे हैं। विपक्षी नेताओं को भाजपा में शामिल होने की धमकी दी जा रही है। आज लोकतंत्र खत्म हो गया है। हमारा देश खतरे में है। हमारे संविधान को बदलने की साजिशें की जा रही हैं।

**विपक्षी नेताओं को भाजपा में शामिल होने की धमकी देने का लगाया आरोप**



**महंगाई को लेकर भाजपा पर हमला बोला**

सोनिया गांधी ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि हम लोग तानाशाही से डटकर मुकाबला करेंगे। आज देश में खाने-पीने से लेकर सभी चीजें महंगी हो गई है। कांग्रेस उम्मीदवारों को वोट देने की अपील करते हुए जनता से कई वादे भी किए। उन्होंने कहा कि इंडिया गंठबंधन की सरकार बनने पर कांग्रेस ने घोषणा पत्र में जो वादे किए हैं उसे पूरा लागू किया जाएगा। प्रियंका गांधी ने कहा कि आप जो वोट डालने जा रहे हैं, वह देश के लोकतंत्र को बचाएगा। आप सोच रहे होंगे कि हमारा लोकतंत्र खतरे में कैसे है। ऐसा इसलिए है क्योंकि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए जो बड़ी-बड़ी संस्थाएं बनाई गई हैं कमजोर किया जा रहा है, उनका दुरुपयोग किया जा रहा है, आज स्थिति यह है कि लोगों को ईवीएम पर भी भरोसा नहीं है। राजस्थान के जयपुर में रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने कहा कि घोषणा पत्र को हमने न्याय पत्र का नाम दिया है ताकि ये स्पष्ट हो कि ये सिर्फ घोषणाओं की एक सूची नहीं है जिन्हें हम चुनाव के बाद भूल जाएंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि मोदी झूठों के सरदार हैं, वह हमेशा झूठ बोलते हैं, गांरटी हमारा शब्द है मोदी ने इसे चुरा लिया। उन्होंने कहा कि मोदी संविधान बदलना चाहते हैं। खरगे ने कहा कि कांग्रेस ने जो घोषणा पत्र जारी किया है वह हमारी गारंटी है। हम सभी गारंटी को अमल में लाएंगे। हम कभी झूठ नहीं बोलते, जैसे मोदी बोलते हैं। मोदी जहां जाते हैं कुछ न कुछ झूठ बोलकर आते हैं। मोदी ने हमारे गारंटी शब्द को भी चुरा लिया। गारंटी शब्द कांग्रेस ने ही दिया था। मल्लिकार्जुन खड्गे ने पूछा कि मोदी ने कितनी गारंटी हमसे पहले दी है। कौन सी गारंटी उनकी लोगों तक पहुंची है। पहली तो युवाओं को हर साल 2-2 करोड़ नौकरी की गारंटी दी तो 10 साल में 20 करोड़ नौकरी मिलनी थी।

**आज लोकतंत्र खत्म हो गया है हमारा देश खतरे में है हमारे संविधान को बदलने की साजिशें की जा रही हैं : सोनिया गांधी**

**मोदी झूठों के सरदार हैं, वह हमेशा झूठ बोलते हैं, गांरटी हमारा शब्द है मोदी ने इसे चुरा लिया। मोदी संविधान बदलना चाहते हैं। कांग्रेस ने जो घोषणा पत्र जारी किया है वह हमारी गारंटी है। हम सभी गारंटी को अमल में लाएंगे : मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### मोदी ने निर्वाचन आयोग में अपने लोगों को रखा है : राहुल गांधी



**हैदराबाद।** हैदराबाद की रैली में राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने निर्वाचन आयोग में अपने लोगों को रखा है, चुनावी बॉण्ड दुनिया का सबसे बड़ा घोटाला है। मोदी ने भारत के सबसे अमीर लोगों का 16 लाख करोड़ रुपए का कर्ज माफ कर दिया, लेकिन किसानों का एक रुपया भी कर्ज माफ नहीं हुआ। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र करोड़ों भारतीयों की आवाज है। उन्होंने घोषणा की कि केंद्र में सरकार बनने पर हर गरीब परिवार की एक महिला को साल में एक लाख रुपए दिए जाएंगे। यह पैसा सीधे अकाउंट में दिया जाएगा। इस योजना का नाम नारी न्याय योजना होगा। यह एक क्रांतिकारी कदम है।

## विपक्ष की सोच पर मुस्लिम लीग व वामपंथी हावी : मोदी



■ प्रधानमंत्री ने सहारनपुर में चुनावी जनसभा को किया संबोधित

■ मोदी ने गाजियाबाद में भी किया रोड शो

**सहारनपुर/गाजियाबाद, 6 अप्रैल (देशबन्धु)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि शक्ति उपासना हमारी स्वाभाविक आध्यात्मिक यात्रा का हिस्सा है, मगर इंडी एलायंस के लोग खुलेआम चुनौती दे रहे हैं कि उनकी लड़ाई शक्ति के खिलाफ है। उन्हें शायद नहीं पता कि जिन लोगों ने शक्ति को नष्ट करने प्रयास किया है, उनका क्या हाल हुआ है वो इतिहास और पुराणों में अंकित है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सोच पर मुस्लिम लीग और वामपंथी हावी हो चुके हैं। भारत की आजादी की लड़ाई लड़ने वाली कांग्रेस दशकों पहले ही खत्म हो चुकी है। मोदी शनिवार को सहारनपुर में विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सहारनपुर से बीजेपी प्रत्याशी राघव लखन पाल और कैराना से प्रत्याशी प्रदीप चौधरी के लिए जनता से रिकॉर्ड तोड़ वोट की अपील की। वहीं दूसरी ओर गाजियाबाद में मोदी ने भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग के समर्थन में रोड शो किया। रोड शो 5 बजकर 40 मिनट पर मालीवाड़ा चौक से शुरू हुआ। इस दौरान पूरे रोड पपर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए थे। इस दौरान सदकक के दोनों और मोदी की झलक पाने के लिए आतुर दिखाई दिए। जैसे ही रोड शो शुरू हुआ, वैसे ही लोगो ने जय श्री राम के उद्घोष से पूरा इलाका गूंज उठा। साथ ही पुष्प वर्षा भी की गई।

## सिर्फ संविधान के लिए हो वकीलों व जजों की निष्ठा : सीजेआई

■ लोकसभा चुनाव से पहले जजों को दिया बड़ा मंत्र

**नई दिल्ली, 6 अप्रैल (एजेंसियां)।** मुख्य न्यायधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने नागपुर में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि न्यायपालिका के कंधे चौड़े हैं। वह प्रशंसा के साथ-साथ आलोचना भी सह सकती है। चाहे वो गुलदस्ते हों, ईंट-पत्थर हों, पत्रकारिता की टिप्पणी, राजनीतिक टिप्पणी हो या सोशल मीडिया से मिलने वाली टिप्पणी की क्यों ना हो।

उन्होंने आगे कहा कि बार एसोसिएशन के सदस्यों और पदाधिकारियों को अदालत के फैसलों पर प्रतिक्रिया देते वक्त खुद को आम लोगों से अलग करना चाहिए। मैं पेंडिंग मामलों और फैसलों पर वकीलों की टिप्पणी करने की आदत काफी परेशान हूं. आप अदालत के सबसे पहले और सबसे अहम अधिकारी हैं। अरस्तू ने कहा था कि मनुष्य सामाजिक प्राणी हैं और वकील कोई अपवाद नहीं हैं। हालांकि वकीलों के लिए सबसे ज्यादा वफादारी किसी पार्टी के हितों के लिए नहीं बल्कि अदालत और संविधान के लिए होनी चाहिए। उन्होंने कहा की संवैधानिक पीठ के फैसले कड़ी कार्यवाही, संपूर्ण कानूनी विश्लेषण और संवैधानिक सिद्धांतों के पालन का नतीजा होते हैं।



**हमारी कानूनी चर्चा की सच्चाई और गरिमा आप के हाथ में है : चंद्रचूड़**

### पार्टियों के नहीं, संविधान के प्रति रहें वफादार

मुख्य न्यायधीश ने आगे कहा कि पार्टियों के नहीं, संविधान के प्रति वफादार रहना होगा। हमारी कानूनी चर्चा की सच्चाई और गरिमा आप के हाथ में है। भारत का संविधान एक समावेशी संविधान है। बार काउंसिल एक संस्था के रूप में न्यायिक स्वतंत्रता, संवैधानिक मूल्यों और अदालत की गरिमा को बनाए रखने के लिए जरूरी है। भारत जैसे जीवंत और तर्कशील लोकतंत्र में अधिकतर व्यक्तियों की राजनीतिक विचारधारा या झुकाव होता है।

## चुनाव आयोग की वेबसाइट से आप को अपशब्द

■ कैथल रैली की अनुमति देने की बजाय मिली थी गाली

■ एआरओ ने पांच कर्मचारियों को किया निलंबित




**कैथल,6 अप्रैल (एजेंसियां)।** कैथल जिले में चुनाव आयोग की वेबसाइट को हैक या शरारत करने का मामला सामने आया है, जिसमें आम आदमी पार्टी के द्वारा रैली के आयोजन के लिए जिला प्रशासन से अनुमति मांगी थी, जिसके आवेदन को रिजेक्ट करके उस पर गलत भाषा का इस्तेमाल किया गया। इसके साथ ही दूसरे सर्टिफिकेट पर हीरोइन की फोटो लगाकर आवेदन को रद्द कर दिया गया, जिला प्रशासन के संज्ञान में मामला आने के बाद एआरओ ब्रह्म प्रकाश ने तुरंत प्रभाव से पांच कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है।

उन्होंने इस पूरे मामले की जांच करने के लिए पुलिस को पत्र लिखा है। वहीं, इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी व आप के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने इस मामले में मिलीभगत का आरोप लगाया। जिला सूचना अधिकारी दीपक खुराना ने अपने रिपोर्ट में कहा है कि दोनों ही रद्द प्रार्थना पत्रों की रिपोर्ट पर कोई डेट और टाइम नहीं है। उन्होंने संभावना जताई है कि तीन अप्रैल को होने निर्वाचन विभाग की ओर से आयोजित ट्रेनिंग में एआरओ व कार्यालय में नियुक्त आईटी टीम के कर्मचारियों ने भाग लिया था। जिस आवेदन पर टिप्पणी की गई है। उसी को डेमो के रूप में प्रयोग करते हुए पोर्टल के बारे में समझाया गया था। शायद इस समय किसी ने यूजर आईडी और पासवर्ड चुरा लिया हो। पुलिस भी अब इसी एंगल को ध्यान में रखते हुए काम कर रही है। साइबर सेल के प्रभारी शिव कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस पहले आरो कार्यालय का सभी रिकॉर्ड अपने कब्जे में लेगी। सभी ऑपरेटर के बयान भी दर्ज किए जाएंगे। उसके बाद किसने यूजर आईडी का दुरुपयोग किया है। इस बात का पता पुलिस लगाएगी।

बता दें कि मामले में एक राजनैतिक पार्टी के कार्यकर्ता ने चुनावी रैली की अनुमति के लिए आयोग के पोर्टल पर आवेदन किया था। इस पर उसे जवाब में अनुमति की बजाय अपशब्द मिले।

### भाजपा का अनुषांगिक संगठन बना चुनाव आयोग : आतिशी



दिल्ली सरकार में मंत्री और आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी ने चुनाव आयोग की ओर से जारी नोटिस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। आतिशी ने कहा कि चुनाव आयोग ने मेरी एक प्रेस कांफ्रेंस पर मुझे नोटिस भेजा है, यह भाजपा की चार अप्रैल की शिकायत पर आधारित है। 5 अप्रैल को 11 बजे चैनल्स पर खबर आ जाती है कि आतिशी को नोटिस भेजा गया है, लेकिन उसके आधे घंटे बाद मुझे मेल पर नोटिस आता है। यानी चुनाव आयोग पहले मीडिया में नोटिस प्लांट करता है फिर नोटिस मुझे मिलता है। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने कहा कि मेरा सवाल है कि क्या चुनाव आयोग बीजेपी का अनुषांगिक संगठन बन गया है। जब एक राष्ट्रीय पार्टी के संयोजक और सीटिंग सीएम को गिरफ्तार कर लिया जाता है। एक प्रमुख विपक्षी दल का खाता सीज किया जाता है. जब लेफ्ट पार्टी को पुराने मामले में इनकम टैक्स का नोटिस आता है।

## दिल्ली में बच्चा चोरी गैंग का खुलासा



■ सीबीआई ने अस्पताल से सात लोगों को किया गिरफ्तार

■ एक घर से तीन नवजात को किया गया बरामद

■ माता-पिता से बच्चा लेकर 5-6 लाख में बेचते थे आरोपी

**नई दिल्ली, 6 अप्रैल (देशबन्धु)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने बच्चों की खरीद-बिक्री करने वाले गैंग का भंडाफोड़ किया है। जांच एजेंसी ने शुक्रवार को दिल्ली और हरियाणा में सात जगहों पर रेड की थी। इस दौरान दिल्ली के केशवपुरम स्थित एक घर से तीन नवजात को बरामद किया गया। दनमें दो लड़के हैं, जिनमें एक डेढ़ दिन और दूसरा 15 दिन का है। एक बच्ची करीब महीने भर की है। सीबीआई ने एक अस्पताल के वार्ड बॉय समेत 7 लोगों को भी गिरफ्तार किया है। इनमें 5 महिलाएं शामिल हैं। आरोपियों का गिरोह बच्चों के रियल माता-पिता या सरोगेट मां से उन्हें खरीदते थे। फिर सोशल मीडिया ऐड के जरिए नि:संतान दंपत्तियों को बेच देते थे। एक बच्चे की कीमत 4 से 6 लाख रुपए लगाई जाती थी। सीबीआई के अधिकारियों ने बताया कि फेसबुक-वॉट्सऐप पर दंपतियों से आरोपी संपर्क करते थे। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान दिल्ली के पश्चिम विहार की इंदु पवार, पटेल नगर के असलम, कन्हैया नगर की पूजा कश्यप, मालवीय नगर की अंजलि, कविता और रितु और हरियाणा के सोनीपत के नीरज के रूप में की गई है। सीबीआई के अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों का गिरोह फेसबुक पेज और वॉट्सऐप ग्रुप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए बच्चे गोद लेने वाले नि:संतान दंपतियों से संपर्क करते थे। ये लोग एडॉप्शन का फर्जी डॉक्यूमेंट्स बनाकर कई दंपतियों से लाखों रुपए की ठगी भी कर चुके हैं।

## देश के कई राज्यों में पारा 40 पार



■ पूर्वोत्तर भारत में बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली, 6 अप्रैल (एजेंसियां)।** देश के कई राज्यों में भीषण गर्मी पड़ रही है। कई जगहों पर तापमान 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। दिन में लू भी चल रही है। मौसम विभाग ने ओडिशा, झारखंड, रायलसीमा, गंगीय पश्चिम बंगाल, तटीय आंध्र प्रदेश, यनम और उत्तरी आंतरिक कर्नाटक में गर्म हवाएं चलने की चेतावनी जारी की है। इन राज्यों में अधिकतम तापमान 40-43 डिग्री के बीच दर्ज किया जा रहा है। विदर्भ और तेलंगाना में भी लू चलने का अलर्ट है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश, बिहार, मप्र, पंजाब, हरियाणा में भी गर्मी का असर देखा जा रहा है। आईएमडी के अनुसार, कई स्थानों पर अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस से ऊपर था।

### लोग भीषण गर्मी से परेशान

एक जहां लोग भीषण गर्मी से परेशान हैं वहीं पूर्वोत्तर भारत में मौसम का मिजाज कई दिनों से बदला-बदला सा नजर रहा है। मौसम विभाग ने रात के समय पूर्वोत्तर भारत के कुछ हिस्सों, विशेष रूप से मणिपुर और दक्षिण-पूर्व असम और दक्षिण मेघालय के आसपास के क्षेत्रों में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश संभावना जताई है।

## कांग्रेस की नई सूची में छह उम्मीदवारों का ऐलान

**गोवा में दो, मप्र में तीन व दादर में एक उम्मीदवार घोषित**

**नई दिल्ली, 6 अप्रैल (एजेंसियां)।** कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की एक और सूची जारी की है। पार्टी ने उत्तर और दक्षिण गोवा के संसदीय क्षेत्रों के लिए उम्मीदवारों के नामों का एलान किया है।

वहीं, मध्य प्रदेश के मुरैना, खंडवा और ग्वालियर और दादर एवं नगर हवेली (एसटी) के लिए भी उम्मीदवारों की घोषणा की है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने मध्य प्रदेश के लिए तीन गोवा की दो तथा दादर नगर हवेली की एक लोकसभा सीट पर चुनाव के लिए उम्मीदवार घोषित किए हैं।

रिपोर्ट | इंडिया एम्प्लॉयमेंट रिपोर्ट में हुआ खुलासा

## देशभर के बेरोजगारों में 83 प्रतिशत युवा, ज्यादातर शिक्षित

**नई दिल्ली, 6 अप्रैल (एजेंसियां)।** अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) और इंस्टीट्यूट फॉर ह्यूमन डेवलपमेंट (आईएचडी) की नई रिपोर्ट इंडिया एम्प्लॉयमेंट रिपोर्ट 2024' के अनुसार भारत में 2021 के दौरान सभी प्रवासियों में से करीब 10.7 फीसदी ने रोजगार कारणों से पलायन किया था। इनके पलायन के लिए बेहतर रोजगार की तलाश, नौकरी में ट्रांसफर और अवसरों की कमी जैसे कारण जिम्मेदार थे।

■ 87.1 फीसदी पुरुषों ने देश की राजधानी को बनाया ठिकाना

रिपोर्ट में बताया गया है कि देश के बेरोजगारों में 83 फीसदी युवा हैं। इसमें से ज्यादातर शिक्षित हैं। वर्ष 2000 के मुकाबले पढ़े-लिखे बेरोजगार युवाओं की संख्या दोगुनी हुई है। देश में 49.6 फीसदी पुरुषों के पलायन के लिए रोजगार और उससे जुड़े कारण जिम्मेदार थे। रोजगार के लिए पलायन करने वालों का यह अनुपात महिलाओं में बेहद कम महज 1.7 फीसदी था।



रिपोर्ट के अनुसार रोजगार संबंधी कारणों से प्रवास करने वाले पुरुषों के मामले में दिल्ली सबसे आगे है। यहां 87.1 फीसदी पुरुषों ने रोजगार की वजह से प्रवास किया था। जबकि कर्नाटक में यह संख्या 63.2 और महाराष्ट्र में 59.9 फीसदी दर्ज की गई। इसके अलावा तेलंगाना में 56.2, छत्तीसगढ़ 54.9, असम 54.7, हरियाणा 54.7, गुजरात 51.4, मध्य प्रदेश 50.9 और तेलंगाना सहित आंध्र प्रदेश में 50.2 फीसदी पुरुषों के प्रवास के पीछे की वजह रोजगार रही। रोजगार के लिए यूपी पहुंचने वाले पुरुषों का आंकड़ा सबसे कम 35.9 फीसदी दर्ज किया गया। इसी तरह केरल में 37.2 , जम्मू कश्मीर में 38.3, बिहार में 39 और पंजाब में 44.4 फीसदी रहा। पिछले दो दशकों में 2000 से 2021 के बीच भारत में प्रवासन की दर में 2.1 फीसदी के इजाफे के साथ यह दर 26.8 से बढ़कर 28.9 प्रतिशत पर पहुंच गई है।

**महिलाओं के प्रवासन दर में 5.5 फीसदी का इजाफा**

महिलाओं के बीच प्रवासन की दर जो पहले ही पुरुषों की तुलना में अधिक थी, उसमें इस अवधि के दौरान 5.5 फीसदी का इजाफा हुआ है।

# देश

**उवाच**

“ भारतीय जनता पार्टी के एक पूर्व सांसद द्वारा इस खुलासे के बाद कि भ्रष्टाचार के मामलों में विपक्षी दलों के नेताओं को कथित तौर पर कैसे निशाना बनाया गया था, भाजपा ‘जघन्य और कपटपूर्ण राजनीति से विपक्ष को खत्म करने’ की साजिश रचकर काफी नीचे गिर चुकी है:–**नाना पटोले, अध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 35.1 | 20.2 |
| मुंबई | 37.0 | 23.9 |
| कोलकाता | 38.2 | 28.1 |
| चेन्नई | 34.0 | 25.3 |

### तेजस्वी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बोला हमला

# आखिर प्रधानमंत्री ने जमुई की रैली में परिवारवाद पर क्यों कुछ नहीं बोला

**पटना,** 6 अप्रैल (देशबन्धु)। जमुई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चुनावी आगाज करने के बाद शनिवार को आरजेडी उम्मीदवार अर्चना रविदास के समर्थन में आयोजित जनसभा में जाने से पहले तेजस्वी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बड़ा हमला बोला। तेजस्वी ने बताया कि आखिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जमुई की रैली में परिवारवाद पर क्यों कुछ नहीं बोला।



**प्रधानमंत्री को बताना चाहिए था कि जमुई के विकास के लिए उन्होंने क्या किया? जमुई में कौन सा कारखाना लगाया और कौन सा निवेश लाया। गरीबी क्यों नहीं मिटाई, युवाओं को रोजगार क्यों नहीं मिला : तेजस्वी यादव**

तेजस्वी ने कहा कि चुनाव प्रचार के लिए जमुई जा रहे हैं, अपनी बातों को जनता के बीच रखेंगे। जो लोग झूठ बोलकर जनता के बीच हवाबाजी कर रहे हैं, जनता के सामने उनकी पोल खोलेंगे। पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब जमुई गए थे तो एक बार भी परिवारवाद के बारे में उन्होंने जिक्र नहीं किया। पूरे बिहार में उनकी पार्टी के खुद के जो प्रत्याशी हैं किसी न किसी घराने से हैं, इसलिए प्रधानमंत्री ने परिवारवाद पर कुछ नहीं बोला।

तेजस्वी ने कहा कि प्रधानमंत्री को बताना चाहिए था कि जमुई के विकास के लिए उन्होंने क्या किया? जमुई में कौन सा कारखाना लगाया और कौन सा निवेश लाया। गरीबी क्यों नहीं मिटाई, युवाओं को रोजगार क्यों नहीं मिला। प्रधानमंत्री के यह कहने पर कि पिछले 10 साल में जो काम हुआ है वह ट्रेलर है और अभी देश को और भी आगे ले जाना है, इसपर तेजस्वी ने कहा कि सब तो देश में खत्म हो ही चुका है और बाकी जो बचा है उसे भी खत्म कर देंगे।

बता दें कि जमुई संसदीय सीट से एनडीए उम्मीदवार के तौर पर लोजपा (रामविलास) के चीफ चिराग पासवान के जीजा अरुण भारती चुनाव मैदान में हैं। बीते चार अप्रैल को चिराग पासवान के जीजा के समर्थन में आयोजित विशाल जनसभा के जरिए पीएम मोदी ने बिहार में अपने चुनावी अभियान का आगाज किया था। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और आरजेडी को निशाने पर लेते हुए जोरदार हमला बोला था। पीएम मोदी के दौरे से पहले तेजस्वी यादव ने एनडीए के परिवारवाद की लिस्ट जारी की थी।

## राज्यसभा चुनाव परिणाम को सिंघवी ने दी हाईकोर्ट में चुनौती

**शिमला,** 6 अप्रैल (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश राज्यसभा सीट पर 27 फरवरी को हुए चुनाव में बड़ा उलटफेर देखने को मिला था। कांग्रेस के प्रत्याशी अभिषेक मनु सिंघवी चुनाव में हार गए थे जबकि भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी हर्ष महाजन को टाई होने के बाद लॉटरी सिस्टम से निकले परिणाम के आधार पर विजयी घोषित कर दिया गया। उस चुनाव को लेकर शनिवार को कांग्रेस प्रत्याशी एवं वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय में याचिका दायर करने पहुंचे। श्री सिंघवी का कहना है कि दोनों ही उम्मीदवारों को 34-34 वोट प्राप्त हुए। बाद में जब लॉटरी सिस्टम से पर्ची से नाम निकाले गए तो उनका नाम निकला, लेकिन इस पर्ची सिस्टम में जिस तरह से उम्मीदवार को जीत मिली, वह गलत है। उन्होंने कहा कि जिस उम्मीदवार का नाम निकला वह हार जाए, ऐसा कानून में कोई प्रावधान नहीं है। प्रचलन में जिसका नाम निकलता है वह जीतता है, लेकिन राज्यसभा चुनाव में हुए लॉटरी सिस्टम इसके उलट हुआ है, जिसको उच्च न्यायालय में चुनौती दी जा रहीं है। गौरतलब है कि 27 फरवरी को हिमाचल राज्यसभा की एक सीट पर चुनाव हुआ था, जिसमें तीन निर्दलीयों समेत छह कांग्रेस बागी विधायकों ने कांग्रेस के उम्मीदवार अभिषेक मनु सिंघवी के खिलाफ़ वोट दिया था। अड़सठ (68) सदस्यों वाली हिमाचल विधानसभा में 34-34 पर मामला अटक गया था। टाई होने के बाद लॉटरी सिस्टम से नाम निकाला गया, जिसमें हर्ष महाजन को विजयी घोषित किया गया। अब लॉटरी सिस्टम की प्रक्रिया को श्री सिंघवी द्वारा हिमाचल उच्च न्यायालय में चुनौती दी जा रही है।



## पूर्वोत्तर में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग ने की बड़ी तैयारी

**आइजोल/इंफाल/शिलांग,** 6 अप्रैल (एजेंसियां)। चुनाव आयोग ने आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सभी पूर्वोत्तर राज्यों में बड़े पैमाने पर अभियान चलाया है। मिजोरम को छोड़कर, 2019 के संसदीय चुनावों में पूर्वोत्तर राज्यों में मतदान का प्रतिशत राष्ट्रीय औसत 67.40 प्रतिशत से बहुत अधिक था। चुनाव अधिकारियों के अनुसार, 2019 के लोकसभा चुनाव में मिजोरम में 7.92 लाख मतदाताओं में से 63.13 प्रतिशत ने वोट डाले, जबकि पिछले साल (7 नवंबर) विधानसभा चुनाव में पहाड़ी राज्य में 8.57 लाख मतदाताओं में से 80 प्रतिशत से



अधिक ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। 17वें लोकसभा चुनाव (2019) में, नागालैंड और मणिपुर 83 प्रतिशत मतदान के साथ पूर्वोत्तर राज्यों में शीर्ष पर रहे, इसके बाद असम, त्रिपुरा और अरुणाचल प्रदेश लगभग 82 प्रतिशत और मेघालय 71.4 प्रतिशत रहे। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, पूर्वोत्तर राज्यों के विधानसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत हमेशा लोकसभा चुनावों की तुलना में अधिक होता है। मिजोरम में, महिलाओं, युवा और पहली बार मतदाताओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए, चुनाव आयोग ने 19 अप्रैल को मिजोरम की एकमात्र लोकसभा सीट के चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर राज्यव्यापी अभियान चलाया है। मिजोरम के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मधुप व्यास और अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी एच. लियानजेला ने आगामी संसदीय चुनावों में मतदान बढ़ाने के लिए रणनीतियों को अंतिम रूप देने के लिए पिछले दो सप्ताह में विभिन्न हितधारकों के साथ अलग-अलग बैठकें कीं।

### चुनाव आयोग का निर्देश, सोशल मीडिया पर फेक न्यूज, फोटो-वीडियो पर आठ मिनट के भीतर कार्रवाई

**रांची।** लोकसभा की चुनावी प्रक्रिया के दौरान सोशल मीडिया पर फेक न्यूज, फोटो, वीडियो और कंटेंट पोस्ट करने पर आठ मिनट के भीतर कार्रवाई होगी। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार और नोडल पुलिस पदाधिकारी एवी. होमकर ने सभी जिलों में चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार गठित सोशल मीडिया सेल को इसी लक्ष्य के साथ अलर्ट रहने का निर्देश दिया है। प्रत्येक जिले में सोशल मीडिया पर निगरानी के लिए गठित टीम में मीडिया नोडल पदाधिकारी के तौर पर जनसंपर्क विभाग के पदाधिकारी, एनआईसी, आईटी प्रबंधक, पुलिस अधिकारी, सहायक निर्वाची पदाधिकारी एवं एक्सपर्ट को शामिल किया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी और नोडल पुलिस पदाधिकारी ने शनिवार को धनबाद स्थित समाहरणालय सभागार में धनबाद, बोकारो, गिरिडीह एवं देवघर जिलों में लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि चुनाव को गलत तरीके से प्रभावित करने वालों पर सख्त कार्रवाई हो।

**सार संक्षेप**

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा, हम नहीं चाहते अनिल ऐंटनी की पार्टी में वापसी

**तिरुवल्ला (केरल)।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा है कि वे सीडब्ल्यूसी के वरिष्ठ सदस्य और पूर्व रक्षा मंत्री एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी की पार्टी में वापसी नहीं चाहते हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं ने अपने मन की बात तब बताई, जब राज्यसभा के पूर्व उप सभापति और कांग्रेस नेता पीजे कुरियन ने पार्टी की एक चुनावी रैली में कहा कि अनिल ने पार्टी में अनेक पदों पर रहने के बाद इसे छोड़ दिया और भाजपा में शामिल हो गए। .कुरियन ने कहा, ‘यह अब समय की बात है, जब अनिल भाजपा को छोड़ देंगे और कांग्रेस में लौट आएंगे।’ इस पर कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि वे कांग्रेस पार्टी में अनिल की वापसी नहीं चाहते हैं। गौरतलब है कि पिछले साल कांग्रेस को झटका देते हुए अनिल भाजपा में शामिल हो गए थे। अब भाजपा ने उन्हें पथानामथिट्टा लोकसभा क्षेत्र से अपने उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतारा है। वह मौजूदा कांग्रेस सांसद एंटो एंटनी से मुकाबला कर रहे हैं। यहां से राज्य के पूर्व वित्त मंत्री और सीपीआई (एम) के दिग्गज थॉमस इसाक भी भाग्य आजमा रहे हैं।

### बोधगया के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि होंगे धनखड़

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ रविवार को बिहार के दौरे पर रहेंगे और बोधगया के भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। उप राष्ट्रपति सचिवालय ने शनिवार को यहां बताया कि श्री धनखड़ सात अप्रैल को बिहार का दौरा करेंगे। बिहार के इस एक दिवसीय दौरे पर श्री धनखड़ आईआईएम, बोधगया के छठे दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। उप-राष्ट्रपति गया के महाबोधि मंदिर भी जाएंगे।

### आंध्रप्रदेश वाईएसआरसीपी को झटका, एक और मौजूदा विधायक कांग्रेस में शामिल

**कडप्पा।** आंध्र प्रदेश की सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस को एक और बड़ा झटका लगा है। पार्टी के एक और मौजूदा विधायक शनिवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। पुथलपट्टू निर्वाचन क्षेत्र से वाईएसआरसीपी के विधायक एमएस बाबू राज्य कांग्रेस प्रमुख वाईएस शर्मिला रेड्डी की चल रही बस यात्रा के दौरान कांग्रेस में शामिल हुए। शर्मिला ने कांग्रेस में उनका स्वागत किया। एमएस बाबू 2019 में वाईएसआरसीपी के टिकट पर चित्तूर के पुथलपट्टू विधानसभा क्षेत्र से चुने गए थे। पार्टी ने उन्हें अगले महीने होने वाले चुनावों के लिए दोबारा टिकट देने से इनकार कर दिया था। वह कांग्रेस में शामिल होने वाले वाईएसआरसीपी के तीसरे मौजूदा विधायक हैं। 24 मार्च को चिंतालपुडी से वाईएसआरसीपी विधायक उन्नामतला एलिजा कांग्रेस में शामिल हो गए थे।

## होली के बाद बिहार में अब ईद की छुट्टी होगी रद्द, शिक्षकों में आक्रोश

**पटना,** 6 अप्रैल (देशबन्धु)। बिहार में जबसे शिक्षा विभाग की कमान के के पाठक ने संभाली है, तबसे यह विभाग और उसके मंत्री से लेकर अधिकारी तक चर्चा के केंद्रबिंदु बने हुए हैं। चाहे शिक्षा में सुधार को लेकर निरीक्षण कार्यक्रम हो या नए टीचरों की बहाली या फिर नियोजित टीचरों को राज्यकर्मी का दर्जा देने का मामला हो, हर समय यह विभाग चर्चा में बना रहा है। लेकिन, पिछले कुछ दिनों से विभाग में छुट्टी और समय परिवर्तन को लेकर नई चर्चा शुरू हो गई है। केके पाठक ने पहले होली में छुट्टी रद्द कर दी। उसके बाद यह सूचना मिल रही है की ईद की छुट्टी भी रद्द कर दी जाएगी।

मिली जानकारी के अनुसार शिक्षा विभाग के एसीएस केके पाठक के रोज नए-नए फरमानों से शिक्षकों और कर्मियों में एक बार फिर से हड़कंप मचने लगा है। दरअसल, बिहार के स्कूलों में हाल के दिनों में बहाल हुए शिक्षकों को शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों (डायट) में लगातार शिफ्ट में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। लेकिन इस कार्यक्रम के समय और डेट को लेकर शिक्षकों में नाराजगी देखी जा रही है। मालूम हो कि पिछली बार शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए पांच दिन का प्रशिक्षण निश्चित किया गया था। जिसमें होली की छुट्टी भी रद्द कर दी गयी थी। इसके बाद शिक्षक आक्रोशित हो गए थे। हालाँकि शिक्षक संघ इसका विरोध कर रहा है लेकिन केके पाठक ठस से मस नहीं हुए और होली के समय में भी उनका प्रशिक्षण चलता रहा। इस बार फिर शिक्षकों के लिए 8 से 13 अप्रैल तक प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया है। जबकि 11 अप्रैल को ईद मनाई जाएगी। विभाग के इस निर्णय से भी शिक्षकों में आक्रोश देखा जा रहा है। हालाँकि इसका विरोध सोशल मीडिया पर भी किया जा रहा है। छह दिवसीय इस प्रशिक्षण में कक्षा एक से पांच तक के शिक्षक शामिल होंगे। इन शिक्षकों को सात अप्रैल की शाम तक ट्रेनिंग सेंटरों में योगदान करने का आदेश दिया गया है। प्रशिक्षण के लिए 8 अप्रैल को अपराह्न पांच बजे से रजिस्ट्रेशन शुरू हो जाएगा।

## केरल की 20 सीटों में से किसी पर भी दूसरे स्थान पर नहीं रहेगी भाजपा : विजयन

**तिरुवनंतपुरम,** 6 अप्रैल (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कहा है कि भाजपा को केरल में जीत के बारे में भूल जाना चाहिए, वह चुनाव में 20 सीटों में से किसी पर भी दूसरे स्थान पर नहीं रहेगी। अलाप्पुझा में मीडिया से बात करते हुए विजयन ने कहा, ‘यह साबित हो गया है कि संघ परिवार की विचारधारा के प्रचार-प्रसार के लिए केरल में कोई जगह नहीं है और यह ऐसा ही बना रहेगा। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी संघ परिवार को केरल से दूर रखने के लिए प्रतिबद्ध है।’ विजयन ने कांग्रेस पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि सीपीआई-एम के चुनाव घोषणापत्र में यह स्पष्ट कर दिया गया है कि विवादास्पद सीएए को यहां लागू नहीं होने दिया जाएगा। विजयन ने कहा, ‘कांग्रेस के घोषणापत्र में सीएए के संबंध में चुप्पी है। वे सीएए के मामले में भाजपा के साथ मिले हुए हैं।’ केरल में 20 लोकसभा सदस्यों को चुनने के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा। 2019 के आम चुनावों में, तिरुवनंतपुरम लोकसभा सीट को छोड़कर, केरल में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के सभी उम्मीदवार मात्र 15.64 प्रतिशत वोट शेयर के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे।



## शांति व चुनाव प्रक्रिया में खलल डालने के लिए हुई उरी में घुसपैठ की कोशिश : सेना

**श्रीनगर,** 6 अप्रैल (एजेंसियां)। सेना ने शनिवार को कहा कि उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर घुसपैठ की कोशिश का उद्देश्य कश्मीर में शांति और चुनाव प्रक्रिया को बाधित करना था। रक्षा मंत्रालय के एक बयान में कहा गया, ‘भारतीय सेना के नेतृत्व में एक संयुक्त अभियान में 5 अप्रैल को उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर आतंकवादियों की घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया गया। ‘उरी सेक्टर में एलओसी के पार घुसपैठ की योजना बनाने और इरादा रखने वाले आतंकवादी समूहों के बारे में खुफिया एजेंसियों से कई इनपुट प्राप्त हुए थे। इन इनपुट के आधार पर, निगरानी और घुसपैठ-रोधी ग्रिड की समीक्षा की गई और उसे मजबूत किया गया।’

‘5 अप्रैल की तड़के, एलओसी के करीब घात लगाकर बैठे आतंकवादियों के एक समूह को एलओसी की ओर बढ़ते हुए देखा गया। भारतीय सेना की उन पर नज़र थी। इसके परिणामस्वरूप दोनों के बीच भारी गोलीबारी हुई। ‘जब ऑपरेशन चल रहा था, तो नियंत्रण रेखा के आसपास पाकिस्तान की अग्रिम चौकियों से भी रुक-रुक कर गोलीबारी हो रही थी। ‘ऑपरेशन के परिणामस्वरूप दो आतंकवादियों को मार गिराया गया और उनसे दो एके राइफलें, तीन मैगजीन, चार हथगोले, गोला-बारूद और अन्य युद्ध सामग्री बरामद की गई।



## न्यायपालिका पर बढ़ते हमले व न्यायिक अखंडता को कमजोर करने के प्रयासों पर एसआईएलएफ ने जताई आपत्ति

**नई दिल्ली,** 6 अप्रैल (एजेंसियां)। सोसाईटी ऑफ लॉ फर्मस (एसआईएलएफ) ने न्यायपालिका पर बढ़ते हमले और न्यायिक अखंडता को कमजोर करने के प्रयासों के खिलाफ आवाज उठाई है और इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। एसआईएलएफ के अनुसार पिछले दिनों यह देखने को मिला है कि कई बार सर्वोच्च अदालत (सुप्रीम कोर्ट) के न्यायाधीशों की ईमानदारी और क्षमता पर सवाल खड़े किए गए, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसे में यह हमारे देश की न्यायपालिका की छवि को धूमिल करने का एक खतरनाक और कुत्सित प्रयास है। जबकि, देश की अदालतें हमेशा कानून



के शासन को लेकर अड़ी और खड़ी रही हैं।

सर्वोच्च न्यायालय की तरफ से बार-बार इस बात को कहा गया है कि कोई कितना भी बड़ा क्यों न हो, कानून से ऊपर नहीं है। न्यायपालिका पार्टियों की स्थिति और कद की परवाह किए बिना कानूनों को लागू करने और व्याख्या करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके साथ ही अदालतों के पास यह भी

**कई बार सर्वोच्च अदालत (सुप्रीम कोर्ट) के न्यायाधीशों की ईमानदारी और क्षमता पर सवाल खड़े किए गए, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है : एसआईएलएफ**

आजादी है कि किसी उच्च प्रोफाइल वाले व्यक्ति के खिलाफ भी वह कानून लागू कराए। ऐसे में किसी भी संस्था के जांच कार्यों में हस्तक्षेप की अनुमति अदालतों द्वारा नहीं दी गई है।

ऐसे में यह सुनिश्चित करने का कार्य न्यायपालिका का है कि नागरिकों के अधिकार समाज और राज्य के अधिकारों के अनुरूप हैं या नहीं। जहां तक न्यायपालिका की कार्यप्रणाली का सवाल है, कोई स्वर्णिम काल या डार्क पीरियड नहीं होता है। न्यायपालिका को हर समय संविधान की मूल भावना, संवैधानिक मानदंडों और नैतिक प्रथाओं का पालन करना होता है। ऐसे में जब सर्वोच्च न्यायालय का इतिहास लिखा जाएगा तो इस बात पर प्रकाश डाला जाएगा कि न्यायालय ने हमेशा कानून के शासन के संरक्षक के रूप में कार्य किया है। हालांकि, वर्तमान में न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने और इसके संचालन में हस्तक्षेप करने की प्रवृत्ति बढ़ी है, जिससे हमारे कुछ महत्वपूर्ण न्यायिक कार्यों पर असर पड़ने का खतरा है।

## कविता ने सीबीआई की जेल में उनसे पूछताछ की याचिका को दी चुनौती

**नई दिल्ली,** 6 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की तेलंगाना विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) के. कविता ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित कथित धन शोधन मामले में तिहाड़ जेल में उनसे पूछताछ करने और बयान दर्ज करने की मांग करने वाली सीबीआई की याचिका का विरोध करते हुए शनिवार को दिल्ली की एक अदालत का दरवाजा खटखटाया। गौरतलब है कि अदालत ने शुक्रवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को तिहाड़ जेल में कविता से पूछताछ करने की अनुमति दे दी थी। कविता के वकील नितेश राणा ने शनिवार को अदालत को बताया कि जांच एजेंसी ने ‘उसकी पीठ पीछे’ याचिका दायर करके कानून



की उचित प्रक्रिया को विफल कर दिया। राणा ने अदालत से कहा, ‘मुझे गंभीर आशंका है कि सीबीआई ने अदालत से अनुकूल आदेश प्राप्त करने के लिए सही तथ्यों का खुलासा नहीं किया होगा।’ उन्होंने कविता का पक्ष सुनने तक आदेश को स्थगित रखने का आग्रह किया। अदालत उनकी याचिका पर शनिवार को बाद में सुनवाई कर सकती है। कविता पर आबकारी नीति घोटाले में 100 करोड़ रुपए की रिश्वत के भुगतान में सक्रिय रूप से शामिल होने का आरोप लगाया गया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उन्हें ‘घोटाले’ का सरगना करार दिया है। वर्तमान में वह 9 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में हैं।

ईडी, जो राष्ट्रीय राजधानी में कथित शराब नीति घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले की भी जांच कर रहा है, ने कविता को हैदराबाद में उनके आवास पर तलाशी के बाद 15 मार्च को गिरफ्तार किया था। यह दावा किया गया है कि कविता अपने प्रॉक्सी के माध्यम से मनी लॉन्ड्रिंग इकोसिस्टम यानी मेसर्स इंडो स्पिरिट्स की स्थापना में शामिल थीं, जिससे 192.8 करोड़ रुपये की अपराध आय उत्पन्न हुई।

# अशांत मणिपुर में लोकसभा चुनाव से कुछ हफ्ते पहले प्रचार अभियान में दिख रही अजब-सी शांति

**इंफाल,** 6 अप्रैल (एजेंसियां)। मणिपुर में 11 महीने से अधिक समय से चल रहे जातीय संघर्ष को देखते हुए इस बार राज्य में लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान काफी धीमा है, राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों ने अभी तक कोई बड़ी जनसभा आयोजित नहीं की है। इस पूर्वोत्तर राज्य के 75 साल के चुनावी इतिहास में यह अभूतपूर्व स्थिति है।

व्यक्तिगत स्तर पर प्रचार करने वाले प्रमुख राजनीतिक दलों के नेताओं का एक छोटा वर्ग या स्वयं उम्मीदवार या उनकी पार्टी के नेता सोशल मीडिया का सीमित उपयोग कर रहे हैं। सत्तारूढ़ भाजपा व उसके सहयोगियों और विपक्षी कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन के नेता अपने विचारों, बयानों, टिप्पणियों और आख्यानों को उजागर करने के लिए ज्यादातर पारंपरिक मीडिया - प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक का उपयोग कर रहे हैं। इसके अलावा, महिला निकायों सहित कई नागरिक समाज संगठनों ने चुनाव प्रचार में शामिल होने से परहेज करने की अपील जारी की है। हालांकि पिछले वर्षों में चुनाव के दौरान बड़ी रैलियां, रोड शो, दावतें और नुक्कड़ सभाएं होती देखी गई थीं। राजनीतिक पंडितों का मानना है कि आंतरिक मणिपुर और बाहरी मणिपुर लोकसभा क्षेत्रों के लिए संसदीय चुनाव के दो चरण इस बार ज्यादातर जातीय आधार पर होंगे। मणिपुर इस समय गैर-आदिवासी मैतेई समुदाय के लोगों द्वारा बसाई गई घाटियों और आदिवासियों के कब्जे वाली पहाड़ियों के बीच विभाजित नजर आ रहा है।

मणिपुरी लेखक राजकुमार सत्यजीत सिंह ने कहा, ‘उम्मीद की एक किरण दिखाई दी है कि लोकसभा चुनाव के सफल आयोजन से जातीय संकट कुछ हद तक कम हो जाएगा।’ भाजपा ने आंतरिक मणिपुर लोकसभा सीट के लिए राज्य के शिक्षा मंत्री थौनाओजम बसंत कुमार सिंह को मैदान में उतारा है और आदिवासियों के लिए आरक्षित बाहरी मणिपुर निर्वाचन क्षेत्र में भगवा



पार्टी ने अपने सहयोगी नगा पीपुल्स फ्रंट (एनपीएफ) के उम्मीदवार कचुई टिमोथी जिमिक को समर्थन दिया है, जो सेवानिवृत्त भारतीय राजस्व सेवा अधिकारी। कांग्रेस

- **पूर्वोत्तर राज्य के 75 साल के चुनावी इतिहास में यह अभूतपूर्व स्थिति**
- **नेताओं का एक छोटा वर्ग या स्वयं उम्मीदवार या उनकी पार्टी के नेता सोशल मीडिया का सीमित उपयोग कर रहे**

उम्मीदवार जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के प्रोफेसर अंगोमचा बिमोल अकोइजाम और पूर्व विधायक अल्फ्रेड कन्नगम आर्थर क्रमशः आंतरिक मणिपुर और बाहरी मणिपुर सीटों से चुनाव लड़ रहे हैं। अकोइजाम और आर्थर मणिपुर में 10 पार्टियों के इंडिया गठबंधन के सर्वसम्मत उम्मीदवार हैं।

भाजपा के सात विधायकों, इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम (आईटीएलएफ) और दो प्रमुख आदिवासी संगठन कुकी इंपी मणिपुर (केआईएम) सहित दस आदिवासी विधायक आदिवासियों के लिए अलग प्रशासन की मांग कर रहे हैं। सत्तारूढ़ भाजपा और विभिन्न मैतेई संगठनों के अलावा राज्य और केंद्र सरकारों द्वारा इस मांग को बार-बार खारिज किया गया है। कुकी-ज़ोमी-चिन समुदायों से संबंधित आदिवासियों ने कोई उम्मीदवार खड़ा नहीं किया है। आईटीएलएफ के वरिष्ठ नेता और प्रवक्ता गिन्ज़ा वुअलज़ोंग ने कहा कि अभी तक किसी भी संगठन ने किसी भी उम्मीदवार को समर्थन देने की घोषणा नहीं की है।

वुएलज़ोंग ने बताया, ‘आईटीएलएफ और कुकी इंपी ने केवल यह घोषणा की है कि उनकी ओर से कोई उम्मीदवार नहीं होगा। आदिवासियों ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि किस उम्मीदवार को वोट देना है।’ इंफाल पश्चिम और इंफाल पूर्व, थौबल और बिष्णुपुर जिलों को शामिल करते हुए 32 विधानसभा क्षेत्रों को शामिल करते हुए इनर मणिपुर संसदीय क्षेत्र मणिपुर की दो लोकसभा सीटों में से एक है, जिस पर पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है।

उल्टा पुल्टा

शादी के अगले दिन ही अचानक पति अपनी बीवी को पीटने लगा...
लोगों ने पूछा क्यों मार रहे हो बेचारी को ?
पति ने बोला। इसने मेरी चाय में ताबीज डाला है, मुझे वश में करने के लिए।
मुझे मेरी मां से दूर करना चाहती है।
बीवी रोते हुए गुस्से में बोली, वो ताबीज नहीं टी बैग है।

# शराब घोटाला मामले पर थमने का नाम नहीं ले रही राजनीति

■ आतिशी ने ईडी से फिर पूछे पांच सवाल



शराब कारोबारी रेड्डी से भाजपा को मिले 55 करोड़, ईडी ने क्या जांच की : आतिशी

**नई दिल्ली,** 6 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली में कथित शराब घोटाले पर राजनीति थमने का नाम नहीं ले रही है। आम आदमी पार्टी और भाजपा इस मुद्दे पर आमने-सामने हैं। दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने एक बार फिर ईडी से पांच सवाल पूछकर आरोप पर सवाल उठाया है। वहीं भाजपा ने इस मुद्दे पर आतिशी से पूछा है कि जब आबकारी नीति में अनियमितता नहीं थी तो शराब नीति की सीबीआई जांच के आदेश होते ही इस नीति को सरकार ने क्यों वापस ले लिया।

आतिशी ने शनिवार को ईडी से पांच सवाल किए। आतिशी ने कहा कि साउथ लॉबी के शराब कारोबारी शरथ चंद रेड्डी से भाजपा को 55 करोड़ रुपए मिले हैं। इसके पुख्ता प्रमाण आने के 16 दिन में ईडी ने क्या जांच की है? कितने समन भेजे? कितनी रेड की? कितनी गिरफ्तारियां की? उन्होंने कहा कि मनी ट्रेल की आशंका मात्र पर ईडी ने कई आप नेताओं को गिरफ्तार किया।

आप को आरोपी बनाने की बात की, अब जब 55 करोड़ रुपए की मनी ट्रेल सीधे शराब कारोबारियों से भाजपा को जा रही है तो ईडी भाजपा को आरोपी कब तक बनाएगी। आतिशी ने कहा कि मनी ट्रेल मिलने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को समन कब जाएगा? उनके यहां रेड कब होगी? उनकी गिरफ्तारी कब होगी? उन्होंने कहा कि साउथ लॉबी के शराब कारोबारी मागूंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी और राघव मगुंटा के चुनाव लड़ने के एवज में पैसा भाजपा के एलायंस पार्टनर टीडीपी को गया है? ईडी इसकी जांच कब करेगी। भाजपा के एलायंस पार्टनर टीडीपी से शराब कारोबारी मागूंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी खुद चुनाव लड़ रहे है, क्या ईडी इस चुनाव में हो रहे खर्च की जांच कर रही है?

### यह है वो पांच सवाल

- पिछले 16 दिन में पुख्ता प्रमाण है कि साउथ के शराब कारोबारियों से 55 करोड़ रुपए भारतीय जनता पार्टी को दिए गए। ईडी ने इस पर क्या जांच की। कितने समन भेजे हैं कितनी रेड की है और कितनी गिरफ्तारियां की है।
- जब सिर्फ मनी ट्रेल की आशंका पर आपने 'आप' के कई नेताओं को गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट में कहा कि आप को आरोपित बनाएंगे। जब 55 करोड़ की मनी ट्रेल साउथ के शराब कारोबारियों से भाजपा को जा रही है तो ईडी भाजपा को आरोपित कब तक बनाएगा।
- ईडी ये बताए कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को समन कब जाएगा, उनके यहां रेड कब होगी और उनकी गिरफ्तारी कब होगी।
- क्या ईडी भाजपा की सहयोगी पार्टी की जांच करेगी।
- चुनाव में हो रहे खर्च की ईडी जांच कर रही है।

# आज केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में समर्थक करेंगे सामूहिक उपवास



यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका के अंदर कई जगह भारत के रहने वाले लोग सामूहिक उपवास करेंगे : गोपाल राय

**नई दिल्ली,** 6 अप्रैल (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी की ओर से 'केजरीवाल को आशीर्वाद' अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत 7 अप्रैल को मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में सामूहिक उपवास होगा। दिल्ली सरकार में मंत्री गोपाल राय ने शनिवार को कहा कि भाजपा पार्टी की तानाशाही और एजेंसियों के दुरुपयोग से केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में लोग उपवास करेंगे।

राय ने कहा कि केजरीवाल को आशीर्वाद देने के लिए 7 अप्रैल की सुबह 11 बजे सामूहिक उपवास शुरू हो रहा है। उप्र, महाराष्ट्र, गुजरात, बिहार, राजस्थान, झारखंड, तमिलनाडु, उड़ीसा समेत 25 राज्यों की राजधानी में सामूहिक उपवास का कार्यक्रम शुरू होगा। इसके साथ ही अलग-अलग जिला मुख्यालय पर भी लोग सामूहिक उपवास करेंगे और अरविंद केजरीवाल को आशीर्वाद देंगे।

दिल्ली में सुबह 11 बजे जंतर-मंतर पर सामूहिक उपवास का कार्यक्रम होगा, यहां पर कोई भी बैनर नहीं लगाया जाएगा। यह सामूहिक और खुला मंच होगा कोई भी आकर उपवास रख सकता है। पार्टी के सभी पदाधिकारी नेता समेत सिविल सोसाइटी के पदाधिकारी व लोग भी शामिल होंगे।

गोपाल राय ने कहा कि यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका के अंदर कई जगह भारत के रहने वाले लोग सामूहिक उपवास करेंगे। इसके अलावा कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, लंदन, आयरलैंड, जर्मनी, नॉर्वे में जगह-जगह भारतीय मूल के लोग केजरीवाल के लिए सामूहिक उपवास करेंगे और उन्हें आशीर्वाद देंगे। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक उपवास करने वाले लोग व्हाट्सएप नंबर 7290037700 पर फोटो और डिटेल व्हाट्सएप कर सकते हैं।

इसके साथ ही केजरीवाल को आशीर्वाद डॉट कॉम पर भी फोटो और डिटेल अपलोड कर सकते हैं। अंत में गोपाल राय ने कहा कि 23 ऐसे लोगों को भाजपा में शामिल कर संरक्षण दिया गया, जिनके ऊपर ईडी, सीबीआई ने केस दर्ज किया था। एक तरफ सभी भ्रष्टाचारियों को पार्टी में शामिल करने में भाजपा लगी हुई है।

## सार संक्षेप

### यौन उत्पीड़न मामले के आरोपी प्रोफेसर के निलंबन को मंजूरी

**नई दिल्ली।** डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में सामने आए यौन उत्पीड़न मामले के आरोपी सहायक प्रोफेसर को निलंबित किया जाएगा। उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के लिए दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने शनिवार को मंजूरी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के मामलों में अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का अधिकार केवल राष्ट्रीय राजधानी सिविल सेवा प्राधिकरण (एनसीसीएसए) के पास होता है। लेकिन छात्राओं की सुरक्षा, एनसीसीएसए के अध्यक्ष व मुख्यमंत्री के न्यायिक हिरासत में होने की घटना को देखते हुए एलजी ने मामले के आरोपी सहायक प्रोफेसर डॉ. सलीम शेख के निलंबन को मंजूरी दे दी है। एलजी ने फाइल में लिखा है कि अनुशासनात्मक कार्रवाई पर निर्णय एनसीसीएसए द्वारा लिया जाना चाहिए और एनसीसीएसए की उचित अनुशंसा के साथ विभाग को प्रस्ताव फिर से प्रस्तुत करना चाहिए।

### अमानतुल्ला खान के खिलाफ ईडी पहुंची कोर्ट

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली वक्फ बोर्ड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में समन का पालन न करने पर आम आदमी पार्टी (आप) विधायक अमानतुल्ला खान के खिलाफ राऊज एवेन्यू कोर्ट में शिकायत दर्ज की है। अदालत इस पर शनिवार को सुनवाई कर सकती है। 11 मार्च को दिल्ली हाई कोर्ट ने इस मामले में आप विधायक अमानतुल्ला खान को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया था। ईडी ने दिल्ली वक्फ बोर्ड के लिए कर्मचारियों की भर्ती में कथित अनियमितताओं से जुड़े मामले में अमानतुल्ला खान के खिलाफ कई समन जारी किए थे, लेकिन वो पेश नहीं हुए। ये भी आरोप है कि दिल्ली वक़्फ़ बोर्ड के चेयरमैन के रूप में उनकी नियुक्ति अवैध तरीके से की गई। आरोप है कि वक्फ बोर्ड के चेयरमैन रहते उन्होंने 32 लोगों की अवैध तरीके से भर्तियां करवाई। ईडी ने मामले में जीशान हैदर, उनकी पार्टनरशिप फर्म स्काईपावर, जावेद इमाम सिद्दीकी, दाऊद नासिर और कौसर इमाम सिद्दीकी के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है।

### प्रदेश भाजपा ने मनाया पार्टी का 45वां स्थापना दिवस

**नई दिल्ली।** भाजपा आज अपना 45 वां स्थापना दिवस मना रही है। दिल्ली भाजपा प्रदेश कार्यालय में 45 वें स्थापना दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया। दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पार्टी का झंडा फहराया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान नई दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से भाजपा की प्रत्याशी बांसुरी स्वराज, प्रदेश उपाध्यक्ष विक्रम मित्तल, मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर समेत पार्टी के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। वीरेंद्र सचदेवा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर बधाई दी है।

### एनडीसीसी ने शिकायत निवारण सुविधा शिविर का आयोजन किया

**नई दिल्ली।** नगरपालिका परिष ने अपने क्षेत्र के निवासियों और सेवा उपयोगकर्ताओं को सूचना, सुविधा और शिकायत निवारण प्रदान करने के लिए एनडीसीसी कन्वेन्शन सेंटर, जयसिंह रोड, नई दिल्ली में एक सुविधा शिविर का आयोजन किया। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के संबंधित अधिकारियों ने शिविर में जनता से 60 शिकायतें प्राप्त की। निवासियों की अधिकांश शिकायतें कार्मिक, सिविल इंजीनियरिंग, बागवानी, सार्वजनिक स्वास्थ्य, प्रवर्तन, वाणिज्यिक, कर और संपदा विभागों से संबंधित हैं।

# नगर निगम द्वारा 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' पर डेंगू जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

■ बैठक में नागरिकों के स्वास्थ्य अधिकार व दायित्वों पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली,** 6 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम ने आज मॉडर्न स्कूल वसंत विहार में 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' के उपलक्ष्य में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। दिल्ली नगर निगम दक्षिणी क्षेत्र के जन स्वास्थ्य द्वारा 'मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार' की थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में साउथ जोन के विभिन्न निजी स्कूलों के 108 शिक्षकों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को स्कूलों के अंदर व आसपास डेंगू और अन्य वेक्टर जनित बीमारियों (वीबीडी) की रोकथाम और नियंत्रण से संबंधित मुद्दों के बारे में जानकारी दी गई।

बैठक के दौरान मच्छरों के खिलाफ व्यक्तिगत सुरक्षा उपायों और डेंगू और अन्य वीबीडी की रोकथाम और नियंत्रण के लिए संदेशों के प्रसार में छात्रों को कैसे शामिल किया जाए, से संबंधित प्रश्नों पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस अवसर पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी और एमसीडी सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रतिभागियों को संबोधित किया।

बैठक के दौरान प्रतिभागियों ने निजी स्कूलों के छात्रों के बीच 'डेंगू होम वर्क कार्ड' का उपयोग करने में रुचि दिखाई है, क्योंकि पिछले कई वर्षों से नगरपालिका स्कूलों में इसका अभ्यास किया जा रहा है।

मच्छरों की विभिन्न प्रजातियों के लार्वा का प्रदर्शन किया गया और प्रतिभागियों को मच्छरों के प्रजनन की रोकथाम और नियंत्रण के मुद्दों पर जागरूक किया गया। इस अवसर पर नागरिकों के स्वास्थ्य अधिकार एवं दायित्वों पर भी चर्चा की गई। विश्व स्वास्थ्य दिवस एक वैश्विक स्वास्थ्य जागरूकता दिवस है ।

# शारीरिक संबंधों के लिए सहमति शादी के झूठे वादे के सबूत के बिना गलत नहीं : हाईकोर्ट




**नई दिल्ली,** 6 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि जब कोई महिला शारीरिक संबंध बनाने का सोच-विचारकर निर्णय लेती है, तो जब तक कि शादी के झूठे वादे का स्पष्ट सबूत न हो, सहमति को धोखे से हासिल किया गया नहीं माना जा सकता।

न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता ने एक व्यक्ति के खिलाफ बलात्कार के मामले को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की, क्योंकि मामला उन पक्षों के बीच सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा लिया गया था। दोनों ने अब शादी कर ली है। अदालत ने कहा कि जब एक महिला परिणामों को पूरी तरह से समझते हुए जानबूझकर शारीरिक संबंध बनाने का विकल्प चुनती है, तो उसकी सहमति को तब तक धोखे से हासिल किया गया नहीं माना जा सकता, जब तक कि उसे पूरा करने की मंशा के बिना शादी के झूठे वादे का सबूत न हो। यह वादा सीधे तौर पर महिला के यौन गतिविधियों में शामिल होने के निर्णय से संबंधित होना चाहिए। यह मामला तब शुरू हुआ जब एक महिला ने एक व्यक्ति के खिलाफ बलात्कार की शिकायत दर्ज कराई। उसने आरोप लगाया कि उसने शादी के बहाने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए, लेकिन बाद में पारिवारिक दबाव का हवाला देते हुए शादी के अपने वादे से मुकर गया।

इसके बाद, अदालत को सूचित किया गया कि जोड़े ने अपने मतभेद सुलझा लिए हैं और कानूनी रूप से शादी कर ली है। महिला ने अपने मौजूदा वैवाहिक रिश्ते पर खुशी व्यक्त की और अपनी एफआईआर वापस ले ली। उसने स्वीकार किया कि आरोपी की शादी के प्रति अनिच्छा पारिवारिक दबाव के कारण थी, न कि अविश्वास या धोखे के कारण। अदालत ने जांच के दौरान आरोपी द्वारा स्वैच्छिक विवाह पर गौर किया, जिससे संकेत मिलता है कि प्रारंभिक वादा दुर्भावनापूर्ण इरादे से नहीं किया गया था।

# हिंदू विभाग की ईशा अवाना होंगी डूसू की पहली अध्यक्ष



■ किरोड़ीमल कॉलेज से प्रीति सिंह नैन आखिरी दिन डूसू अध्यक्ष बनेंगी

**नई दिल्ली,** 6 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) ने नवरात्रि में अध्यक्ष बनाई जाने वाली 10 छात्राओं के नाम डिक्लेयर कर दिए हैं। डीयू के हिंदू विभाग की ईशा अवाना नौ अप्रैल से शुरू हो रहीं नवरात्रि की पहली अध्यक्ष होंगी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के नेतृत्व वाले डीयू छात्र संघ ने शुक्रवार को उन छात्रों के नाम डिक्लेयर किए, जो एक दिन के लिए डूसू अध्यक्ष के रूप में काम करेंगी। डूसू अध्यक्ष तुषार डेढ़ा की ओर से जारी एक आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार रामजस कालेज की अक्षिता जौहर डूसू की दूसरी अध्यक्ष होंगी।

इसके बाद स्वामी श्रद्धानंद कालेज की सोफिया, दौलत राम की अंशिता चौहान, वेंकटेश्वर कालेज की दीक्षा लिंगायत, सेंटर आफ हिंदू स्टडीज की अंकिता आनंद, सत्यवती कॉलेज की साक्षी पटेल, श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज की श्यामा अरुणभाई त्रिवेदी, हंसराज कालेज की जैनब निगार और किरोड़ीमल कॉलेज से प्रीति सिंह नैन आखिरी दिन डूसू अध्यक्ष बनेंगी।

### 5 हजार से ज्यादा छात्राओं ने लिया था हिस्सा

डूसू की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की भूमिका, विषय पर एक निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इसमें 5234 छात्राओं ने हिस्सा लिया था। इनमें से 10 विजेताओं का चयन किया गया है, जिन्हें डूसू अध्यक्ष बनने का मौका दिया जा रहा है। तुषार डेढ़ा ने बताया कि चयनित छात्रों के पास अध्यक्ष की सभी शक्तियां होंगी और उन्हें पद पर रहते हुए छात्रों से संबंधित निर्णय लेने की अनुमति दी जाएगी।

### महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ावा देने के लिए पहल

डीयू की दस छात्राएं नवरात्रि के पहले दिन से एक-एक दिन के लिए डूसू अध्यक्ष के रूप में काम करेंगी। छात्र राजनीति में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ावा देने के लिए यह पहल किया गया है। इसके लिए विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की भूमिका, विषय पर एक लेख लिखने के लिए एक प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। बता दें कांग्रेस महिला मोर्चा की अध्यक्ष अलका लांबा, भाजपा प्रवक्ता नूपुर शर्मा, एआईसीसी सचिव अमृता धवन और कांग्रेस प्रवक्ता रागिनी नायक पूर्व महिला डूसू अध्यक्ष रह चुकी हैं।



■ लाल किला पर धूप से बचने के लिए छाता का इस्तेमाल करते पर्यटक। फोटो इम्तियाज खान

# मिथिला रामायण पेंटिंग प्रदर्शनी का अनावरण

■ रामायण को चित्रित करने वाली 100 कलाकृतियों का दुर्लभ संग्रह



**नई दिल्ली,** 6 अप्रैल (देशबन्धु)। ललित कला अकादमी, मधुबनी कला केंद्र के सहयोग से बहुप्रतीक्षित मिथिला रामायण पेंटिंग प्रदर्शनी के उद्घाटन की घोषणा करते हुए रोमांचित है, जिसमें संयुक्त सचिव, संस्कृति मंत्रालय की लिली पांडेया की गरिमामयी उपस्थिति के बीच, रामायण पर 100 दुर्लभ चित्रों का एक शानदार संग्रह के अनावरण हुआ।

ललित कला अकादमी, रवीन्द्र भवन में गैलरी 2 और 3 में आयोजित यह छह दिवसीय प्रदर्शनी मिथिला पेंटिंग कई पद्मश्री पुरस्कार विजेता महिला कलाकारों की अनुकरणीय प्रतिभा को प्रदर्शित करती है।

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कलाकार और मधुबनी कला केंद्र की संस्थापक मनीषा झा ने पद्मश्री जगदंबा देवी, पद्मश्री सीता देवी, पद्मश्री गोदावरी दत्ता, पद्मश्री दुलारी देवी सहित 37 महिला कलाकारों द्वारा दो दशकों की अवधि में रामायण के इन 100 दुर्लभ चित्रों का संकलन किया गया है।, पद्मश्री बउआ देवी, बिमला दत्ता, शशिकला देवी, उर्मीला देवी पासवान, चंद्रकला देवी सहित अन्य और दो दशकों की अवधि में कई अन्य युवा कलाकार भी शामिल हुए।

मुझे खुशी है कि मनीषा ने मिथिला पेंटिंग पर इस प्रदर्शनी का आयोजन किया है। मैं सम्मानित महसूस कर रही हूं कि मुझे मिथिला परंपरा के ऐसे प्रसिद्ध चित्रकारों से मिलने का मौका मिला। ये पेंटिंग हमारे दैनिक जीवन की अभिव्यक्तियों को दर्शाती हैं और यही मिथिला कला की सुंदरता है। मैं सभी चित्रकारों को उनकी असाधारण प्रस्तुतियों के लिए बधाई देती हूं और लोगों से हमारे देश की इन पारंपरिक कलाओं की सराहना करने के लिए बड़ी संख्या में आने का आग्रह करता हूं, संस्कृति मंत्रालय की संयुक्त सचिव लिली पांडेया ने कहा।

मिथिला की समृद्ध लोक-कला परंपराओं को बढ़ाने और जीवित रखने के लिए, वर्तमान में नेपाल में, जागरूकता पैदा करने और आर्थिक आजीविका के लिए बेहतरीन कला कार्यों के लिए मनोरम प्रस्तुति का आयोजन किया जाएगा। मिथिला पेंटिंग की पौराणिक उत्पत्ति को बाल कांडा में पाया जा सकता है। महाकाव्य रामायण, जहां राजा जनक ने राजकुमारी सीता के विवाह के दौरान अपने नागरिकों को सभी दीवारों को चित्रों से सजाने का आदेश दिया था। हम अपनी प्रतिभाशाली महिला कलाकारों की कलात्मक विरासत का जश्न मनाते हुए मिथिला रामायण चित्रों के इस असाधारण संग्रह को प्रस्तुत करने के लिए सम्मानित महसूस कर रहे हैं। यहां हमने मिथिला परंपरा के छात्र चित्रकारों के लिए हमारी पहली मिथिला चित्रकार जगदंबा देवी की कलाकृति प्रस्तुत की है। ये पेंटिंग्स की यात्रा हैं महिलाओं द्वारा संरक्षित और महिलाओं द्वारा अभ्यास यह पारंपरिक कला रूपों को संरक्षित करने और बढ़ावा देने में महिला कलाकारों की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करता है, साथ ही रचनात्मकता और नवीनता की सीमाओं को आगे बढ़ाता है।

# देश तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर : अश्विनी वैष्णव



■ विकसित भारत एंबेसडर कार्यक्रम आयोजित

**नई दिल्ली,** 6 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्रीय रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को पिछले 10 वर्षों में भारत की विकास यात्रा के बारे में बताया। उन्होंने इसके साथ ही यह भी बताया कि कैसे देश में तेजी से विकास हुआ। उन्होंने वह सभी चीजें बताई, जिसकी वजह से पीएम नरेंद्र मोदी के शासनकाल में देश तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर हुआ। जबकि, कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) के समय में यह सभी चीजें मिसिंग थीं।

राजधानी दिल्ली में 'विकसित भारत एंबेसडर कार्यक्रम' को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत दुनिया की चरमराती पांच अर्थव्यवस्था वाले देश की श्रेणी से शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं वाले देश की श्रेणी में पहुंच गया है, अब एक और मील के पत्थर की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सावधानीपूर्वक तैयार की गई योजना और इसके कार्यान्वयन को दिया। उन्होंने कहा कि यह सब परिवर्तन ऑटोमैटिक तरीके से नहीं हुआ। इस बदलाव को लाने के लिए बहुत प्रयास किए गए, योजना बनाई गई और इसका कार्यान्वयन किया गया। अगर यह बदलाव अपने आप होना होता तो यह 1970 और 1980 के दशक में हो गया होता।

केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि इस विकास को मुख्य रूप से चार स्तंभों, जिसमें सामाजिक और भौतिक क्षेत्रों में सार्वजनिक निवेश, समावेशी विकास, लक्ष्यों का सरलीकरण और विनिर्माण प्रोत्साहन है, ने प्रेरित किया है।

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "

हमें वोट डालने का अधिकार है। इसका हमें उपयोग करना चाहिए। मतदान के प्रतिशत को बढ़ाना भी हमारी एक बड़ी जिम्मेदारी है। जिससे लोकतंत्र को और मजबूत बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि फोनरवा द्वारा सभी सेक्टर में नागरिकों को जागरूक करने के लिए बैनर लगाए जाएंगे और जिस सेक्टर में सबसे अधिक मतदान होगा उस सेक्टर की आरडब्ल्यूए को पुरस्कृत किया जाएगा।

**योगेंद्र शर्मा, फोनरवा अध्यक्ष**

## अनाथालय में लगी आग, 16 बच्चों व 3 केयरटेकर को बाहर निकाला





**30 मिनट में आग पर पाया काबू**

**नोएडा,** 6 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा के सेक्टर-26 स्थिति एक अनाथालय में आग लग गई। ये आग सी-21 इमारत के बेसमेंट में लगी। जिसे अनाथालय वालों ने स्टोर रूम बना रखा था। आग करीब रात 2 बजकर 21 मिनट पर लगी। जिस समय आग लगी अनाथालय में 16 बच्चे और 3 केयरटेकर मौजूद थे। बच्चों की उम्र महज 4 से 12 साल है। दमकल विभाग को सूचना दी गई। मौके पर दमकल की दो गाड़ी पहुंची। उन्होंने बिना रुके पहले बच्चों और केयरटेकर को बाहर निकला इसके बाद करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

गौतमबुद्ध नगर सीएफओ प्रदीप कुमार ने बताया कि ये आग रामकृष्ण विवेकानंद मिशन ट्रस्ट के अनाथालय में लगी थी। हम यहां दो गाड़ियों के साथ पहुंचे। आग जी+1 बिल्डिंग के निचले तल के स्टोर में लगी थी। हमारी टीम ने यहां पहुंचकर आग की स्थिति की जानकारी ली। हमें बताया गया कि बिल्डिंग में 19 लोग हैं। हमने सबसे पहले उन्हें बाहर निकाला। सीएफओ ने बताया कि 16 बच्चे चार साल से 12 साल उम्र के थे। सभी बच्चे सुरक्षित बाहर निकाले गए। इनके अलावा तीन केयरटेकर को भी सुरक्षित बाहर निकाला गया।

हमने हेड काउंट किया है। कोई जनहानि नहीं हुई है। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है। प्राथमिक जांच में सामने आया कि आग कीर वजह शॉट सर्किट हो सकती है। फिलाहर पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है। गनीमत रही कि आग ऊपरी तल पर पहुंचने से पहले ही सभी को बाहर निकाल लिया गया और आग को आगे बढ़ने से पहले ही रोक दिया गया।

## ऑडियो वायरल मामले में मुकदमा दर्ज करने की मांग

- **बीकेयू (भानु) के पूर्व पदाधिकारियों ने की प्रेस वार्ता**
- **ऑडियो में सीएम को दी गई थी गालियां**



**नोएडा,** 6 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा में किसान नेता ठाकुर भानु प्रताप सिंह के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है। दरअसल, ठाकुर भानु प्रताप सिंह के द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को गाली देने का ऑडियो खूब वायरल हो रहा हैं। एफआईआर कराने के लिए बतौर भारतीय किसान यूनियन (भानु) के पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री और पूर्व राष्ट्रीय संयोजक देवेंद्र सिंह त्यागी ने एक प्रेस वार्ता की।

भारतीय किसान यूनियन (भानू) के पूर्व राष्ट्रीय संयोजक देवेंद्र कुमार त्यागी ने बताया कि उन्होंने यूनियन के पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री चौधरी महेंद्र सिंह के साथ दिल्ली जाकर 27 मार्च को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा का समर्थन करने के लिए पत्र दिया था। इस बात की जानकारी मिलने पर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह नाराज हो गए।

उन्होंने आगे बताया कि 1 अप्रैल को वह अपने साथियों के साथ ग्रेटर नोएडा स्थित जीएल बजाज कॉलेज में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभा में हिस्सा लेने के लिए भी पहुंचे थे। इस दौरान ठाकुर भानु प्रताप ने उन्हें फोन कॉल की और वार्तालाप के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व भाजपा को गंदी गाली देकर अभद्र शब्दों का प्रयोग किया। भारतीय जनता पार्टी को समर्थन दिए जाने पर उन्हें ठाकुर भानु प्रताप सिंह द्वारा धमकाया गया।देवेंद्र त्यागी के मुताबिक यूनियन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री राष्ट्रीय प्रचार मंत्री द्वारा भी उन्हें व्हाट्सएप पर जान से मारने की धमकी दी गई है। उन्होंने कहा कि वह भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर ही भाजपा को अपना समर्थन दे रहे हैं। भाकियू भानु के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा फोन पर गाली गलौज व अभद्र व्यवहार करने के आरोप में उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराए जाने के लिए शिकायती पत्र दिया गया है। गाली दिए जाने की वायरल ऑडियो की भी उन्होंने निष्पक्ष जांच कराये जाने की मांग की है।

## सार संक्षेप

### मोबाइल चोरी कर खाते से निकाली रकम

**नोएडा।** बहलोलपुर स्थित एक घर से चोरों ने तीन मोबाइल चोरी कर लिया और खाते से दो बार में 13 हजार रुपये निकाल लिए। घटना की जानकारी होने के बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत सेक्टर-63 पुलिस से की। शिकायत में बहलोलपुर निवासी अमित कुमार ने बताया कि बीते दिनों रात दो से तीन बजे के करीब उसके घर से चोर तीन मोबाइल और 25 हजार की नकदी चोरी कर फरार हो गए। चोरी करने वाले व्यक्ति ने वारदात के अगले ही दिन सुबह चार बजकर 11 मिनट पर पांच हजार 50 रुपये और दस बजकर दो मिनट पर आठ हजार 80 रुपए निकाल लिया। रकम फोनपे के माध्यम से ट्रांसफर की गई। अमित ने जब दूसरा मोबाइल लेकर उसमें सिम लगाया तो पता चला कि फोन-पे के माध्यम से उसके खाते से रकम निकली है। सीसीटीवी फुटेज में सामने आया है कि आरोपी बाइक से आए थे।

### फ्रेंडली क्रिकेट मैच में राइजर्स ने अटैकर्स की टीम को हराया

**नोएडा।** सेक्टर 62 स्थित आईएमएस नोएडा में फ्रेंडली क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ। शुक्रवार को खेले गए एक दीवसिय मुकाबले में आईएमएस के राइजर्स टीम ने अटैकर्स की टीम को 3 विकेट से हराकर मैच अपने नाम किया। अटैकर्स के कप्तान भूपेन्द्र कुमार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। जिसमें निर्धारित 15 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर अटैकर्स ने मात्र 54 रन ही बनाए। वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए राइजर्स के कप्तान प्रोफेसर सूर्यदेव सिंह ने बल्लेबाज की शुरुआत की। जिसमें टीम ने 3 विकेट से मैच जीत कर फ्रेंडली क्रिकेट मैच अपने नाम किया। राइजर्स की टीम से प्रोफेसर संतोष सति ने 2 चौके एवं 2 छक्के की मदद से सर्वाधिक 20 रन की पारी खेली। आज के एकदिवसीय मुकाबले में राइजर्स की टीम से बीबीए के विभागाध्यक्ष डॉ. जितिन गंभीर ने 4 विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच का खिताब अपने नाम किया। आईएमएस की स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर रीना मैसी ने बताया कि आईएमएस द्वारा आयोजित फ्रेंडली क्रिकेट मैच में संस्थान के सभी विभागों के फैकल्टी एवं स्टाफ ने हिस्सा लिया। संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान आईएमएस के महानिदेशक प्रो. (डॉ.) विकास धवन के साथ सभी स्टाफ एवं फैकल्टी मौजूद रहे।

### अवैध तमंचा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जेवर।** कोतवाली पुलिस ने गस्त के दौरान शुक्रवार को एक आरोपित को अवैध तमंचा के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह चौहान ने बताया कि संदिग्ध व आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को उपनिरीक्षक संसार सिंह मय पुलिसबल के गस्त कर रहे थे। उसी दौरान कानीगढ़ी रोड पर स्थित सरकारी अस्पताल के समीप एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपित से एक अवैध तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपित की पहचान जेवर के मोहल्ला मानक चौक के शहजाद के रूप में हुई।

## अधिक मतदान वाले सेक्टर होंगे पुरस्कृत : योगेंद्र शर्मा



**फोनरवा ने पदाधिकारियों के साथ की बैठक**

**नोएडा,** 6 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए फेडरेशन ऑफ् नोएडा रेसिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (फोनरवा) कि बैठक हुई जिसमें मतदान बढ़ाने के विषय पर चर्चा हुई। फोनरवा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा ने कहा कि हमें वोट डालने का अधिकार है। इसका हमें उपयोग करना चाहिए। मतदान के प्रतिशत को बढ़ाना भी हमारी एक बड़ी जिम्मेदारी है। जिससे लोकतंत्र को और मजबूत बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि फोनरवा द्वारा सभी सेक्टर में नागरिकों को जागरूक करने के लिए बैनर लगाए जाएंगे और जिस सेक्टर में सबसे अधिक मतदान होगा उस सेक्टर की आरडब्ल्यूए को पुरस्कृत किया जाएगा। महासचिव के के जैन ने कहा कि इस अभियान के दौरान मतदाताओं को उत्साहित करने और जागरूकता फैलाने के साथ-साथ फोनरवा व आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों के द्वारा नागरिकों को लोकसभा चुनाव की लोकतांत्रिक यात्रा में सक्रिय भागीदार होने के लिए जिम्मेदारी और गर्व की भावना को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित भी किया जाएगा। इसके साथ साथ आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों द्वारा अपने निवासियों से व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर मतदान के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही वाट्सएप,ट्विटर व फेसबुक पर संदेश भेजकर भी लोगों अपने मतों का प्रयोग करने का निवेदन किया जाएगा।

## राजस्व परिषद के अध्यक्ष ने देखे किसानों से संबंधित दस्तावेज

**नोएडा ग्रेटर नोएडा के अधिकारियों के साथ की बैठक**

**नोएडा,** 6 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा और ग्रेटर नोएडा के आंदोलनरत किसानों की समस्याओं को सुलझाने के लिए मुख्यमंत्री के आदेश पर उत्तर प्रदेश के राजस्व परिषद के अध्यक्ष रजनीश दुबे की अध्यक्षता में शनिवार को नोएडा प्राधिकरण में बैठक हुई। बैठक में नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने किसानों की मांगों से अवगत कराया। उनको बताया गया कि 2019 से कई बार बोर्ड में प्रस्ताव को लाया गया वहां से अनुमोदन के बाद शासन को भेजा गया। इस मामले में कोर्ट केस के बारे में जानकारी दी गई। दरअसल ये मामला कई हजार करोड़ रुपए के राजस्व ये जुड़ा है। इसलिए आज की बैठक में सिर्फ दस्तावेजों को देखा गया। राजस्व परिषद के अध्यक्ष के साथ ये किसान मुद्दे पर ये पहली बैठक थी। फाइलों को देखने के बाद जल्द ही दूसरी बैठक की जाएगी। अगली बैठक में किसान नेताओं को बुलाया जा सकता है। ताकि उनसे बातचीत करके आगे की रणनीति बनाई जा सके। बता दे हाईपावर कमेटी बनने के तीन महीने के अंदर रिपोर्ट सीएम को देनी है। बता दे गौतमबुद्ध नगर में नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण और ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में किसान अपनी समस्याओं को लेकर लगातार तीन महीनों तक प्रदर्शन किया था। इसके बाद किसानों दिल्ली कूच का ऐलान किया था।

शासन की तरफ से मांगों पर चर्चा करने के लिए एक हाइ पावर कमेटी बनाई गई। इसकी एक बैठक पहले हो चुकी है। हालांकि उस बैठक में राजस्व परिषद के अध्यक्ष नहीं थे। वो बैठक डीएम की अध्यक्षता में हुई थी। जिसमें एनटीपीसी से प्रभावित किसानों पर चर्चा की गई थी।

## स्वास्थ्य विभाग के कारनामों की वजह से फिर गई एक मासूम की जान



- **बिना डॉक्टरों के चल रहे सैकड़ों निजी अस्पताल**

**बुलंदशहर,** 6 अप्रैल (देशबन्धु)। फर्जी अस्पतालों और पैथोलॉजी लैबों पर लगाम कसने और इनपर कार्रवाई के लिए जिम्मेदार स्वास्थ्य विभाग की करतूतों का अंदाजा सिर्फ इसी बात से लगाया जा सकता है कि जिलेभर में सैकड़ों की तादात में बिना पंजीकरण के ही निजी अस्पताल और लैब संचालित हो रहे हैं, और ये फर्जी अस्पताल और लैब मरीजों को नोट छापने की मशीन के अलावा कुछ भी नहीं समझते हैं। वहीं दूसरी तरफ स्वास्थ्य विभाग के भ्रष्ट अफसरों की लापरवाही और करतूतों का खामियाजा भोले भाले मरीजों को अपनी जेब ढीली करने से लेकर जान तक का जोखिम उठाकर भुगतना पड़ता है। इतना ही नहीं इन फर्जी अस्पतालों और पैथोलॉजी लैबों के खिलाफ आनी वाली शिकायतों पर भी विभाग कोई सख्त एक्शन लिए ही कथित फर्जी अस्पतालों और पैथोलॉजी लैबों के आरोपी संचालकों से 'चाय पानी' लेकर उनको गरीब और भोले भाले मरीजों के जेब और जान दोनों से खिलवाड़ करने की खुली छूट दे दी जाती है। ऐसा ही एक ताजा वाक्या जिले के डिबाई कस्बे में भीमपुर दोराहे के पास संचालित हो रहे एपेक्स हेल्थकेयर का है, जहां बिना किसी प्रशिक्षित एमबीबीएस डॉक्टर के ही नवजात बच्चों का ईलाज किया जा रहा था।और बताया जा रहा है कि बीते शुक्रवार देरशाम गलत उपचार के चलते एपेक्स हेल्थकेयर में भर्ती एक नवजात बच्चे की मौत हो गई और परिजनों के हंगामे के बाद पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की कान पर जूं रेंगी और अस्पताल सील कर दिया गया स्वास्थ्य मामले जांच कर कार्रवाई करने की बात कह रहे हैं, लेकिन एक सवाल यहां फिर भी उठ रहा है कि क्या किसी मरीज की मौत के बाद ही विभाग अपनी कुंभकर्णी नींद से जागता है। ये एक सोचने वाला गंभीर विषय है कि आखिर कब तक स्वास्थ्य विभाग के अफसरों की अनदेखी और लापरवाही का खामियाजा भोले भाले मरीजों को अपनी जान तक गंवाकर चुकाना पड़ेगा।


## परिवार की तालिबानी सोच के खिलाफ बहनों ने उठाई आवाज

**नोएडा,** 6 अप्रैल (देशबन्धु)। 80 प्रतिशत साक्षरता वाले गौतमबुद्ध नगर में एक बार फिर तालिबानी सोच का मामला सामने आया है।

- **पढ़ने से रोकने वाले दादा और चाचा समेत तीन के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा**
- **युवती ने पिता को जान से मारने की धमकी देकर दवाब बनाने का लगाया आरोप**

लड़कियों की पढ़ाई का विरोध करने वाले दादा और चाचा ने लड़कियों के पिता को जान से मारने की धमकी दे डाली। यह बात जब लड़कियों को हुई तो उन्होंने दादा और चाचा समेत तीन लोगों के खिलाफ कोतवाली सेक्टर-39 में मुकदमा दर्ज कराया है। गांव सलारपुर की शबनम सैफी ने दर्ज कराई एफआईआर में बताया कि वह एलएलबी चतुर्थ सेमेस्टर की पढ़ाई कर रही हैं। वह तीन बहन और तीन भाई हैं। शबनम सबसे बड़ी हैं। छोटी बहन सीबीडी की पढ़ाई कर रही है। सबसे छोटी बहन अधिवक्ता है। सबसे छोटे तीन भाई भी पढ़ाई कर रही हैं। आरोप है कि दादा हाजी यासीन और चाचा शाहिद आए दिन अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं और तीनों बहनों को पढ़ाई करने का विरोध करते हैं। 27 मार्च को शबनम अपने भाई के साथ बैंक गई थीं। वहां दादा और चाचा भी मौजूद थे। आरोप है कि 28 मार्च की सुबह जब पिता मार्निंग वाक से आकर दुकान पर बैठे तो दादा, चाचा और गांव के ही मम्मूर उर्फ इलयास ने गाली-गलौज शुरू कर दी। यही नहीं आरोपितों ने जान से मारने की धमकी दी। कहा कि वह अपनी बेटियों को क्यों पढ़ा रहा है। इससे उनकी बदनामी हो रही है। जल्दी से सभी की शादी कर दे। बदनामी के चलते घर से निकलना भी दुश्वार हो गया है। पीड़िता का कहना है कि ये लोग पिछले कई वर्षों से उन्हें परेशान कर रहे हैं। छोटी बहन के खिलाफ भी बार में शिकायत करते रहते हैं। पीड़िता ने आरोपितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## आचार संहिता लागू होने के बाद चाकू व तमंचे के साथ गिरफ्तार हुए 52 बदमाश



- **26 बदमाशों के खिलाफ हुई गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई**
- **661 लीटर अवैध शराब के साथ दबोचे गए 64 तस्कर**

**नोएडा,** 6 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव को देखते हुए जैसे ही आचार संहिता लागू हुई नोएडा पुलिस ने बदमाशों पर कार्रवाई तेज कर दी। अपराधियों को दबोचकर सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है। हिस्ट्रीशीटरों पर गहन निगरानी रखी जा रही है और चिन्हित बदमाशों की हर गतिविधि की जानकारी पुलिस की टीमें जुटा रही हैं। डीसीपी नोएडा विद्यासागर मिश्रा ने बताया कि आचार संहिता लागू होने के बाद 16 मार्च से छह अप्रैल तक नोएडा जोन में 52 बदमाशों को तमंचे और चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया है। 26 बदमाशों के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। 148 व्यक्तियों को छह महीने के लिए पाबंद किया गया है।

63 प्रकरणों में 64 तस्करों को शराब और बियर के साथ दबोचा गया है। इनके कब्जे से 661 लीटर शराब बरामद हुई है। 17 मामलों में कुल 19 तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस के तहत कार्रवाई हुई है। इनके पास से भारी मात्रा में मादक पदार्थों की बरामदगी हुई है। चार मामले में 18 अभ्यस्त अपराधियों के खिलाफ अवैध क्रियाकलाप पाए जाने पर उनके खिलाफ गैंगस्टर अधिनियम के तहत कार्रवाई हुई है। साथ ही 522 चालानी रिपोर्ट में आठ हजार 188 लोगों को पाबंद किया गया है।

134 मामलों में 210 आरोपियों के खिलाफ धारा 151 के तहत कार्रवाई हुई है। इसके अलावा चुनाव में पैसा और बाहुबल का प्रयोग न होने पाए इसके लिए भी कमिश्नरेट पुलिस की ओर से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। 50 हजार रुपए से अधिक कैश लेकर चलने वालों पर शिकंजा कसा जा रहा है। सेक्टर-126 थानाक्षेत्र में पुलिस ने एक कार से ढाई लाख रुपए की रकम बरामद कर उसे सील कर दिया है।

संबंधित विभागों को भी इसकी जानकारी दे दी गई है। कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर को आवंटित अर्धसैनिक बल के माध्यम से एरिया डोमिनेशन की कार्रवाई भी प्रतिदिन हो रही है। इसके अलावा चयनित 146 हिस्ट्रीशीटरों पर पुलिस की नजर है। इनकी पुलिस गहन निगरानी रख रही है। जनपद की सीमा में प्रवेश करने वाले सभी संदिग्ध वाहनों की चेकिंग हो रही है। संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के लिए जनपद के तीनों जोन में पुलिस की दस टीमें बनाई गई हैं।

## प्रमुख सचिव, नगर विकास अमृत अभिजात द्वारा टीएसटीपी प्लांट को लेकर की गई समीक्षा बैठक

### नगर आयुक्त ने पेश की चल रहे कार्यों की रिपोर्ट



**परियोजना के विस्तार पर हुई गहन चर्चा, बढ़ाया जा सकता है कार्य क्षेत्र : नगर आयुक्त**

**गाजियाबाद,** 6 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रमुख सचिव नगर विकास उत्तर प्रदेश अमृत अभिजात द्वारा ग्रीन म्युनिसिपल बॉंड के प्रोजेक्ट को लेकर अधिकारियों से समीक्षा बैठक की गई बैठक में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा टीएसटीपी के चल रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दी तथा वबैग द्वारा कार्य की रफ्तार को बढ़ाने की निर्देश भी दिए गए, बैठक में गाजियाबाद नगर निगम के महाप्रबंधक जल केपी आनंद, ग्रीन म्युनिसिपल बॉंड के सलाहकार अनुराग, पीएमसी टीम तथा वबैग की टीम उपस्थित रही। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि ग्रीन म्युनिसिपल बौंड को लेकर प्रमुख सचिव नगर विकास महोदय द्वारा इंदिरापुरम स्थित 74 एमएलडी संयंत्र कॉन्फ्रेंस हॉल में समीक्षा बैठक की गई बैठक में संबंधित सभी अधिकारी व टीम उपस्थिति रही, वबैग को अति शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए जिसमें 30 जून तक परियोजना को पूर्ण रूप देने के लिए आदेशित किया गया, प्रमुख सचिव नगर विकास महोदय द्वारा चल रहे कार्यों का मौके पर स्थलीय निरीक्षण भी किया गया, बैठक में प्रोजेक्ट को लेकर हो रही देरी पर विशेष रूप से गहन अध्ययन किया गया तथा विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए कार्य को पूर्ण करने की योजना भी बनाई गई। ग्रीन म्युनिसिपल समीक्षा बैठक के अंतर्गत वबैग टीम द्वारा प्रेजेंटेशन दिया गया, जिसमें विभागीय स्तर पर कार्यों में आई देरी पर भी चर्चा हुई चलते ग्रेप के कारण भी कार्यों में देरी हुई, बताया गया जिस पर प्रमुख सचिव नगर विकास तथा नगर आयुक्त गाजियाबाद द्वारा संबंधित टीम को कार्य करने की समय अवधि बढ़ाते हुए कार्य करने की निर्देश दिए तथा आगामी दो माह के भीतर चल रहे कार्यों को फाइनल स्टेज में लाने के लिए कहा गया, नगर आयुक्त द्वारा यह भी बताया गया की बैठक में औद्योगिक इकाइयों के क्षेत्र को बढ़ाने का भी निर्णय लिए जाने पर मंथन किया गया जिसके क्रम में परियोजना का विस्तार किए जाने पर चर्चा हुई तथा अधिक से अधिक औद्योगिक इकाइयों को जलापूर्ति के लिए विचार विमर्श हुआ बैठक में उपस्थित महाप्रबंधक जल के पी आनंद को परियोजना पर कड़ी मेहनत करते हुए कार्य की रफ्तार बढ़ाने के साथ-साथ प्रतिदिन रिपोर्टिंग के निर्देश दिए गए, वी ए टेक वैबाग कंपनी से, प्रोजेक्ट मैनेजर अग्नि, प्रदीप सरकार कंस्ट्रक्शन मैनेजर तथा वन सिटी वन ऑपरेटर के प्रोजेक्ट डायरेक्टर सुनील कुमार सिंह भी बैठक में उपस्थित रहे।

## स्कूटी की टक्कर से पैदल जा रही महिला की मौत

**नोएडा,** 6 अप्रैल (देशबन्धु)। सेक्टर-40 में तेज रफ्तार स्कूटी के चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए पैदल जा रही महिला को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक महिला के बेटे ने अज्ञात स्कूटी चालक के खिलाफ सेक्टर-39 थाने में केस दर्ज कराया है। शिकायत में सेक्टर-15 निवासी हरेंद्र ने बताया कि उसकी मां कुंता बीते दिनों सेक्टर-40 से पैदल ही घर का रही थीं। इसी दौरान दोपहर ढाई बजे के करीब तेज रफ्तार स्कूटी के चालक ने कुंता को टक्कर मार दी। सिर समेत शरीर के अन्य हिस्से में चोट लगने के कारण कुंता गंभीर रूप से घायल हो गईं। राहगीरों ने घायल महिला को उपचार के लिए नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया और हादसे की सूचना परिजनों को दी। उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। घायल महिला को अस्पताल पहुंचाने के बजाय आरोपी स्कूटी चालक मौके से फरार हो गया। शिकायतकर्ता ने पुलिस को स्कूटी का नंबर भी उपलब्ध कराया है। आरोपी चालक और स्कूटी की पहचान के लिए पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है।

उवाच

मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा तैयार किए गए वीडियो लिंक के माध्यम से जिले के सभी मल्टीप्लेक्स, मॉल एवं अन्य आमादों में आने वाले आम नागरिकों को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है।
**जेपी चंद, जिला मनोरंजन कर अधिकारी**



# राष्ट्रीय कानून महोत्सव में विद्यार्थियों को किया गया प्रेरित

■ **मूट कोर्ट के सफल प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित**




**ग्रेटर नोएडा,** 6 अप्रैल (देशबन्धु)। केसीसी इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल एंड हायर एजुकेशन, ग्रेटर नोएडा में दो दिवसीय राष्ट्रीय कानून महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ, कार्यक्रम में न्यायमूर्ति विपिन सांघी एवं आलोक गुप्ता, संस्थापक और सीईओ, पिरामिड साइबर सुरक्षा और फारेंसिक, डॉ.जी.के. गोस्वामी, एडीजी, यूपीएसआईएफएस, लखनऊ, समीर दत्त, फ्रेंसिस गुरु डॉट कॉम के संस्थापक और सीईओ, विवेक नारायण शर्मा, एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड, भारत के सर्वोच्च न्यायालय और पूर्व संयुक्त सचिव, सर्वोच्च न्यायालय एओआर एसोसिएशन, नवोदित मेहरा, महेश कुमार, वकील, भारत का सर्वोच्च न्यायालय, डॉ. उपमा गौतम, सह प्रोफेसर, जीजीएसआईयू, नई दिल्ली, आदि शामिल हुए।

समारोह की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और राष्ट्रगान के साथ केसीसी इंस्टीट्यूट्स के चेयरमैन दीपक गुप्ता ने विद्यार्थियों और अतिथियों का स्वागत किया। सभी प्रमुख वक्ताओं ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं, निष्पक्ष न्याय और फारेंसिक विज्ञान और प्रत्यक्षदर्शी के हर संभव तरीके के बारे में जानकारी दी और छात्रों को अपने करियर में सर्वश्रेष्ठ प्राप्त करने के लिए अपना समय निवेश करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मूट कोर्ट प्रतियोगिता, कानूनी बहस, क्षेत्राधिकार लेखन, कानूनी परामर्श जैसी घटनाओं की श्रृंखला हुई जिसमें विभिन्न कॉलेजों के छात्रों ने भाग लिया। संस्थान की डायरेक्टर प्रो. (डॉ.) भावना अग्रवाल ने सभी अतिथियों एवं विद्यार्थियों को हार्दिक धन्यवाद दिया उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और इसके साथ ही राष्ट्रीय कानून महोत्सव का सफल क्रियान्वयन किया गया।

## मल्टीप्लेक्स व शॉपिंग माल में लोगों को मतदान के लिए किया जा रहा है जागरुक

**ग्रेटर नोएडा,** 6 अप्रैल (देशबन्धु)। मतदाताओं को जागरुक करने के लिए जिले में कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, इसी क्रम में मल्टीप्लेक्स व शॉपिंग माल में पहुंचने वालों को शनिवार को जागरुक किया गया। जिला मनोरंजन कर अधिकारी जेपी चंद ने बताया कि मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा तैयार किए गए वीडियो लिंक के माध्यम से जिले के सभी मल्टीप्लेक्स, मॉल एवं अन्य आमादों में आने वाले आम नागरिकों को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है।

साथ ही बताया कि सी-विजिल ऐप डाउनलोड करने से संबंधित ऑडियो और वीडियो को मल्टीप्लेक्स एवं एफएम रेडियो पर प्रसारित कराया जा रहा है तथा




जनपद के विभिन्न मॉल में जनता में मतदान जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक भी आयोजित करायें जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आगे भी इसी प्रकार से मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा।

# विद्या आरंभ कार्यक्रम में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर हुई चर्चा



■ **बच्चों के विकास में अध्यापक के साथ अभिभावकों का महत्वपूर्ण योगदान**

**ग्रेटर नोएडा,** 6 अप्रैल (देशबन्धु)। सेंट जोसफ विद्यालय में शनिवार को विद्या आरंभ समारोह का आयोजन यह समारोह विद्यालय में प्रवेश लेने वाले नन्हें मुन्नों के स्वागत के लिए हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ तिलक लगाने की रस्म से हुआ। तत्पश्चात कार्यक्रम की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए दीप प्रज्वलन, सर्वधर्म प्रार्थना एवं स्वागत नृत्य का प्रस्तुतीकरण किया गया। तदोपरांत विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर ऑलविन पिंटो के परिचय, वक्तव्य एवं आशीर्वचन के साथ अक्षर लेखन द्वारा विद्या आरंभ विधि का संपादन हुआ।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य आदरणीय फादर डॉक्टर ऑलविन पिंटो, प्राइमरी हेडमिस्ट्रेस सिस्टर सीता, प्री प्राइमरी हेडमिस्ट्रेस, सिस्टर मेबल एवं विद्यालय के प्रबंधक फादर एंड्रयू कोरिया उपस्थित थे। इस दिन के उपलक्ष्य में प्रधानाचार्य ने अभिभावकों को आज के दिन का महत्व समझाया, साथ ही बालकों के सर्वांगीण विकास में विद्यालय के सृजनात्मक भावनात्मक एवं शैक्षिक उद्देश्यों के बारे में भी उपस्थित अभिभावकों से चर्चा की। इसके उपरांत विद्यालय के प्रबंधक फादर एंड्रयू कोरिया ने भी सभी अभिभावकों का स्वागत करते हुए नन्हे छात्रों के विकास में उनकी भूमिका को समझाया साथ ही अपील की कि वह स्कूल के अध्यापकगणों के साथ वार्ता करके बच्चों की प्रगति का समय-समय पर विवरण लेते रहे। एक बच्चे के बौद्धिक, शारीरिक एवं शैक्षिक विकास में माता-पिता एवं उसके शिक्षक दोनों की ही परस्पर भागीदारी होती है तभी एक बालक का संपूर्ण विकास संभव है। इसके उपरांत सभी उपस्थित अभिभावकों ने अभिवादन स्वरूप अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं प्रकट की।



# भारतीय नववर्ष उत्सव का शुभारंभ

■ **बच्चों ने इन्द्र धनुष प्रतियोगिता में लिया हिस्सा**

**ग्रेटर नोएडा,** 6 अप्रैल (देशबन्धु)। भारत नवनिर्माण ट्रस्ट के अन्तर्गत, भारतीय पर्व आयोजन समिति के तत्वावधान में नव वर्ष उत्सव उमंग 2081 का शुभारंभ अध्यक्ष नरेश गुप्ता ने नारियल फोड़कर कर किया।

इसी के साथ विभिन्न कार्यक्रम की शुरुआत हुई। बीना अरोरा ने बताया कि पहले दिन इंद्रधनुष प्रतियोगिता में लगभग 100 बच्चों ने भाग लिया, जिसमें दृष्टि (प्रथम स्थान) आफिया (द्वितीय स्थान) व शानवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में आरती (प्रथम स्थान) प्रीति (दितीय स्थान) व मानशी (तृतीय स्थान) पर रही। बच्चों द्वारा सभी प्रतियोगिताओं में बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम में नरेश गुप्ता, विवेक कुमार, सौरभ बंसल, मुकुल गोयल, विवेक अरोड़ा, संजीव सालवान, राजवीर सिंह, बीरपाल, दुर्गेश्वरी, गुड्डी तोमर, संगीता सक्सेना, बीना अरोरा, विनीता शर्मा, ज्योति सिंह, रीना गुप्ता, कांतिपाल, नेहा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।






## चलती कार में लगी आग, लोगों ने कूदकर बचाई जान

**ग्रेटर नोएडा,** 6 अप्रैल (देशबन्धु)। थाना बिसरख क्षेत्र में स्टेलर जीवन सोसाइटी के पास चलती हुई कार में अचानक आग लग गई। कार में सवार दो लोगों ने बाहर कूद कर किसी तरह स्वयं को सुरक्षित किया। आग बहुत भीषण थी इसमें कार पूरी तरह जल गई। मौके पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। स्टेलर जीवन सोसाइटी के पास से दोपहर करीब 1-10 बजे हुंडई वरना कार (डीजल) गुजर रही थी। यह कार गाजियाबाद से ग्रेटर नोएडा की ओर आ रही थी। इसमें अचानक आग लग गई। कार में दो लोग सवार थे जो तुरंत ही कूद कर बाहर आ गए। देखते ही देखते कार को आग ने अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि फायर सर्विस की दो गाड़ियों की मदद से आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। इसमें कोई जनहानि नहीं हुई है।

# रोजगार मेले में छात्रों को 2.5 लाख से लेकर 10 लाख तक का मिला पैकेज

**ग्रेटर नोएडा,** 6 अप्रैल (देशबन्धु)। लॉयड ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन्स (फार्मेसी) में फार्मेसी छात्रों के लिए सबसे बड़ा 8वां रोजगार मेला नियुक्ति' का आयोजन किया गया, जो कि पीएम मोदी के रोजगार विजन और आत्मनिर्भर भारत जैसे राष्ट्रीय मिशन पर आधारित है। ये आयोजन 2016 में पूर्व ड्रग कंट्रोलर ऑफ इंडिया डॉ. जी. एन. सिंह के नेतृत्व और उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व प्रमुख सचिव और सलाहकार अवनीश अवस्थी के मार्गदर्शन में लायड ग्रुप की समूह निदेशिका डॉ. वंदना अरोरा सेठी द्वारा शुरू किया गया। रोजगार मेले में पूरे भारत के 96 कॉलेज और विश्वविद्यालय के लगभग 800 से अधिक बीफार्म, एम.फार्म. और डी.फार्म. अंतिम वर्ष के छात्रों ने हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। इसमें सिप्ला, सन फार्मा, मैनकाइंड, टाटा एम. जी, अपोलो फार्मेसी, जुबलिएंट, फेलिक्स हैलथ केअर, एआईएमआईएल, अकुम्स, एलेम्बिक, अल्केम लेबोरेटरीज, अब्रो फार्मास्यूटिकल्स, बेल्को फार्मा, ब्लूओसियन, फ्लोरेंसिया हेल्थकेयर, सिस्टोपिक जैसे 50 से अधिक कंपनियों के एचआर हेड और प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। इस जॉब मेले में बल्क ड्रग एवं फार्मूलेशन प्रोडक्शन, क्वालिटी कंट्रोल, क्वालिटी अश्योरेंस, पैकेजिंग, मार्केटिंग एवं सेल्स, प्रोडक्शन मैनेजमेंट, क्लीनिकल अफेयर्स, मेडिकल राइटिंग, मैनेजर, हॉस्पिटल फार्मासिस्ट के अलावा रेगुलेटरी ड्रग अफेयर्स आदि पद ऑफर किए गए। इसमें लगभग 315 से अधिक छात्रों का चयन किया गया। जॉब मेले में कंपनियां छात्रों को वार्षिक सैलरी पैकेज 3.5 लाख से लेकर 10 लाख रुपए तक की पेशकश की है। लायड ग्रुप की समूह निदेशिका डा. वंदना अरोरा सेठी ने सभी प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया और चयनित प्रतिभागियों को शुभकामना देते हुए कहा कि आप लोगों को कड़ी मेहनत से मिला है ऑफर लेटर।




सूचना
मेरे स्कूल के कागजों में मेरा नाम सचिन कुमार अंकित हैं। जबकि मेरे आधार कार्ड व बैंक खाता में सचिन शर्मा अंकित है। सचिन कुमार व सचिन शर्मा एक ही व्यक्ति के नाम है, भविष्य में सभी उद्देश्यों हेतु मुझे सचिन शर्मा पुत्र श्री रवि दत्त शर्मा निवासी ग्राम कलूपुरा डाकखाना झाझर थाना रबूपुरा तहसील जेवर जिला गौतमबुद्धनगर के नाम से जाना जाये।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## ट्रेन की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत

**दनकौर,** 6 अप्रैल (देशबन्धु)। दनकौर रेलवे स्टेशन के पास शनिवार को ट्रेन की चपेट में आकर एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली की किसी अज्ञात व्यक्ति का शव ट्रैक पर पास पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि ट्रेन की चपेट में आकर करीब 30 वर्षीय व्यक्ति की मौत हुई है। जिसके पास से पहचान की कोई चीज नहीं मिली है। जीआरपी पुलिस ने सोशल मीडिया पर मृतक के फोटो डालकर उसकी पहचान करने की लोगों से अपील की है। पुलिस का कहना है कि ट्रैक पार करते वक्त यह हादसा हुआ है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी का स्थापना दिवस मनाया

**जेवर,** 6 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को खुर्जा रोड स्थित कार्यालय पर पार्टी का स्थापना दिवस मनाया तथा संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के फोटो पर पुष्पर्पित किये। इस मौके पर कार्यकर्ताओं को उनके विचारों से अवगत कराते हुए उनके आदर्शों पर चलने की अपील की गई। इस मौके पर राजकुमार शर्मा प्रधान, चौधरी विजेंद्र सिंह, राजू अत्री, प्रमोद शर्मा, उधम ठाकुर आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## नाली के पानी के विवाद में महिला सहित चार लोग हुए घायल

**ग्रेटर नोएडा,** 6 अप्रैल (देशबन्धु)। थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र के जलपुरा में नाली के पानी के विवाद में हमलावरों ने एक परिवार की महिला सहित चार लोगों को घायल कर दिया। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य की तलाश की जा रही है। जलपुरा के रहने वाले तालिब चौधरी ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा है कि उनके मकान के साथ ही एक नाली है। इन नाली का पानी कुछ लोगों ने उनके घर की तरफकर दिया। इसका विरोध करने पर पड़ोस के कुछ लोग हमलावर हो गए। गुरुवार की शाम को पड़ोस के रहने वाले ताहिर और उसके परिवार के लोगों ने हमला कर दिया। इसमें तालिब चौधरी, उसका भाई आरिफ भाई नफीस को बुरी तरह घायल कर दिया। साथ ही आरिफ की मां जरीना का हाथ तोड़ दिया। आसपास के लोग इकट्ठा हुए तो हमलावर भाग गए। इस घटना में ताहिर, उसके बेटे, भाई आदि के नाम रिपोर्ट दर्ज की है।

पुलिस के मुताबिक वीडियो फुटेज के आधार पर कुछ अन्य लोग पहचाने गए हैं। ताहिर सहित एक अन्य की गिरफ्तारी की गई है। अन्य की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की हैं।

## सावित्री बाई फूले बालिका इण्टर कॉलेज में नव प्रवेशित बच्चों का किया गया स्वागत

**ग्रेटर नोएडा,** 6 अप्रैल (देशबन्धु)। सावित्री बाई फूले बालिका इंटर कॉलेज में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें इस सत्र में प्रवेश लेने वाले छात्राओं के माता-पिता को आमंत्रित किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत अभिभावकों का तिलक द्वारा स्वागत किया गया। छात्राओं द्वारा सर्वप्रथम स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया और फिर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। प्रभारी वाइस प्रिंसिपल प्रीति फोगाट ने विद्यालय की उपलब्धियों तथा सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। तथा विद्यालय की पूर्व छात्राओं द्वारा करियर के विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त की गई उपलब्धियां को गिनाया गया। उन्होंने बताया कि अत्यंत कम शुल्क में विद्यालय द्वारा श्रेष्ठ शिक्षा प्रदान की जा रही हैं। इस सत्र से विद्यालय में बाल वाटिका में 3 वर्ष की आयु के लड़के व लड़कियों के एडमिशन चल रहे हैं। बाल वाटिका किडीज संस्था द्वारा संचालित की जा रही है तथा कक्षा 1 से 9 व 11 के एडमिशन भी चल रहे हैं।



## यूनिफेस्ट में पार्श्व गायक जावेद अली व अखिल सचदेवा ने किया मंत्रमुग्ध

**ग्रेटर नोएडा,** 6 अप्रैल (देशबन्धु)। गलगोटिया एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस में दो दिवसीय विंटेज की थीम के तहत यूनिफेस्ट का आयोजन किया गया, जिसमें प्रसिद्ध पार्श्व गायक, जावेद अली ने अपने कई भारतीय भाषाओं में अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दो दिवसीय उत्सव के दौरान, गलगोटियास यूनिफेस्ट भारत भर के प्रतिष्ठित कॉलेजों के छात्रों के लिए एक आकर्षण बन गया, जो विभिन्न प्रकार की गतिविधियों और कार्यक्रमों में भाग लिया। मनोरम फैशन शो से लेकर, 'वॉकविस्टा' से लेकर गतिशील नृत्य प्रदर्शन तक, मनोरम फोटोग्राफी प्रतियोगिताओं से लेकर 'स्वरोत्सव' जैसी आत्मा-सरगर्मी वाली संगीतमय लड़ाइयों तक, और मोहक 'नुक्कड़ नाटक' से लेकर जटिल कला प्रदर्शन युद्धों तक, त्योहार ने सभी के लिए कुछ न कुछ पेश किया। दूसरे दिन, भारतीय संगीतकार, गायक और संगीतकार, अखिल सचदेवा ने अपनी मधुर आवाज से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।





ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्लॉट नं0-01, नॉलेज पार्क-04, ग्रेटर नौएडा सिटी-201310
जिला-गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश।
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम-सैनी की प्रस्तावित आबादी में भूखण्ड संख्या-102, क्षेत्रफल-490 वर्ग मीटर, को श्री गनपत पुत्र श्री कुन्दन सिंह निवासी ग्राम सैनी, ग्रेटर नौएडा जिला-गौतमबुद्धनगर को आवंटित किया गया है। इनके द्वारा एक वसियत श्री बलवीर सिंह पुत्र स्व० श्री गनपत निवासी ग्राम सादुल्लापुर वैदपुरा, जिला-गौतमबुद्ध नगर के पक्ष में की गई है जो कि बही संख्या-3, जिल्द संख्या-22, पृष्ठ संख्या-55 से 66 पर क्रमांक 230 दिनाँक 20.07.2011 को उप निबन्धक दादरी के कार्यालय में पंजीकृत है के अनुसार श्री बलवीर सिंह पुत्र स्व० श्री गनपत, निवासी ग्राम-सादुल्लापुर वैदपुरा, ग्रेटर नौएडा जिला-गौतमबुद्धनगर के पक्ष में नामान्तरण करने हेतु नामान्तरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामान्तरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में श्री बलवीर पुत्र स्व० श्री गनपत निवासी ग्राम-सादुल्लापुर वैदपुरा, ग्रेटर नौएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर का नाम आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।
प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

# साहित्य

कहानी

## आते-जाते यायावर

■ मन्नू भंडारी




> ''अच्छा, आप ऐसा नहीं मानतीं कि हम जितनी तरह की ज़िंदगी जीते हैं, जितने सम्पर्क और सम्बन्ध बनाते हैं, उनसे हमारे व्यक्तित्व के उतने ही पहलू उभरकर आते हैं ? नई-नई जगह देखना, नये-नये लोगों से मिलना, और खुद-ब-खुद भीतर एक नयी दुनिया खुलती चलती है। तब एक मुग्ध विस्मय के हाथ हम देखते हैं—अरे, यह सब भी हमारे भीतर था !''

कभी सोचा भी नहीं था कि महज मज़ाक में कही हुई बात ऐसा मोड़ ले लेगी। मुझे खुद हँसी ही आने लगी। मेरी ज़िन्दगी में अब न कोई उतार-चढाव आएगा, न मोड़। वह ऐसे ही रहेगी हाँ, कभी-कभी उस सपाट ज़िंदगी में एक दरार डालकर उसके पार बसी दुनिया को देखने के लिए ललच उठता है, पर जब-जब ऐसा किया, मन का बोझ बढ़ा ही है। फिर भी कल जो कुछ हुआ उसमें जीना अच्छा लग रहा है।

ख़याल आया रमला सुनेगी तो हँसती हुई कहेगी, ''लगा लिया तुझे भी क्यू में ? भई, कमाल है ?''

रात बारह बज गए थे, तो रमला ने पूछा नहीं था, एक तरह से आदेश-सा देते हुए ही कहा था, ''नरेन, मिताली को छोड़ने का जिम्मा आपका। आप इसे छोड़ते हुए निकल जाइए।''

उसने कुछ ऐसे सहर्ष भाव से स्वीकृति दी मानो वह इसी बात की प्रतीक्षा कर रहा था। इस आदमी से काफी दूरी रखनी है,इस बात के प्रति बेहद चौकस होने के बावजूद, आधी रात को उसके साथ पैदल चलने का ख़याल मुझे कहीं अच्छा लगा।

''यहाँ बारह बजे ही कैसा सन्नाटा हो जाता है ! विदेशों में तो बारह के बाद से ही असली ज़िंदगी शुरू होती है।'' वह फिर अपने बारे में बताने लगा। अपने शौक, अपनी महत्त्वाकांक्षाएं और खास कर अपनी यायावरी वृत्ति !

''लगता है, मेरे भीतर एक जिप्सी बैठा है, जो मुझे घुमाता है। पिछले सात साल से मैं केवल घूम रहा हूँ, भटक रहा हूँ, नये-नये स्थान, नये-नये लोग ! मुझे पता नहीं कहाँ जाकर अंत होगा, कब अंत होगा !''

''कभी-कभी सोचता हूँ, आदमी अपने भीतर कितना कुछ समेटे होता है, वह खुद नहीं जानता और एक बँधी-बँधाई लीक पर चलकर मर जाता है। बिना अपने को जाने, बिना अपने को समझे !

मैं एकाएक कटु हो आई। मन हुआ कहूँ, 'लीक तोड़ना, 'संस्कारों से मुक्त होना'—इन सारे मुहावरों का चारा डालने के लिए कैसी खूबसूरती से प्रयोग किया जाता है आजकल। पर कहा केवल एक निहायत ही पिटा-पिटाया वाक्य, ''लीक तोड़कर ही आदमी क्या बहुत कुछ पा लेता है ?''

''अच्छा, आप ऐसा नहीं मानतीं कि हम जितनी तरह की ज़िंदगी जीते हैं, जितने सम्पर्क और सम्बन्ध बनाते हैं, उनसे हमारे व्यक्तित्व के उतने ही पहलू उभरकर आते हैं ? नई-नई जगह देखना, नये-नये लोगों से मिलना, और खुद-ब-खुद भीतर एक नयी दुनिया खुलती चलती है। तब एक मुग्ध विस्मय के हाथ हम देखते हैं—अरे, यह सब भी हमारे भीतर था !''

''और यदि यह सम्बन्ध ऑपोजिट-सेक्स के साथ हो, तब तो व्यक्तित्व के रगोरेशे तक उभरकर आ जाते हैं।

और उसने एक निःसंकोच, सीधी नज़र मेरे चिहरे पर टिका दी, जिस पर अपनी बात का समर्थन करवाने का साग्रह अनुरोध हुआ था।

हूँ, तो ये अब मुझ पर ही चालू हुए। पर लगा, आदमी दिलचस्प भी है, और औरों से भिन्न भी सब लोग ऐसे मौकों पर बात करते हैं 'तुम' से। जैसे जो हो, बस तुम ही हो, बाकी दुनिया बेकार। इसने बात दुनिया से शुरू की है, अब शायद 'तुम' पर आएगा—धीरे-धीरे सीढ़ी-दर-सीढ़ी। नवीनता का भी तो अपना एक आकर्षण होता है। भीतर-ही-भीतर कहीं हँसी उमड़ने लगी। रमला ने इस नाटकीय अंदाज़ की हू-ब-हू नक़ल करते हुए ये ही सब बातें बताई थीं और फिर हँसते हुए कहा था, ''बोलो, मिला दें तुम्हें नरेन से ? तुम भी उसके व्यक्तित्व का एक पहलू उजागर कर दो, या अपना करवा लो।''

भीतर-ही-भीतर मन में कुछ कुलबुलाने लगा। मैंने बड़ी ही तौलती ङ्क्सी नज़र से एक बार उसे देखा।

सारी बात रमला को सुनाने के लिए एक मज़ाक बनकर रह जाती, यदि फाटक पर विदा लेते समय वह यह नहीं कहता, ''कल शाम को आप क्या कर रही हैं ? खाली हों तो मिलें ?''

एक क्षण को हाँ-ना किए बिना मैं असमंजस में खड़ी रही। तभी सुना, वह हँसते हुए कह रहा था, ''आप बहुत गालियाँ दे रही होंगी मुझे। आज आपको भी थोड़ी-सी पिला देने का पाप कहिए या पुण्य, मुझसे हो ही गया। हमेशा याद रखिएगा कि आपके कुछ दायरों में से एक दायरा मैंने भी तोड़ा।''

अंतिम बात ने एकाएक हीं जैसे मुझे कहीं बहुत भीतर, गहरे में धकेल दिया। मैं सुन्न हो गई। ख़याल ही नहीं रहा कि उसे कुछ जवाब देना है पर वह खुद ही बोला, ''कल फ़ोन करके मैं खुद तय कर लूँगा।'' और हाथ हिलाकर मुड़ गया, मैं जहाँ-की-तहाँ खड़ी रह गई।

मन की न जाने कौन-सी अदृश्य परतों के नीचे दबा एक वाक्य पूरे दृश्य को साथ उभर आया—अपने शरीर से अलग करते हुए उसने कहा था, ''आज तुम्हें एक अँधेरे कुएँ से निकालकर खुली-फैली दुनिया में ले आया हूँ। अब जानोगी कि जीना क्या होता है !''

तब वह पुलकित होने के साथ-साथ भीतर तक कृतज्ञा भी हो आई थी।

और बहुत दिनों बाद कहा था, ''खींचकर लाना मेरा काम था, अब इस खुली दुनिया में चलना और अपना रास्ता तलाश करना तुम्हारा काम हैं।'' क्योंकि अपने साथ चलने के लिए उसने एक लिपी-पुती, बड़ी-सी बिंदी लगाने-वाली गुड़िया जैसी लड़की चुन ली थी। एक बार परिचय भी करवाया था, ''ये है मिताली ठाकुर, हमारे साथ पढ़ती थीं, बहुत ही होशियार और गज़ब की बोल्ड।'' पत्नी के सामने शायद मित्र कहने का तो वह साहस तक न जुटा पाया था।

तब एक बार बड़ी ज़ोर से इच्छा हुई थी कि वह मुझे अँधेरे कुएँ से खींचकर लाया था, तो मैं भी इसकी शराफ़त का यह खोल खींचकर उतार दूँ, जिसे यह बडी मासूमियत के साथ अपनी पत्नी के सामने ओढ़े बैठा है।

पर मैं कुछ नहीं कर पायी थी। बस, भीतर-ही-भीतर उफनते ज़हर को चुपचाप पीती रही थी और आँखों से उमड़ते आँसुओं को जबरन पीछे ठेलती रही थी।

तब मुझे मालूम हुआ था कि संस्कार तोड़ने के बहाने कितनी ख़ूबसूरती से वह मुझे ही तोड़ गया है।

अब एक ये आए हैं दायरे तोड़ने। ठीक है, कल ये भी आएँ। अब मैं भी पहले की तरह मूर्ख नहीं रह गई हूँ। अब तक की सारी मिठास एक कड़वाहट में बदल गई।

लेटी तो नींद नहीं आ रही थी। मैंने तो बहुत पहले ही तय कर लिया था कि अब मैं कुछ नहीं करूँगी। अपने को वापस दायरे में समेट लूँगी।

ठीक समय पर वह आ गया। कमरा वैसा ही पड़ा है।

'और जब सारी स्थिति बर्दाश्त के बाहर हो गई, तो हम लोगों ने उस संबंध को नकारकर नए सिरे से अपने-अपने व्यक्तित्व को स्वीकार किया। बताइए ज़रा, आदमी सिवाय एक औरत के पति के और कुछ रह ही नहीं जाए! यह भी कोई जिंदगी हुई भला!'

वह अपनी अमेरिकी पत्नी से अलग होने की बात बता रहा था। अतीत की किसी भी छाया या व्यथा से इसका यों मुक्त होना मुझे अच्छा लग रहा है। 'खाली स्लेट पर ही तो रंग अच्छा चढ़ता है' एकाएक मन में उभरा और जैसे मैं भीतर-ही-भीतर अपने एक-एक कदम के लिए सतर्क और चौकन्नी हो गई।

वह लगातार कुछ-न-कुछ बोले जा रहा था और मैं विस्मित-सी यह सोच रही थी-आदमी इस तरह उँडेल पाए, तो मन का कितना बोझ छँट जाए! कैसे विश्वास में लेकर सबकुछ बताए जा रहा है, मानो मैं कोई बहुत ही घनिष्ठ होऊँ, इसकी अंतरंग।

मैंने पूछा, 'अच्छा, एक बात बताइए! लगातार यों घूम-घूमकर, भटक-भटककर आप थक नहीं जाते ?'

वह बड़े ही सहज स्वर में बोला, 'सचमुच कभी-कभी थक जाता हूँ। लगता है, जैसे अपने से ही हार रहा हूँ। और तब मन करता है कि इस भटकन को समाप्त कर दूं। किसी एक के साथ, एक जगह बैठकर जिंदगी जिऊँ, सुरक्षित और बँधी हुई।'

और उसने बड़े हारे-थके भाव से सिर कुर्सी की पीठ पर टिका दिया, 'पर छह महीने भी एक जगह बैठ लूँ तो दम घुटने लगता है। भीतर का जिप्सी कोड़े मार-मारकर मुझे ढकेलने लगता है और फिर यात्रा शुरूज'

'कभी आप आगे के बारे में सोचते हैं, जैसे दस साल बाद की बात! जब न इस तरह घूमना संभव होगा, और न कोई दो बात करने-पूछनेवाला रह जाएगा। शायद तब किसी के पास इतना समय भी नहीं होगा कि एक मिनट आपके लिए थम ही जाए।'

मैं उसे आतंकित कर देना चाहती हूँ। वह जान ले कि ऐसे जिंदगी का एक पहलू यह भी है।

'कभी-कभी ख़याल ज़रूर आता है, पर आगे के बारे में मैं ज़्यादा सोच नहीं पाता।'

'क्यों, क्या बूढ़े हो गए? आगे से मुँह मोड़कर पीछे देखना तो बूढ़ों का काम है।' वह खिलखिलाकर हँसने लगा। 'नहीं, मैं पीछे भी नहीं देखता। केवल सामने देखता हूँ और शायद वह यूथ की निशानी है।' वार खाली जाने की झल्लाहट, ज़रूर मेरे मुँह पर आ गई होगी।

मैं चाहूँ तो भी यह भटकन समाप्त नहीं होगी। आखिर उसने शाप भी तो बड़े सच्चे मन से दिया था।

मेरी आँखों में प्रश्नवाचक भाव तैर आया तो फिर एक और प्रेम-प्रसंग खुल पड़ा।

एकाएक मुझे लगा, यह मुझसे मिलने नहीं आया है, मेरे माध्यम से अपने अतीत के उस टुकड़े को दोहराने आया है। मेरा अहं बुरी तरह तिलमिला गया। मुझसे कोई भी मिले, यह मुझे मंजूर हैज पर यों मात्र माध्यम की तरह!

'उसका रोकना, उसका शाप, आज भी सब-कुछ याद है।' भावुकता की ये बातें करते समय उसकी सारी चुस्ती, सारी स्मार्टनेस जैसे गल गई और वह बड़ा दयनीय और और बड़ा साधारण-सा लगने लगा।

'अब वह कहाँ है?' कुछ रुखाई से मैंने पूछा।

'उसने शादी कर ली। खूब प्रसन्न है।

'और आपकी पत्नी ?'

'संबंध टूटने के साल-भर बाद तक तो उससे संपर्क रहा था। उन दिनों वह अपने किसी अफेयर में व्यस्त थी।।'

तो सब ओर से हारे-पिटे ये यहाँ आए हैं मेरे दायरे तोड़ने। और मेरा मन इसके भीतर का सब-कुछ जान लेने को अकुलाने लगा।

'इस बार जाऊँगा तो ज़रूर मिलूँगा उससे। अब मिलना शायद अच्छा ही लगेगा।'

'आप वापस कब जाएँगे ?' स्वर में आई उत्सुकता को भरसक दबाते हुए मैंने कुछ ऐसी लापरवाही से पूछा, मानो इसके उत्तर से मेरा कोई संबंध ही न हो।

'परसों यहाँ से कलकत्ते जाऊँगा और वहाँ से फिर पंद्रह को मास्को के लिए उड़ना है।'

एकाएक मन सुलगने लगा। तब ये यहाँ करने क्या आया है? किस्से सुनासुनाकर मन हलका करने के लिए मैं ही मिली थी इसे ?

वह फिर चहकने लगा था। पर उसके बाद उसकी बातें, उसका नाटकीय अंदाज़, सब-कुछ मेरे लिए निरर्थक हो उठा। मन हुआ, उठकर बुरी तरह झिड़क दूँ। पर किस बात पर ? आखिर उसने किया क्या है, यही समझ नहीं आ रहा था।

'मैं पत्र लिखूँगा तो जवाब देंगी न ?'

'नहीं, हमें नहीं आता पत्र-वत्र लिखना,' खीज-भरे स्वर में मैंने कहा।

'अच्छा, पत्र लिखना नहीं आता, तो ख़ाली काग़ज़ ही भेज दीजिए। मैं उसी से सब समझ लूँगा।'

अब सचमुच मेरा धैर्य जवाब देने लगा था और मन हो रहा था, मैं सामने बैठे इस आदमी को फटकार दूँ।

तभी चपरासी ने आकर जैसे मेरा उद्धार कर दिया। मैंने बताया, 'आठ बजे के बाद यहाँ पुरुष कमरे में नहीं रह सकते।'

'प्राध्यापिकाओं के लिए भी इतने बंधन!' और वह हँसने लगा, तो मैं भीतर-ही-भीतर बुरी तरह कुढ़ गई।

'हाँ, और नहीं तो क्या, यह अमेरिका नहीं है।'

मैं एक क्षण को भी यह नहीं बताना चाहती थी कि परसों ही उसके जाने की बात सुनकर में विचलित हो गई हूँ या कि उसे लेकरज

बड़े सहज क़दमों में मैं उसके साथ नीचे फाटक तक गई।

'मान लीजिए, कभी एक दिन आपके दरवाज़े पर खट-खट हो! आप खोलें और देखें कि मैं खड़ा हूँ, तो कैसा लगेगा ?'

खाक धूल लगेगा! क्यों अब भी नाटक किए जा रहे हो? क्या मतलब है इन सब बातों का? कहने को मैं भी कह दूँ- 'दरवाज़ा खुले और आप देखें कि कोई और चेहरा झांककर बता रहा है कि मिताली तो शादी करके चली गई, तो आपको कैसा लगेगा ?'

पर मैंने कुछ भी नहीं कहा। बस, गुमसुम खड़ी रही।

'लगता है, टैक्सी तो यहाँ मिलेगी नहीं, मुझे मेन रोड तक जाना होगा।'

उसने कंधे उचकाए। फिर बड़ी अदा के हाथ जोड़कर होंठों पर ढेर सारी मुस्कान और चेहरे पर आत्मीयता पोतकर कहा, 'इस आते-जाते यायावर का नमस्कार!'

मैं चाहकर भी मुस्करा न पाई। बस, यंत्रवत् हाथ जोड़ दिए।

वह मुड़ गया। जैसे सहज और सधे कदमों से वह चल रहा था, उससे लगा, न इन दो दिनों का सब-कुछ झाड़-पोंछकर वह इस फाटक पर ही छोड़ गया है और बेहद हलका होकर जा रहा है। सच पूछे तो इन दो दिनों में आखिर हुआ ही क्या है! पर मैं हूँ कि इस न कुछ हुए को भी अब न जाने कितने दिनों तक गुनती-बुनती रहूँगी। निरंतर दूर होती हुई उसकी आकृति धुँधली हुई, थरथराई और फिर लुढ़क गई।

---

हास्य व्यंग्य

## मुफ्त में मारे गए गुलफाम

■ रेखा शाह आरबी

इश्क इंसान से जो कराएं वह कम ही होता है। कभी सहरा में पानी का आभास तो कभी पतझर में बसंत की अनुभूति कराता है। जो होता है वह दिखाए या ना दिखाए पर जो नही होगा उसे जरूर दिखाता है। आकाश में ब्लैकहोल, ग्रह ,नक्षत्र धूमकेतू आदि की वैज्ञानिक बात भले कोई समझ में ना आए। लेकिन महबूब से वह चांद के जरिए बिना टेलीफोन लाइन के बात कर लेता है। यह नारी का मोह बहुत ही भारी वस्तु है। जिसका परिणाम अक्सर बहुत भारी होता है । ----

कुछ डूब गए कुछ पार गए , कुछ बीच राह में हार गए, पर तीनों अवस्थाओं में ही,वह संसार से गए ,

इश्क में मंजिल मिल गई तब तो बसंत और बहार नहीं मिली तो दीन दुनिया सबसे दिल बेजार हो सकता है । फिर भी धरती पर प्रेम पुजारी की कोई कमी नहीं है। अब तो ऐसा लगता है धरती पर आटा दाल चावल नमक कम पड़ सकता है । लेकिन प्रेमियों की संख्या कम नहीं हो सकती। लेकिन इसमें भी धोखाधड़ी बहुत है । कभी काजल कल्लू निकल आता है। तो कभी मंजू मनोज कुमार निकल आता है। खैर विश्वास पर दुनिया कायम है। और यह प्रेम की दुनिया तो पूरी तरह विश्वास पर ही कायम है।

> चतुरी भैया पढ़े लिखे इंसान है। हां शक्ल सूरत कुछ अमरीश पुरी के जैसी है। पर दिल उनका सलमान के जैसे है । दिल से एकदम खरे सोने इंसान हैं। लेकिन आजकल दिल देखता कौन है। और स्थितियां भी वही है अर्थात वह भी कुंवारे ही हैं । अत: दिल बहलाने के लिए सोशल मीडिया पर उन्होंने अकाउंट बनाया। 10--15 सुंदरियों को रिक्वेस्ट भेज दिए ।उन सब ने तो एक्सेप्ट नहीं किया। अलबत्ता एक सुंदरी ने उनको फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजा । चतुरी भैया तो रिक्वेस्ट देखकर ही गधे के जैसे मिट्टी में लोट लगाने का उनका मन होने लगा। मन का क्या किया जा सकता है मन तो बच्चा होता है।

चतुरी भैया भी इश्कबाजी में सब कुछ हारने के बाद तीन दिन से जार जार रो रहे हैं । मुझे तो उनका रोना भी गुस्सा दिला रहा है।और भला गुस्सा क्यों ना आए इंसान के ऊपर विपत्ति आती है तो समझ में आता है। उसके साथ संवेदनाएं रहती हैं। लेकिन इंसान विपत्ति को खुद बुलाए तो फिर उसके साथ क्या रहम करना । फिर भी मानवता के नाते उन्हें तसल्ली दे रहे है --भैया जाने दीजिए जो हुआ सो हुआ उस पर मिट्टी पाओ। पर भैया को तो दो तरफा मार पड़ी है। उनके साथ तो यही हुआ की माया भी ना मिली राम भी ना मिले ।

चतुरी भैया पढ़े लिखे इंसान है। हां शक्ल सूरत कुछ अमरीश पुरी के जैसी है। पर दिल उनका सलमान के जैसे है । दिल से एकदम खरे सोने इंसान हैं। लेकिन आजकल दिल देखता कौन है। और स्थितियां भी वही है अर्थात वह भी कुंवारे ही हैं । अत: दिल बहलाने के लिए सोशल मीडिया पर उन्होंने अकाउंट बनाया। 10--15 सुंदरियों को रिक्वेस्ट भेज दिए ।उन सब ने तो एक्सेप्ट नहीं किया। अलबत्ता एक सुंदरी ने उनको फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजा । चतुरी भैया तो रिक्वेस्ट देखकर ही गधे के जैसे मिट्टी में लोट लगाने का उनका मन होने लगा। मन का क्या किया जा सकता है मन तो बच्चा होता है।

शुरुआती बातचीत हाय हेलो से कब व्हाट्सएप तक पहुंची । चतुरी भैया को भी पता नहीं चला। हमेशा चौखटे पर बारह बजाए रखने वाले मुखड़े पर बसंत और मधुमास आ गया । चेहरे पर हंसी के हरदम गुलाब खिलने लगे। चाल ढाल देवानंद के जैसे हो गई। जो चतुरी भैया कभी फोटो शोटो के चक्कर में नहीं पड़े । अब हर एंगल से अपनी फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर चेपने लगे । एक बार मैंने उनसे उनकी बर्थडे पर फोटो लगाने के लिए मांगा था । तो बेचारे हाई स्कूल के मार्कशीट से फोटो निकाल कर दिए थे। और अब उनकी गैलरी उनके ही फोटो से चमकने दमकने लगी थी। और अपनी फोटो जब सोशल मीडिया पर लगाते थे और सुंदरी उस पर रिएक्ट करके नाइस लिख देती थी। तो भैया का चेहरा 500 वाट बल्ब जैसे दमकने लगता था।

जब तक हम घर वाले उनकी खुशी का रहस्य भेदन कर पाते। तब तक सुंदरी चतुरी भैया के संग खेल गई। उसने भैया को जाने कौन सा मौद्रिक लाभ वाला पाठ पढ़ाया और बहकावे में ले लिया । कि भैया ने उसे अपने खाते के सारे डिटेल दे दिए । और वह देने में क्या गुरेज करते उस सुंदरी को अर्ध अर्धांगिनी तो कब का मान चुके थे । भैया की नींद तो तब खुली जब खाते की रकम सफाचट हो चुकी थी । अब छाती पीट रहे हैं अब वह सुंदरी थी? या सुंदर था ? लेकिन वह अब हर जगह से गधे के सींग जैसे गायब हो चुका था। और सरकार द्वारा फैलाई जा रही इतनी जागरुकता ...चतुरी भैया के किसी काम ना आई । .कि किसी आकर्षक मौद्रिक लाभ के लिए बहकावे में ना आए । अपने खाते संबंधी विवरण किसी को ना दे। यह सब कुछ काम ना आया और चतुरी भैया तो लूट पिट गए ।

लेकिन चतुरी भैया मुफ्त में बिल्कुल नहीं मारे गए । वह तो अपने करनी की वजह से मारे गए। वह और उनके जैसे न जाने कितने खुद ही लूटने को तैयार रहते हैं और इन गुलफाम का यही हाल होना है।

---



ग़ज़ल

## जिगर मुरादाबादी

इक लफ़्ज़-ए-मोहब्बत का अदना ये फ़साना है
सिमटे तो दिल-ए-आशिक़ फैले तो ज़माना है

ये किस का तसव्वुर है ये किस का फ़साना है
जो अश्क है आँखों में तस्बीह का दाना है

दिल संग-ए-मलामत का हर-चंद निशाना है
दिल फिर भी मिरा दिल है दिल ही तो ज़माना है

हम इश्क़ के मारों का इतना ही फ़साना है
रोने को नहीं कोई हँसने को ज़माना है

वो और वफ़ा-दुश्मन मानेंगे न माना है
सब दिल की शरारत है आँखों का बहाना है

शाइर हूँ मैं शाइर हूँ मेरा ही ज़माना है
फ़ितरत मिरा आईना क़ुदरत मिरा शाना है

जो उन पे गुज़रती है किस ने उसे जाना है
अपनी ही मुसीबत है अपना ही फ़साना है

क्या हुस्न ने समझा है क्या इश्क़ ने जाना है
हम ख़ाक-नशीनों की ठोकर में ज़माना है

आग़ाज़-ए-मोहब्बत है आना है न जाना है
अश्कों की हुकूमत है आहों का ज़माना है

आँखों में नमी सी है चुप चुप से वो बैठे हैं
नाज़ुक सी निगाहों में नाज़ुक सा फ़साना है

हम दर्द-ब-दिल नालाँ वो दस्त-ब-दिल हैराँ
ऐ इश्क़ तो क्या ज़ालिम तेरा ही ज़माना है

या वो थे ख़फ़ा हम से या हम हैं ख़फ़ा उन से
कल उन का ज़माना था आज अपना ज़माना है

ऐ इश्क़-ए-जुनूँ-पेशा हाँ इश्क़-ए-जुनूँ-पेशा
आज एक सितमगर को हँस हँस के रुलाना है

थोड़ी सी इजाज़त भी ऐ बज़्म-गह-ए-हस्ती
आ निकले हैं दम-भर को रोना है रुलाना है

ये इश्क़ नहीं आसाँ इतना ही समझ लीजे
इक आग का दरिया है और डूब के जाना है

ख़ुद हुस्न-ओ-शबाब उन का क्या कम है रक़ीब अपना
जब देखिए अब वो हैं आईना है शाना है

तस्वीर के दो रुख़ हैं जाँ और ग़म-ए-जानाँ
इक नक़्श छुपाना है इक नक़्श दिखाना है

ये हुस्न-ओ-जमाल उन का ये इश्क़-ओ-शबाब अपना
जीने की तमन्ना है मरने का ज़माना है

मुझ को इसी धुन में है हर लहज़ा बसर करना
अब आए वो अब आए लाज़िम उन्हें आना है

ख़ुद्दारी-ओ-महरूमी महरूमी-ओ-ख़ुद्दारी
अब दिल को ख़ुदा रक्खे अब दिल का ज़माना है

अश्कों के तबस्सुम में आहों के तरन्नुम में
मासूम मोहब्बत का मासूम फ़साना है

आँसू तो बहुत से हैं आँखों में 'जिगर' लेकिन
बंध जाए सो मोती है रह जाए सो दाना है

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## ईराक में शिया सशस्त्र समूहों ने किया हाइफा तेल रिफाइनरियों पर हमला

**बगदाद,** 6 अप्रैल (एजेंसियां)। इराक में शिया सशस्त्र समूहों ने दावा किया कि उसने उत्तरी इजरायल के हाइफ़ा में तेल रिफाइनरियों पर हमला किया है। समूहों ने कहा कि आज तड़के इराक में इस्लामिक प्रतिरोध के मुजाहिद्दीन ने हाइफा में हमारे कब्जे वाले क्षेत्रों में तेल रिफाइनरियों पर ड्रोन से हमला किया। इराकी सशस्त्र समूहों ने कहा कि वे गाजा में अपने लोगों का समर्थन करने के साथ फिलिस्तीनी के नरसंहार के जवाब में अभियान के दौरान दुश्मन के गढ़ों को नष्ट करना जारी रखेंगे।

# इजरायल को आक्रामक हथियारों की आपूर्ति बंद करने का बाइडेन से आग्रह

■ नैंसी पेलोसी सहित 40 कांग्रेस सदस्यों ने बाइडेन और एंटनी ब्लिंकन को लिखा पत्र



**वाशिंगटन**, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। पूर्व अमेरिकी सदन अध्यक्ष नैंसी पेलोसी सहित 40 कांग्रेस सदस्यों ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को एक संयुक्त पत्र लिखकर इजरायल को आक्रामक हथियारों की आपूर्ति रोकने की अपील की है। यह अपील गाजा पट्टी में वर्ल्ड सेंट्रल किचन (डब्ल्यूसीके) के मानवीय काफिले पर एक घातक इजरायली हमले के बाद की गई है।पत्र में कहा गया है कि हम हाल ही में इजरायली हवाई हमले के बारे में अपनी साझा चिंता और आक्रोश व्यक्त कर रहे हैं, जिसमें एक अमेरिकी नागरिक सहित सात वर्ल्ड सेंट्रल किचन सहायता कार्यकर्ता मारे गए। इस घटना के आलोक में, हम पूरी दृढ़ता के साथ आपसे आग्रह करते हैं कि आप इजरायल को एक नए हथियार पैकेज की आपूर्ति को अधिकृत करने के अपने हाल के निर्णय पर पुनर्विचार करें और हवाई हमले की जांच पूरी होने तक इसे और भविष्य में किसी भी आक्रामक हथियार की आपूर्ति बंद कर दें।पत्र में कहा गया है कि अमेरिकी कांग्रेस के सदस्यों ने वाशिंगटन से यह सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया है कि इजरायल को भविष्य में सैन्य आपूर्ति, जिसमें पहले से ही अधिकृत हस्तांतरण शामिल हैं, यह सुनिश्चित करने वाली शर्तों के अधीन हैं कि इसका उपयोग अमेरिकी और अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुपालन में किया जा रहा है।

पत्र में कहा गया कि हम आपसे इन आपूर्तियों को रोकने का भी आग्रह करते हैं अगर इजरायल गाजा में निर्दोष लोगों को पर्याप्त नुकसान में कमी लाने में विफल रहता है, जिसमें सहायता कार्यकर्ता भी शामिल हैं और अगर यह गाजा में मानवीय सहायता का परिवहन एवं वितरण को सुविधाजनक बनाने में विफल रहता है या प्रतिबंधित करता है।

## ईरान ने अमेरिका को इजरायल के 'जाल' में नहीं फंसने की दी चेतावनी



**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका को चेतावनी दी है कि वह इजरायल की ओर से बिछाए गए जाल में न फंसे। यह चेतावनी इजरायल द्वारा सीरिया में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर हमला करके के बाद दी गई है। ईरानी राष्ट्रपति के राजनीतिक मामलों के डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ मोहम्मद जमशीदी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व मे ट्वीटर) पर एक पोस्ट में ईरान द्वारा अमेरिकी सरकार को भेजे गए एक लिखित संदेश पर विस्तार से बताते हुए यह टिप्पणी की। यह संदेश सीरिया की राजधानी दमिश्क में ईरानी वाणिज्य दूतावास की इमारत पर इजरायल द्वारा सोमवार के किए गए हमले के बाद भेजा गया है, जिसमें ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स के दो कमांडर सहित सात ईरानी मारे गए थे।

उन्होंने कहा कि संदेश में, ईरान ने अमेरिकी नेतृत्व को चेतावनी दिया है कि वह इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के जाल में न फंसे और वाशिंगटन को दूर रहने की सलाह दी है जिससे उसे नुकसान न पहुंचे। जमशीदी ने कहा संदेश के जवाब में अमेरिका ने ईरान से कहा कि वह अमेरिकी प्रतिष्ठानों को निशाना न बनाए। हमले की प्रतिक्रिया में मंगलवार को पर एक संदेश में, ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई ने संकल्प लिया कि देश के बहादुर लोग ईरानी वाणिज्य दूतावास की इमारत पर घातक आपराधिक हमले के लिए इजरायल को कठोर सजा देंगे।

## यूक्रेन पर रूसी हमलों में 10 की मौत, दर्जनों घायल

**कीव,** 6 अप्रैल (एजेंसियां)। पिछले 24 घंटों में यूक्रेन पर रूसी हमलों में कम से कम 10 लोग मारे गए और दर्जनों घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को ये जानकारी दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, जापोरीज़िया के गवर्नर इवान फेडोरोव ने कहा कि दक्षिणी शहर जापोरीजिया में मिसाइल हमलों में चार लोग मारे गए और 23 घायल हो गए। फेडोरोव ने एक बयान में कहा, हमले में 24 निजी घरों और नौ अपार्टमेंट ब्लॉक सहित 40 से अधिक इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। इसके अलावा, खार्किव के मेयर इहोर तेरेखोव के अनुसार, यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर पर रात भर हुए मिसाइल हमलों में छह लोग मारे गए और 11 अन्य घायल हो गए। तेरेखोव ने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा कि हमले में उत्तरी शेवचेनकिवस्की जिले के आवासीय इलाकों को निशाना बनाया गया जिसमें नौ अपार्टमेंट, तीन शयनगृह, दो किंडरगार्टन, दो स्कूल और एक गैस स्टेशन क्षतिग्रस्त हो गया। यूक्रेनी वायु सेना के कमांडर मायकोला ओलेशुक ने कहा कि रूस ने रात भर यूक्रेन पर छह मिसाइलें और 32 लड़ाकू ड्रोन लॉन्च किए।



## सुडोकू 6517

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | 8 | | | 1 | | |
| 3 | | 8 | 6 | | | | | 4 |
| 6 | | | | 2 | | 7 | | |
| | | | | 9 | | | | 2 |
| | | 9 | | | | 6 | | |
| 4 | | | | 1 | | | | |
| | | 1 | | 3 | | | | 9 |
| 2 | | | | | 1 | 5 | | 7 |
| | | 3 | | | 7 | | 2 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : रविवार 7 अप्रैल, 2024 चैत कृष्ण पक्ष 14

### राशिफल

मेष - आज आर्थिक मामलों में आपका दिन अच्छा है। शादी योग्य युवाओं को जीवनसाथी मिलने का योग है। सामाजिक रूप से आपको यश-कीर्ति मिलेगी। व्यापार में लाभ होगा। पर्यटन पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

वृषभ - आज का दिन शुभ फलदायी है। व्यापार में स्थिति अनुकूल रहेगी। आपके काम की उचित प्रशंसा होगी। सामाजिक रूप से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। काम भी सरलता से संपन्न होंगे। आर्थिक लाभ होगा।

मिथुन - विरोधियों और अधिकारियों के साथ आज किसी भी तरह से वाद-विवाद में ना पड़ें। आनंद- प्रमोद से सम्बंधित वस्तुओं को खरीदने में अधिक खर्च हो सकता है। व्यापार के क्षेत्र में वातावरण अच्छा रहेगा।

कर्क - आज नेगेटिव विचार आपको घेरे रखेंगे। वाणी पर संयम रखें। परिवार में तकरार होने से शारीरिक और मानसिक अस्वस्थता आपको सताएगी। दोपहर के बाद विदेश से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। संतान के विषय में चिंता रहेगी।

सिंह - स्वास्थ्य की दृष्टि से आज आप प्रसन्न और आनंदित रहेंगे। मित्रों तथा संबंधियों के साथ घूमने- फिरने की योजना बनाएंगे और आनंददायी प्रवास भी कर पाएंगे। सामाजिक रूप से सम्मान प्राप्त होगी।

कन्या - आप के स्वभाव में आज कुछ अधिक संवेदनशीलता रहेगी। काम की सफलता से मानसिक रूप से आप प्रफुल्लित रहेंगे। यश और कीर्ति में भी वृद्धि होगी। मायके से अच्छे समाचार मिलेंगे।

तुला - अपनी बौद्धिक शक्ति से लेखन काम और अन्य रचनात्मक काम करने में आगे बढ़ेंगे। विचारों में आते शीघ्र परिवर्तन से मानसिक रूप से आप स्वस्थ नहीं रह पाएंगे। संभवत: यात्रा को टाल दें। आकस्मिक खर्च के योग हैं।

वृश्चिक - आज विद्यार्थियों के लिए दिन अनुकूल है। स्वभाव से जिद्दीपन छोड़कर आगे बढ़ेंगे, तो अनेक समस्याओं का निराकरण होता दिखेगा। नए वस्त्र और सौंदर्य की चीजें खरीदने में आपकी रुचि बनेगी।

धनु - शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य आज बना रहेगा। परिजनों के साथ किसी छोटी यात्रा पर जा सकते हैं। मित्रों और स्वजनों के साथ अच्छे समय का आनंद ले पाएंगे।

मकर - आज आप अधिक वाद-विवाद न करें। धार्मिक काम और उपासना के पीछे धन खर्च हो सकता है। परिजनों के साथ किसी बात पर वाद-विवाद हो सकता है। दोपहर के बाद आपका मन प्रफुल्लता का अनुभव करेगा।

कुंभ - आज आपका मन खुश रहेगा। आध्यात्मिकता से मन को शांत रखने की कोशिश करेंगे। नेगेटिव विचारों को मन से निकाल देने में ही आपकी भलाई है। वाणी पर संयम रखें। किसी अनावश्यक काम में धन खर्च हो सकता है।

मीन - आज किसी के साथ भी धन संबंधी कोई व्यवहार ना करें। दिन की शुरुआत में मन को एकाग्र रखने में दिक्कत आएगी। आज खर्च पर संयम रखें। स्वजनों से विवाद हो सकता है, इससे आपका मन उदास रहेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## रूस ने जापोरीजिया परमाणु संयंत्र पर हमले के प्रयासों के खिलाफ चेताया

**मॉस्को,** 6 अप्रैल (एजेंसियां)। रूस ने यूक्रेन और उसके पश्चिमी सहयोगियों को ज़ापोरिजिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र (एनपीपी) पर हमला करने या स्थिति को अस्थिर करने के प्रयासों के खिलाफ चेतावनी दी है।

रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया ज़खारोवा ने शुक्रवार को कहा कि हम आईएईए (अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी) से मामले की जांच का आग्रह करते हैं। इसके लिए संयंत्र के विशेषज्ञों की मदद ली जा सकती है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने संयंत्र की प्रेस सेवा के एक बयान का हवाला देते हुए बताया कि हाल के दिनों में ज़ापोरिज़िया परमाणु केंद्र के आसपास कई यूक्रेनी सैन्य ड्रोन देखे गए। हालांकि संयंत्र को कोई नुकसान नहीं हुआ है।



## नाइजीरिया हमले में 25 लोगों की मौत


**अम्बूजा,** 6 अप्रैल (एजेंसियां)। नाइजीरिया के उत्तर-मध्य प्रांत कोगी में एक स्थानीय समुदाय पर अज्ञात बंदूकधारियों ने हमला किया जिसमें कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए हैं। पीड़ित समुदाय के एक नेता एलियास एटाबोर ने शुक्रवार देर रात मीडिया को बताया कि बंदूकधारियों ने गुरुवार देर रात कोगी के ओमाला स्थानीय सरकारी क्षेत्र में अगोजेजू-ओडो समुदाय में गोली बरसाकर कहर बरपाया, जिसमें 25 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए।

अटाबोर ने कहा कि हाल ही में इस क्षेत्र में लगातार हमले हुए हैं। हमलों में बच्चों सहित मरने वालों की संख्या हर घंटे के बाद बढ़ती जा रही है। समुदाय के नेता ने कहा कि बंदूकधारियों ने गुरुवार शाम उनके समुदाय में घुस आए और अलग-अलग जगह से गोलीबारी शुरू कर दी। उन्होंने सरकार से भविष्य में इस तरह के हमलों को रोकने के लिए क्षेत्र में और अधिक सैनिकों को तैनात करने का आग्रह किया।

## मानवाधिकार परिषद ने गाजा पर प्रस्ताव पारित किया

**बीजिंग,** 6 अप्रैल (एजेंसियां)। संरा मानवाधिकार परिषद ने एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें इज़रायल से गाजा पट्टी में होने वाले संभावित 'युद्ध अपराधों' और 'मानवता के खिलाफ अपराधों' की जिम्मेदारी लेने की मांग की गई। प्रस्ताव में संबंधित देशों से इज़राइल को हथियार मुहैया कराना बंद करने की अपील भी की गई। यह प्रस्ताव अल्बानिया को छोड़कर सभी इस्लामी सहयोग संगठन के सदस्य देशों की ओर से पाकिस्तान द्वारा प्रस्तुत किया गया।

## वर्ग पहेली 6517




**बायें से दायें:-**

१. राज्याभिषेक
३. एक वाद्य यंत्र
५. पाप, धर्मविरुद्ध
६. नौसैनिक, जल सेना का सिपाही
७. संबंधी, परिजन (उर्दू)
९. किसी की स्मृति में बना भवन आदि
१०. शायद
१२. चटनी, अवलेह (उर्दू)
१३. चौकीदार, प्रहरी
१४. प्रशंसित
१६. धक्का, दबाव, संकट की स्थिति, चपत, तमाचा
१८. दुख, उदासी, कष्ट, चिड़चिड़ापन
२०. तीव्र, इच्छा
२१. रसीला
२३. सृजनात्मक

**ऊपर से नीचे:-**

१. दो वस्तुओं के परस्पर घट-बढ़ होने का भाव
२. तालाब
३. लज्जाजनक (उर्दू)
४. प्राचीन कालीन एक विश्वविद्यालय
५. अचनाक, सहसा
८. होंठ
१०. भैंस का नर बच्चा
११. जिस पर निशान लगा हो
१२. रामायण में उल्लेखित एक मायावी
१३. पूरा किया हुआ, समृद्ध, धनी
१४. मिलना, सभा, जलसा
१५. उपयोगी, लाभप्रद
१७. जटिल, घुमावदार
१८. कली का विकसित होना, फूलना
१९. नक्षत्र, आंख की पुतली
२२. किरण

### वर्ग पहेली-6516



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## मेक्सिको ने इक्वाडोर के साथ किया राजनयिक संबंध विच्छेद

**मेक्सिको सिटी,** 6 अप्रैल (एजेंसियां)। इक्वाडोर पुलिस के मेक्सिको के दूतावास में जबरन प्रवेश करने और इक्वाडोर के पूर्व उपराष्ट्रपति जॉर्ज ग्लासस को हिरासत में लेने के मामले को लेकर मैक्सिकन राष्ट्रपति आंद्रेस मैनुअल लोपेज़ ओब्रेडोर ने अपने विदेश मंत्री एलिसिया बारसेना को तुरंत इक्वाडोर के साथ संबंधविच्छेद करने का निर्देश दिया है।

मैक्सिकन राष्ट्रपति ने एक्स पर लिखा कि हमारी विदेश मंत्री एलिसिया बार्सेना ने अभी मुझे बताया कि इक्वाडोर पुलिस ने जबरदस्ती हमारे दूतावास में घुसकर पूर्व राष्ट्रपति को हिरासत में ले लिया, जो शरणार्थी थे और उत्पीड़न और आरोपों के कारण शरण मांग रहे थे। यह अंतरराष्ट्रीय कानून और मेक्सिको की संप्रभुता का घोर उल्लंघन है, इसलिये मैंने अपने विदेश मंत्री को कानून के भीतर कार्य करने के लिये एक बयान जारी करने और तुरंत इक्वाडोर सरकार के साथ राजनयिक संबंध तोड़ने की घोषणा करने का निर्देश दिया।

गौरतलब है कि पिछले दिसंबर, ग्लास क्विटो में स्थित मैक्सिकन दूतावास पहुंचे और अपनी सुरक्षा के लिए अनुरोध किया। यहां उन्हें अतिथि प्रवेश की अनुमति दी गई।

## खुद बीमार है गुमला का सबसे बड़ा सदर अस्पताल, लचर व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

**गुमला,** 6 अप्रैल (एजेंसियां)। झारखंड के गुमला में स्वास्थ्य सुविधा का सबसे बड़ा केंद्र सदर अस्पताल खुद बीमार है। इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं। अस्पताल प्रबंधन पल्ला झाड़ रहा है। सदर अस्पताल में लाखों की लागत से मच्छरदानी खरीदी गई, लेकिन स्थिति ये है कि एक भी मरीज को मच्छरदानी नहीं दी गई।



इतना ही नहीं, तपिश भरी गर्मी से लोगों का हाल बेहाल है। वहीं, अस्पताल के वार्ड में लगे पंखे टूटे और खराब पड़े हैं। मरीजों का दुखड़ा सुनने वाला कोई नहीं। मच्छरदानी की डिमांड करने पर कहा जाता है कि मच्छरदानी नहीं है।

दूसरी ओर सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉक्टर अनुपम किशोर सब कुछ जानते हुए भी अनजान बनते हैं और कहते हैं ऐसी बात नहीं है। पर्याप्त मात्रा में मच्छरदानी है। पंखे की खराबी पर कहते हैं, जल्द ही दुरुस्त करा दिया जाएगा।

अब सवाल यह उठता है कि अगर मच्छरदानी है, तो वार्ड में एक भी मरीज को मच्छरदानी क्यों नहीं मिल रही। आखिर इसकी जवाबदेही लेगा कौन?

वहीं अस्पताल में इलाजरत मरीज व उसके परिजन या तो अपने घर से मच्छरदानी लेकर आते हैं या दुकान से खरीद कर लाते हैं। इसके बाद परिजन बरामदे में मच्छरदानी लगाकर सोते हैं। कारण पूछने पर बताया जाता है कि वार्ड में पंखा खराब है। गर्मी, उमस और बदबू के चलते बाहर सोना पड़ता है। मच्छरों के प्रकोप से मरीजों का रात तो दूर, दिन में भी जीना मुहाल है। जरूरत है, लचर स्वास्थ्य सुविधा पर सुधार की, लेकिन पहल करेगा कौन?

## जूली बिशप म्यांमार में संयुक्त राष्ट्र की विशेष दूत नियुक्त

**संयुक्त राष्ट्र,** 6 अप्रैल (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने शुक्रवार को पूर्व ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री जूली बिशप को म्यांमार में अपने विशेष दूत के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की। बिशप ने 2013 और 2018 के बीच ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री के रूप में कार्य किया है और वर्तमान में ऑस्ट्रेलियाई राष्ट्रीय विश्वविद्यालय की चांसलर हैं, वह सिंगापुर के नोएलीन हेज़र की जगह लेंगी। घोषणा में कहा गया कि बिशप के पास अपनी नई भूमिका के लिए व्यापक राजनीतिक, कानूनी, प्रबंधन और वरिष्ठ नेतृत्व का अनुभव है। बिशप ने ऑस्ट्रेलियाई सरकार में कई उच्च-स्तरीय पदों पर कार्य किया है, जिसमें शिक्षा, महिलाओं के मुद्दों और प्रौढ़ विभाग शामिल हैं। वह 20 वर्षों के कानूनी करियर के बाद 1998 से 2019 तक ऑस्ट्रेलियाई संसद की सदस्य रही।

## आज का इतिहास

1141–महारानी मटिल्डा इंग्लैंड की पहली महिला शासक बनीं।
1509–फ्रांस ने वेनिस के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1712–न्यूयॉर्क में दास विद्रोह में छह गोरे लोग मारे गए और 21 अफ्रीकी अमेरिकी घायल हुए।
1788–अमेरिकी अग्रदूतों ने मैरिएट्टा (आधुनिक ओहीओ में) शहर की स्थापना की।
1856–नेल्सन कॉलेज की स्थापना न्यूज़ीलैंड में की गयी।
1920–प्रसिद्ध सितार वादक पंडित रवि शंकर का जन्म।
1929–पहली वाणिज्यिक उड़ान भारत पहुंची, जब ब्रिटेन के इंपीरियल एयरवेज की लंदन-काहिरा सेवा को कराची तक बढ़ाया गया।
1939–दूसरे विश्वयुद्ध में अल्बानिया पर इटली का कब्जा।
1940–अमेरिका में डाक टिकट पर पहली बार अश्वेत अमेरिकी बुकर टी. वॉशिंगटन की तस्वीर छापी गई।
1942–जम्पिंग जैक के नाम से प्रसिद्ध भारतीय अभिनेता जितेंद्र का जन्म।
1946–सीरिया को फ्रांस से आजादी मिली।
1947–अरब बाथ पार्टी की स्थापना दमिश्क में हुई।
1948–शंघाई में एक बौद्ध मठ में आग लगने से 20 बौद्ध भिक्षुओं मरे गए।
1948–संयुक्त राष्ट्र ने विश्व स्वास्थ्य संगठन का गठन किया।
1955–विंस्टन चर्चिल ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दिया।
1969–दुनिया में सूचना तकनीक के मैदान में बड़ी क्रांति। इसी दिन इंटरनेट का जन्म हुआ।
1981–टेक्सास के कॉर्पस क्रिस्टी शहर में एक अनाज की लिफ्ट में विस्फोट होने से 9 लोग मारे गए और 30 घायल हुए।
1990–नॉर्वे के निकट एक नौका दुर्घटना में 110 लोग मारे गए।
1994–फेडएक्स एक्सप्रेस के एक कर्मचारी ने असफल आत्महत्या के प्रयास में फेडरल एक्सप्रेस फ्लाइट 705 को हाईजैक करने की कोशिश की।
1995–रूसी अर्धसैनिक बलों ने चेचन्या के समशकी में कम से कम 250 नागरिकों का नरसंहार शुरू किया।

**अपील** संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने की गाजा में इजरायल की सैन्य रणनीति में बदलाव की मांग, बोले

## स्वतंत्र जांच व जमीनी स्तर पर सार्थक बदलाव की जरूरत

**संयुक्त राष्ट्र, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गाजा में इजरायल की सैन्य रणनीति और लोगों की जान बचाने के लिए सहायता वितरण में बदलाव का आह्वान किया है। एंटोनियो गुटेरेस ने शुक्रवार को कहा था कि इस हफ्ते वर्ल्ड सेंट्रल किचन के सात मानवीय कार्यकर्ताओं की भयावह हत्या के बाद, इजरायली सरकार ने गलतियों को स्वीकार किया है और कुछ अनुशासनात्मक उपायों की घोषणा की है। लेकिन, मूल समस्या यह नहीं है कि गलतियां किसने की।**

यह सैन्य रणनीति और प्रक्रियाएं हैं, जो उन गलतियों को बार-बार बढ़ने की इजाजत देती हैं। उन्होंने कहा कि उन विफलताओं को ठीक करने के लिए स्वतंत्र जांच और ज़मीनी स्तर पर सार्थक और मापने योग्य बदलाव की जरूरत है। गाजा संघर्ष को छह महीने होने जा रहे हैं।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने गुटेरेस के हवाले से कहा कि गाजा में युद्ध, नागरिकों, सहायता कर्मियों, पत्रकारों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और संयुक्त राष्ट्र कर्मचारियों के लिए सबसे घातक संघर्ष है। 175 से अधिक संयुक्त राष्ट्र स्टाफ सदस्यों सहित लगभग 196 मानवीय सहायता कर्मी मारे गए हैं।

युद्ध ने आघात, तथ्यों को अस्पष्ट करने और दोष बदलने को बढ़ा दिया है। अंतरराष्ट्रीय पत्रकारों को गाजा में प्रवेश से वंचित करना दुष्प्रचार और झूठे नैरेटिव को पनपने की इजाजत दे रहा है। उन्होंने उन हत्याओं की जांच की मांग करते हुए कहा कि जांच केवल इजरायली अधिकारियों के सहयोग से की जा सकती है। उन्होंने कहा, 196 मानवीय कार्यकर्ता मारे गए हैं। हम जानना चाहते हैं कि उनमें से हर एक को क्यों मारा गया।



**गाजा में युद्ध, नागरिकों, सहायता कर्मियों, पत्रकारों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के लिए सबसे घातक संघर्ष है : संरा**

गुटेरेस ने कहा कि वर्ल्ड सेंट्रल किचन के कर्मचारियों की हत्या के बाद, संयुक्त राष्ट्र को इजरायल की सरकार ने गाजा में वितरित मानवीय सहायता में पर्याप्त बढ़ोतरी की अनुमति देने के अपने इरादे के बारे में जानकारी दी थी। मुझे पूरी उम्मीद है कि ये इरादे प्रभावी ढंग और शीघ्रता से साकार होंगे क्योंकि गाजा में स्थिति बिल्कुल निराशाजनक है। मानवीय स्थितियों के लिए जीवन-रक्षक सहायता के वितरण में एक वास्तविक आदर्श बदलाव के लिए एक लंबी छलांग की जरूरत होती है।

एंटोनियो गुटेरेस ने तत्काल मानवीय संघर्ष विराम, सभी बंधकों की बिना शर्त रिहाई, नागरिकों की सुरक्षा और मानवीय सहायता की निर्बाध डिलीवरी के लिए अपनी तत्काल अपील दोहराई।

## दुनिया को जानें

### चीन के हैकर्स भारत के चुनावों को करेंगे बाधित : माइक्रोसॉफ्ट

**नई दिल्ली,** 6 अप्रैल (एजेंसियां)। इस साल दुनिया के कई प्रमुख देशों में चुनाव हो रहे हैं। इनमें भारत, दक्षिण कोरिया और अमेरिका शामिल हैं। माइक्रोसॉफ्ट ने चेतावनी दी है कि चीन के हैकर्स एआई का उपयोग कर इन चुनावों को बाधित करने का प्रयास करेंगे।

माइक्रोसॉफ्ट के मुताबिक चीनी हैकर्स मीम्स, वीडियो और ऑडियो के जरिए चुनवों को प्रभावित करने का प्रयास करेंगे। टेक दिग्गज के अनुसार, चीन मतदाताओं को विभाजित करने के लिए फर्जी सोशल मीडिया खातों का उपयोग कर रहा है। कंपनी ने एक पोस्ट में कहा कि चीन ने दुनिया भर में अपने लक्ष्यों को साधने के लिए एआई-जनित सामग्री का उपयोग बढ़ा दिया है।

चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) से जुड़े लोगों के भ्रामक सोशल मीडिया खातों ने अमेरिकी मतदाताओं को विभाजित करने वाले प्रमुख मुद्दों पर विवादास्पद सवाल उठाना शुरू कर दिया है। इस साल जनवरी में ताइवान के राष्ट्रपति चुनाव में भी चीन से जुड़े साइबर हैकर्स ने एआई-जनित सामग्री का उपयोग किया था।

# प्रादेशिकी

### पासवर्ड, ओटीपी किसी अनजान व्यक्ति से साझा न करें : बैरवा

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर के उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि धोखाधड़ी की मंशा से नागरिकों को आ रही मोबाइल कॉल्स से सावधानी बरतना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कुछ एक बूथ लेवल अधिकारियों को भी धोखाधड़ी से संबंधित काल्स प्राप्त हुई हैं। जिसमें पहले तो उनसे पुरुष, महिला डाटा व बूथ लेवल ऐप के बारे में पूछा जा रहा है। श्री बैरवा ने कहा कि इसके साथ ही समस्त बूथ लेवल अधिकारियों से अनुरोध है कि वह अपने-अपने निजी बैंक खातों की जानकारी जैसे कि पासवर्ड, ओ.टी.पी. इत्यादि के बारे सूचना किसी अनजान व्यक्ति को ना दें। उन्होंने कहा कि लोकसभा निर्वाचन-2024 की घोषणा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिनांक 16 मार्च, 2024 को कर दी गई है।

# उत्तराखण्ड में 11 को आएंगे प्रधानमंत्री मोदी

**हरिद्वार,** 6 अप्रैल (देशबन्धु) उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल होना है, जिसके अब ज्यादा वक्त नहीं बचा है। यही कारण है कि राजनीति पार्टियों ने चुनाव प्रचार में अब पूरी ताकत झोंक दी है। एक तरफ जहां कांग्रेस अभीतक अपने स्टार प्रचारकों के कार्यक्रम तक तय नहीं कर पाई तो वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 अप्रैल को दूसरे चुनावी दौरे पर उत्तराखंड आ रहे हैं। 11 अप्रैल को पीएम मोदी हरिद्वार में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। इसकी जानकारी खुद बीजेपी के नेताओं ने दी है।

बीजेपी नेताओं के मुताबिक 11 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तराखंड के हरिद्वार जिले में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। हरिद्वार में पीएम की चुनावी रैली का लाभ बीजेपी को न सिर्फ हरिद्वार लोकसभा सीट पर मिलेगा, बल्कि उत्तराखंड और यूपी की दो अन्य-अन्य सीटों पर भी मिलेगा।हरिद्वार लोकसभा सीट की सीमाएं यूपी के दो जिलों सहारनपुर और मुजफ्फनगर से जुड़ती हैं। ऐसे में बीजेपी को पश्चिमी यूपी की इन दोनों सीटों पर पीएम मोदी की रैली का फायदा मिलेगा। वहीं उत्तराखंड की टिहरी और गढ़वाल लोकसभा सीट का बड़ा क्षेत्र



भी हरिद्वार से लगाता है, तो इसीलिए माना जा रहा है कि उत्तराखंड की इन दोनों सीटों पर भी पीएम मोदी की रैली का असर पड़ेगा। गौरतलब है कि हरिद्वार लोकसभा सीट से बीजेपी ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत को मैदान में उतार रखा है। त्रिवेंद्र सिंह रावत का सीधा मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी और सूबे के सीएम हरीश रावत के बेटे वीरेंद्र रावत से है। हरीश रावत भी अपने बेटे वीरेंद्र रावत को जिताने के लिए जमकर चुनाव प्रचार कर रहे हैं।

बता दें कि इससे पहले पीएम मोदी ने दो अप्रैल को उधमसिंह नगर जिले के रुद्रपुर में विशाल जनसभा को संबोधित किया था। उत्तराखंड में बीजेपी के स्टार प्रचारकों की बात करें तो अभीतक पीएम मोदी के अलावा बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी यहां आ चुके हैं। वहीं 12 अप्रैल को प्रदेश के सीमांत जिले पिथौरागढ़ में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ का दौरा है। उससे पहले यूपी सीएम योगी अदित्यनाथ और गृह मंत्री अमित शाह का भी उत्तराखंड में चुनावी दौरा फाइनल हो चुका है।

## भाजपा को पार्टी के हर कार्यकर्ता के बलिदान ने किया खड़ा : धामी

■ अमरनाथ तिवारी

**देहरादून।** राष्ट्र सर्वोपरि के पथ पर चलते हुए भाजपा ने शनिवार को अपना स्थापना दिवस प्रदेश भर में धूमधाम से मनाया। मुख्यमंत्री धामी एवं प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा, आप सभी के सामर्थ्य पर मोदी जी ने 400 पार का लक्ष्य तय किया है ।बालवीर रोड स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय में स्थापना दिवस का मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सीएम पुष्कर सिंह धामी एवं प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट द्वारा ध्वजारोहण कर सभी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने राज्य में पार्टी के मुख्य पत्र देवकमल पत्रिका के विशेषांक का विमोचन करते हुए इस अवसर पर मौजूद सभी लोगों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। मीडिया से मुखातिब होते हुए हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा, आज हम सब पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए बेहद खुशी एवं उत्साह का दिन है। साथ ही उन तमाम कार्यकर्ताओं को नमन



■ भाजपा ने पार्टी की स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

■ लोकसभा चुनाव के लिए माइक्रो डोनेशन की अपील

और श्रद्धासुमन अर्पित किया जिनकी मेहनत और त्याग से भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। और सबसे महत्वपूर्ण है कि यह स्थापना दिवस ऐसे समय आया है जब देश में लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व मनाया जा रहा है। हम भी संकल्प लेते हैं कि इस बार के चुनाव में तीसरी बार मोदी जी को प्रधानमंत्री के लिए राज्य की पांचो सीटों को हम प्रचंड बहुमत से जीतेंगे। बूथ टोली, पन्ना प्रमुख, शक्तिकेंद्र पर मुस्तैद कार्यकर्ताओं और पार्टी पदाधिकारियों के प्रयासों से इस बार की जीत 2014 और 2019 से कई बड़ी होने जा रही है।

पीएम के आगामी दौरे को लेकर पूछे सवाल का जवाब देते हुए सीएम ने कहा कि मोदी का आना हमेशा कार्यकर्ताओं के साथ देवभूमिवासियों में भी नई ऊर्जा का सृजन करता है । उनका हमेशा उत्तराखंड के प्रति खास लगाव रहता है यही वजह है कि केंद्र की योजनाओं से प्रदेश तेज गति से विकास पथ पर दौड़ रहा है। प्रदेश महामंत्री संगठन अजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा हम देश के लिए सर्वस्व बलिदान और समर्पण का भाव पैदा करने वाली पार्टी के रूप में काम कर रहे हैं हम जब पार्टी के विचार को समाज में आगे बढ़ते हैं तो कहीं ना कहीं वह भारत का विचार ही होता है।

## दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है भाजपा: प्रेमचंद अग्रवाल

**ऋषिकेश,** 6 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के 45वें वर्ष में प्रवेश करने पर पार्टी कार्यालय में ध्वज फहराया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक व मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने कमल का फूल देकर कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर नगरभर में मोटरसाइकिल रैली भी निकाली गई। रेलवे रोड स्थित



भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री डॉ अग्रवाल ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी आज 44वां स?थापना दिवस मना रही है। भारतीय जनता पार्टी की स्थापना आज ही के दिन वर्ष 1980 में हुई थी। इससे पहले यह भारतीय जन संघ के नाम से जाना जाता था, जिसकी स्थापना साल 1951 में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने की थी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष रविन्द्र राणा, मण्डल अध्यक्ष सुमित पंवार, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कविता शाह, सरदार सतीश सिंह, कृष्ण कुमार सिंघल, चेतन शर्मा, बृजेश शर्मा, दिनेश सती, दीपक धमीजा, सन्दीप गुप्ता, जितेंद्र अग्रवाल, माधवी गुप्ता, शिव कुमार गौतम, दीपक बिष्ट , वीरेंद्र रमोला, विजेंद्र मोंगा, चंदू यादव, संजय शास्त्री, अनिता ,नीलम चमोली, पुष्पा धयानी, पवन शर्मा, नितिन सकसेना, हरीश तिवाड़ी, राजेश दिवाकर, अभिनब पाल, प्रदीप कोहली, जयंत शर्मा, निवेदिता सरकार, आशा शुक्ला, अनिता तिवाड़ी, पुनिता भंडारी, रजनी अग्रवाल, जय प्रकाश ठेकेदार आदि सेकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**सार संक्षेप**

### भाजपा के स्थापना दिवस पर वरिष्ठ भाजपाई हुए सम्मानित

**अल्मोड़ा।** भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पार्टी का 45वां स्थापना दिवस मनाया। जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा एवं प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश शर्मा ने पार्टी के वरिष्ठ नेता रणजीत सिंह भंडारी एवं नरेंद्र लाल वर्मा (भैय्या लाल वर्मा) को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इससे पहले पातालदेवी स्थित पार्टी कार्यालय में झंडा फहराया। इस मौके पर लोकसभा के प्रभारी सुरेश भट्ट, विधानसभा संयोजक कैलाश शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता नरेश वर्मा, रणजीत भंडारी, पूर्व जिलाध्यक्ष गोविंद पिलखवाल, अरविंद बिष्ट, रवि रौतेला, राजीव गुरुरानी, लता बोरा, विधानसभा विस्तारक सुरेश काण्डपाल, गिरीश खोलिया, विधानसभा प्रभारी देवेन्द्र नयाल, जिला महामंत्री धर्मेंद्र बिष्ट, जिला उपाध्यक्ष कैलाश गुरुरानी, प्रकाश भट्ट, राजेंद्र बिष्ट, मीना भैसोड़ा, निर्मला जोशी, लीला बोरा, जगत तिवारी, देवाशीष नेगी, अजय वर्मा, दर्शन रावत, राजा खान, विनीत बिष्ट, जगत भट्ट, चन्दन लाल टम्टा, लता पान्डे, भावना तिवारी, गंगा पाण्डे आदि कई कार्यकर्ता

### मतदाता सूची में छूटी महिला वोटर्स के पंजीकरण को लेकर चलेगा अभियान : बैरवा

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर में लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत मतदाता सूची में छूटे हुए महिला मतदाताओं तथा दिव्यांगों के नामों का पंजीकरण करने के लिए चार मई तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी डीसी हेमराज बैरवा ने कहा कि मतदाता लिंग अनुपात के अंतर को पूरा करने के लिए बूथ लेवल अधिकारियों, आंगनबाड़ी कार्यकताओं, महिला मंडलों, स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों के सहयोग से मतदाता सूची में छूटे हुए महिला मतदाताओं के नाम पंजीकृत करवाने के लिए कारगर कदम उठाए जाएंगे। बैरवा ने कहा कि कांगड़ा जिला में पुरूष मतदाताओं की संख्या छह लाख 54 हजार 626 है जबकि महिला मतदाताओं की संख्या छह लाख 43 हजार 862 है जबकि कांगड़ा जिला में जनगणना के मुताबिक महिलाओं की संख्या पुरूषों के मुकाबले ज्यादा है।

### पुलिस ने रेलवे स्टेशन के पास खोये पांच बच्चों को बचाया

**जालंधर।** पंजाब के जालंधर में पुलिस ने शनिवार को स्थानीय रेलवे स्टेशन के पास खोये पांच बच्चों को बरामद कर उन्हें परिजनों के हवाले कर दिया। पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने बताया कि जालंधर में पुलिस कंट्रोल रूम को पांच बच्चों के बारे में सूचना मिली जो रेलवे स्टेशन के पास घूम रहे हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस स्टेशन डिवीजन 3, जालंधर के स्टेशन हाउस ऑफिसर ने तुरंत बच्चों को बचाया और उनके माता-पिता का पता लगाने के प्रयास शुरू किये। कई घंटों की मशक्कत के बाद पुलिस उनके माता-पिता को ढूंढ पाई।

### सुडोकू 6517 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 1 | 5 | 6 |
| 3 | 1 | 8 | 6 | 7 | 5 | 2 | 9 | 4 |
| 6 | 4 | 5 | 1 | 2 | 9 | 7 | 8 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 | 2 |
| 1 | 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 6 | 4 | 8 |
| 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 8 | 9 | 7 | 5 |
| 7 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 | 8 | 6 | 9 |
| 2 | 6 | 4 | 9 | 8 | 1 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 2 | 1 |

## प्रतिभा सिंह ने न्याय पत्र की सराहना की

**शिमला,** 6 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिभा सिंह ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा लोकसभा चुनावों के लिये जारी न्याय पत्र की सराहना करते हुए कहा है कि कांग्रेस ने लोकसभा चुनावों के लिए अपने घोषणा पत्र में पांच न्याय व 25 गारंटी को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा है कि कांग्रेस में किसी भी प्रकार की असमानता को दूर करने के प्रति बचनबद्ध है। कांग्रेस जो कहती है उसे वह हर हाल में पूरा करती है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस के न्याय पत्र में पांच न्याय व 25 गांरटी देश में किसी भी प्रकार की असमानता को दूर करना जिसमें सामाजिक,आर्थिक व राजनैतिक प्रमुख है कि वचनबद्धता की प्रतिबद्धता का वादा है । केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर इसे अक्षरसः लागू किया जाएगा। प्रतिभा सिंह ने कहा है कि आज जिस प्रकार से लोगों के साथ अन्याय हो रहा है,राजनैतिक दलों के नेताओं को जेलों में डाला जा रहा है, जांच एजेंसियों का दुरुपयोग हो रहा है वह सब देश के लोकतंत्र के लिये एक बड़ा खतरा है और इस खतरे को दूर करने के लिये कांग्रेस पूरी तरह बचनबद्ध है।प्रतिभा सिंह ने कहा है कि देश मे बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी ने आज पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए है। भाजपा ने हर साल एक करोड़ लोगों को रोजगार देने व हरएक के खाते में 15 लाख देने का वादा किया था जो आज दिन तक पूरा नही हुआ। प्रतिभा सिंह ने कहा है कि कांग्रेस का न्यायपत्र देश में हो रहें अनान्य के खिलाफ कांग्रेस की गारंटी है।

# दिल्ली की पार्टियों ने हमेशा पंजाब के साथ भेदभाव किया : बादल

**रायकोट/जगराओ,** 6 अप्रैल (एजेंसियां) शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने शनिवार को पंजाबियों से पंजाब की आवाज-शिरोमणी अकाली दल का समर्थन करने और दिल्ली की मध्यमार्गी पार्टियों को हराने की अपील की है ताकि पंजाब तथा पंजाबियों पर ध्यान केंद्रित किया जा सके। पंजाब बचाओ यात्रा के रायकोट और जगराओ चरण के दौरान अकाली दल अध्यक्ष ने कहा,''अकाली दल पंजाब को सबसे पहले रखने और राज्य के हितों की रक्षा करने के लिए जाना जाता है, दिल्ली की पार्टियां हमेशा पंजाबियों के साथ भेदभाव करने के लिए जानी जाती हैं।''

उन्होने कहा कि अकाली दल एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी वर्गों चाहे वह गरीब, किसान , व्यापारी यां उद्योग के कल्याण के लिए खड़ी है। उन्होने कहा,''हमने किसानों के लिए मुफ्त बिजली के अलावा आटा-दाल और शगुन जैसी नई योजनाएं लाकर गरीबों और किसानों की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता का लगातार प्रदर्शन किया है। हम राज्य में बुढ़ापा पेंशन शुरू करने के लिए भी जिम्मेदार हैं। श्री बादल ने कहा कि कांग्रेस



पंजाब में दिखावटी लड़ाई के जरिए ये दोनों पार्टियां पंजाबियों को मुर्ख बनाने की कोशिश कर रही हैं, जबकि मुख्यमंत्री भगवंत मान दिल्ली में कांग्रेस के साथ मंच सांझा कर रहे हैं : सुखबीर सिंह बादल, शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष

और आप पार्टी दोनों ने पंजाब और पंजाबियों के लिए कुछ नहीं किया है। उन्होने कहा,''मैंने विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता से पिछली कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए बड़े विकास कार्य का नाम बताने के लिए कहा तो जबाव मिला कि सरकार ने सड़कों पर पैचवर्क किया है। इस आप सरकार ने तो सड़कों पर पैचवर्क भी नही किया है, सबकी हालत बेहद खस्ता है और सभी शहरों और कस्बों में नागरिक सुविधाएं भी खस्ताहाल हैं।''यह कहते हुए कि कांग्रेस और आप दोनों के बीच नापाक गठबंधन है,श्री बादल ने कहा कि पंजाब में दिखावटी लड़ाई के जरिए ये दोनों पार्टियां पंजाबियों को मुर्ख बनाने की कोशिश कर रही हैं, जबकि मुख्यमंत्री भगवंत मान दिल्ली में कांग्रेस के साथ मंच सांझा कर रहे हैं। दोनों पार्टियों के खिलाफ लोगों को आगाह करते हुए बादल ने कहा,''भगवंत मान ने कांग्रेस पार्टी की तरह ही हमारे युवाओं पर एनएसए लगाया है।'' श्री बादल ने कहा कि ड्रग्ज का खतरा अपने चरम पर है, क्योंकि आप विधायक खुद तस्करों से मासिक पैसे ले रहे हैं और पुलिस को उनके खिलाफ कार्रवाई करने से रोक रहे हैं। उन्होने कहा कि कानून और व्यवस्था ध्वस्त होने से गैंगस्टर राज और जबरन वसूली की संस्कृति का फैलाव हुआ है, जिसके कारण पंजाब से पूंजी दूसरे राज्यों में जा रही है।

## चारधाम यात्रा की तैयारी में जुटा एआटीओ कार्यालय, ऋषिकेश ग्रीनकार्ड बनने शुरू

**ऋषिकेश,** 6 अप्रैल (देशबन्धु)। चारधाम यात्रा के लिए ऋषिकेश में ग्रीनकार्ड बनाने का काम शुरू हो गया है। एआरटीओ कार्यालय में हवन के बाद ग्रीन कार्ड बनाने का काम शुरू किया गया। पहले ही दिन सर्वर ने धोखा दे दिया जिससे केवल एक ग्रीन कार्ड जारी हो पाया। एआरटीओ कार्यालय में सुबह हवन के बाद ग्रीन कार्ड बनाने के लिए आए 15 वाहनों की फिटनेस जांच की गई। दोपहर एक बजे के बाद बाद केवल एक वाहन को ग्रीन कार्ड जारी किया गया। परिवहन विभाग की ओर से एआरटीओ कार्यालय भवन में आठ नंबर काउंटर को ग्रीन कार्ड के लिए आरक्षित कर दिया गया है। वाहनों की फिटनेस के बाद वाहनों के ग्रीन कार्ड जारी हो सकेंगे। एआरटीओ (प्रशासन) ऋषिकेश अरविंद पांडेय ने बताया कि चारधाम यात्रा के लिए ग्रीन कार्ड बनाने का काम शुरू दिया गया है। पहले दिन हवन, पूजा-अर्चना के बाद एक ग्रीन कार्ड जारी किया गया। ग्रीन कार्ड के लिए आठ नंबर काउंटर आरक्षित कर दिया गया है। इसी काउंटर से ग्रीन कार्ड जारी होंगे। ग्रीन कार्ड बनाने के लिए के लिए सीएससी सेंटर या फिर एआरटीओ कार्यालय में 650 रुपये (बड़े वाहन) व 450 रुपये (छोटे वाहन) का शुल्क ऑनलाइन कटवाना होगा। वाहन का परमिट, इंश्योरेंश, प्रदूषण, प्राविधिक निरीक्षक की ओर से जारी किया गया फिटनेस प्रमाणपत्र होना चाहिए।

## सूखते जलस्त्रोत से वन्यजीवों के लिए बढ़ी पेयजल की समस्या

**देहरादून,** 6 अप्रैल (देशबन्धु)। गर्मी के साथ जंगलों में रहने वाले वन्यजीवों की प्यास बुझाने के लिए वन विभाग की चुनौती बढ़ गई है। विभाग ने जंगलों में अस्थाई रूप से तैयार किए गए वाटर होल में पानी भरकर वन्यजीवों की प्यास बुझाई जा रही है। इस वर्ष गर्मी अपने चरम पर है। जंगलों में पानी के तालाब और बरसाती नाले सूख चुके हैं। ऐसे में वन विभाग अब जानवरों की वाटर होल के माध्यम से प्यास बुझा रहा है। तराई पूर्वी वन प्रभाग अंतर्गत भारी संख्या में वन्यजीवों का वास स्थल है। इसको देखते हुए वन विभाग अब जंगलों में बने वाटर होल को टैंकरों के माध्यम से पानी भरने के बजाय सोलर पैनल से चलने वाले पानी का ट्यूबवेल लगाने जा रहा हैं। जिससे वाटर होल को हमेशा पानी से लबालब भरा रखा जा सके। प्रभागीय वनाधिकारी तराई पूर्वी वन प्रभाग हिमांशु बागड़ी ने बताया कि जंगलों में वन्य जीवों की प्यास बुझाने के लिए अस्थाई रूप से वाटर होल तैयार किए गए हैं। जहां विभाग द्वारा टैंकर के माध्यम से उसमें पानी भरा जाता रहा है। जिससे वन्यजीवों की प्यास बुझाई जा सके। ऐसे में




वन्यजीवों की प्यास बुझाने के लिए हर मुमकिन प्रयास कर रहा विभाग

विभाग पहले चरण में जंगलों के तीन बड़े वाटर होल क्षेत्र में सोलर पैनल वाटर ट्यूबवेल लगाने जा रहा है। ट्यूबवेल के माध्यम से वाटर होल को हमेशा पानी से भरा रखा जा सके।जंगल में वन्यजीवों को भरपूर मात्रा में चारा और पानी उपलब्ध करने के लिए वन विभाग द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। जिससे वन्यजीव जंगलों से निकल कर आबादी में ना आए। साथ ही ऐसा करने से मानव वन्यजीव संघर्ष से बचा जा सके।उन्होंने कहा कि देखा जा रहा है कि तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। ऐसे में वन विभाग के सभी रेंज अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जंगल क्षेत्र के सभी वाटर होल को हमेशा पानी से भरा रखा जाए। जिससे वन्य जीवों को प्यास बुझाने के लिए भटकना ना पड़े।

## तरनतारन में महिला को निर्वस्त्र करने के आरोप में महिला सहित चार गिरफ्तार

**तरनतारन,** 6 अप्रैल (एजेंसियां)। पंजाब में तरनतारन जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अश्वनी कपूर ने शनिवार को बताया कि जिले के वोल्टोहा गांव में एक महिला के साथ मारपीट करने और उसे अर्धनग्न हालत में घुमाने के आरोप में एक महिला सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गये लोगों की पहचान वल्टोहा के जीवन नगर निवासी कुलविंदर कौर, गुरचरण सिंह और शरणजीत सिंह उर्फ सनी और तरनतारन के गांव आबादी अमरकोट अमीरके के सनी के रूप में हुई है। श्री कपूर ने बताया कि यह घटना 31 मार्च की शाम को हुई थी। उन्होंने बताया कि लगभग एक महीना पहले पीड़िता का पुत्र एक लड़की के साथ भाग गया और उसने अपने परिवार की इच्छा के विरुद्ध उससे शादी कर ली थी। श्री कपूर ने कहा कि घटना के वक्त पीड़िता अपने घर पर अकेली थी, कुलविंदर कौर गुरचरण, शरणजीत, सनी और एक अज्ञात व्यक्ति के साथ शादी का बदला लेने के लिये उसके घर आई और तीखी बहस के बाद, उन्होंने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी और उसके कपड़े भी फाड़ दिए।

### बिजली बकायादारों पर सख्त हुआ ऊर्जा निगम

## 170 बकायादारों को भेजा नोटिस, मार्च में अभियान से तीन करोड़ वसूला

**देहरादून,** 6 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तराखंड में ऊर्जा निगम ने बिजली बकायादारों के खिलाफ सख्त रूख अपना लिया है। विद्युत वितरण उपखंड कर्णप्रयाग के अधीन गौचर, कर्णप्रयाग, नौटी आदि सबस्टेशनों से जुड़े व्यावसायिक और घरेलू उपभोक्ताओं द्वारा समय पर बिलों का भुगतान न होने पर विभाग द्वारा मार्च माह में चले विशेष अभियान में तीन करोड़ रुपये वसूला है जबकि शेष एक करोड़ 60 लाख रुपये के लिए अभियान जारी है। विद्युत वितरण उपखंड कर्णप्रयाग के जेईई मुनेश कुमार ने बताया विद्युत पावर स्टेशन के अधीन कर्णप्रयाग, गौचर के ग्रामीण व नगरीय क्षेत्र सहित नौटी के उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए बीते फरवरी और मार्च माह में विशेष शिविर आयोजित किए गए थे। इनमें उपभोक्ताओं के बिलों का संसोधन सहित बिल जमा करने की सुविधा प्रदान की गई थी लेकिन उसके बाद भी कई निजी और सरकारी विभागों द्वारा बिजली के बिलों की धनराशि समय पर जमा नहीं की जिससे अब हर दिन विद्युत कटौती कर कनेक्शन विच्छेदित करने पड़ रहे है। बीते मार्च माह में चले अभियान में 170 उपभोकताओं को नोटिस देते हुए कनेक्शन काटे गए थे जिसमें से 110 द्वारा बिलों का भुगतान कर दिया है जबकि शेष बकायादार जिनमें शिक्षा विभाग, नगर निकाय, सीवेज प्लांटों सहित अन्य उपभोक्ताओं ने अपने बकाया



धनराशि को पखवाड़े भर में जमा करने का समय मांगा गया है। बीते मार्च माह में चले अभियान में तीन करोड़ 70 लाख रुपये की वसूली की जा चुकी है। शेष एक करोड़ से अधिक के भुगतान को अभियान जारी है। नगरपालिका क्षेत्र गौचर में आजकल बाधित विद्युत आपूर्ति से व्यवसायिक प्रतिष्ठान सहित सभी लोग भारी परेशान हैं।

# गारंटियों से आगे बढ़कर किया सुक्खू सरकार ने काम : गोमा

### खेल मंत्री बोले, मात्र सवा साल में 10 में से पांच गारंटियां पूरी

**शिमला,** 6 अप्रैल (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश सरकार में खेल व आयुष मंत्री यादविंदर गोमा ने कहा है कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में वर्तमान राज्य सरकार ने गारंटियां पूरी करने से आगे बढ़कर काम किया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के समय दी गई 10 गारंटियों में से पांच गारंटियों को मात्र सवाल साल के कार्यकाल में पूरा कर दिया है। उन्होंने कहा कि पहली ही कैबिनेट में सरकारी कर्मचारियों की मांग को पूरा करते हुए वर्तमान राज्य सरकार ने पुरानी पेंशन स्कीम को बहाल किया, ताकि वह वृद्धावस्था में आत्मसम्मान के साथ जीवन जी सकें। उन्होंने



कहा कि राज्य सरकार ने महिलाओं के साथ किया वादा भी निभा दिया है और उन्हें 1500

राज्य सरकार ने महिलाओं के साथ किया वादा भी निभा दिया है और उन्हें 1500 रुपए माह सम्मान निधि प्रदान करने के लिए योजना शुरू कर दी है : यादविंदर गोमा, खेल व आयुष मंत्री

रुपए माह सम्मान निधि प्रदान करने के लिए योजना शुरू कर दी है, जिसकी शुभारंभ मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने लाहौल-स्पीति जिला से किया है। इस योजना के शुरू होते ही भाजपा का महिला विरोध सामने आ गया और भाजपा नेता इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख-सम्मान निधि को रुकवाने के लिए चुनाव आयोग के दरवाजे पर पहुंच गए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की माताएं-बहनें भाजपा नेताओं के इस विरोध को देख रही है और चुप नहीं बैठेगी। गोमा ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने तीसरी गारंटी को पूरा करते हुए बेरोज़गार युवाओं के लिए 680 करोड़ रुपए के राजीव गांधी स्वरोज़गार स्टार्ट-अप फंड की शुरूआत की है। जिसके तहत ई-टैक्सी की ख़रीद के लिए 50 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान की जा रही है।

## पंजाब में कार्यरत हरियाणा के मतदाताओं को 25 मई को विशेष अवकाश

**चंडीगढ़,** 06 अप्रैल (एजेंसियां)। लोक सभा मतदान 2024 के संदर्भ में पंजाब में काम करने वाले हरियाणा के मतदाताओं को उनके राज्य में मतदान वाले दिन 25 मई को पंजाब सरकार ने विशेष अवकाश देने की घोषणा की है। सरकारी प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि पंजाब के सरकारी दफ्तरों, बोर्डों / कारपोरेशनों और सरकारी शैक्षिक कार्यालयों में काम करने वाले सरकारी अधिकारियों/ कर्मचारियों में से यदि कोई हरियाणा का मतदाता है, तो वह मत डालने के लिए अपना मतदाता पहचान पत्र पेश करके सम्बन्धित अधिकारी से 25 मई को विशेष अवकाश ले सकेगा। यह अवकाश अधिकारियों/ कर्मचारियों के छुट्टियों के खाते में से नहीं काटी जाएगी।

# प्रादेशिकी

## कला प्रतियोगिता में मतदान के लिए किया गया प्रेरित

**मेरठ।** प्राथमिक विद्यालयों में स्वीप कैलेंडर (बेसिक शिक्षा विभाग) के अनुसार कला प्रतियोगिता का आयोजन प्रत्येक विद्यालय में किया गया, जिसमें छात्रों ने मतदाता जागरूकता संबंधी चित्र बना कर 26 अप्रैल 2024 को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। प्रथमिक विद्यालय अलीपुर जिजमाना में प्रतियोगिता में चित्र बनाने वाले छात्रों को डॉ. कौसर जहां द्वारा सम्मानित भी किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्रीमति आशा चैधरी ने बताया की विद्यालयों में प्रतिदिन कैलेंडर के अनुसार कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हे। ये कार्यक्रम 24 अप्रैल 2024 तक लगातार विद्यालयों में होते रहेंगे, जिसकी मॉनिटरिंग बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा स्वयं की जा रही है।

# अटल आवासीय विद्यालयों में एक सप्ताह में पूरी होगी प्रवेश प्रक्रिया

## अटल आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 और कक्षा 9 में मिलेगा प्रवेश

**लखनऊ,** 6 अप्रैल (देशबन्धु) पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण आवासीय शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए योगी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अटल आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 और कक्षा 9 में प्रवेश प्रक्रिया एक सप्ताह के अंदर पूरी हो जाएगी। विद्यालय का सत्र एक अप्रैल से शुरू हो चुका है, लेकिन आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण कक्षा 6 और कक्षा 9 के लिए हुई प्रवेश परीक्षाओं के रिजल्ट नहीं डिक्लेयर किए जा सके हैं। इसके लिए विद्यालय समिति की ओर से निर्वाचन आयोग से परमीशन मांगी गई है। उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही परमीशन मिलने के बाद रिजल्ट डिक्लेयर कर काउंसिलिंग के माध्यम से छात्रों को प्रवेश दिलाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि बीते वर्ष ही सीएम योगी की इस महत्वाकांक्षी योजना अटल आवासीय विद्यालय का पीएम मोदी ने शुभारंभ किया था। 16 मंडलों में यह विद्यालय शुरू हो चुके हैं, जबकि दो मंडलों मुरादाबाद और बरेली में बिल्डिंग का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसके चलते यहां के छात्रों को दूसरे विद्यालयों में स्थानांतरित किया गया है। बिल्डिंग बनने के बाद उन्हें यहां शिफ्ट कर दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित किए जा रहे अटल आवासीय



विद्यालयों में शैक्षिक सत्र की शुरुआत एक अप्रैल से हो चुकी है। बोर्ड की सचिव गजल भारद्वाज ने बताया कि जो सत्र शुरू हुआ है, उसमें पिछले वर्ष जिन बच्चों ने कक्षा 6 में प्रवेश लिया था, अब वो पास होकर कक्षा 7 में पहुंच गए हैं और उनकी पढ़ाई भी शुरू हो गई है। नए सत्र में कक्षा 6 और कक्षा 9 में छात्रों को प्रवेश दिया जाना है जिसका रिजल्ट फिलहाल अवेटेड है। हमारा रिजल्ट बन चुका है, लेकिन आदर्श आचार संहिता के कारण कुछ जगह हम रिजल्ट घोषित नहीं कर पाए। हमने निर्वाचन आयोग से इस संबंध में परमीशन मांगी है। परमीशन मिलते ही रिजल्ट डिक्लेयर कर एक हफ्ते के अंदर प्रक्रिया को अमली जामा पहनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि हमारी तैयारी पूरी है और प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने के बाद पठन कार्य भी शुरू करा दिया जाएगा।

सचिव ने बताया कि बच्चों की यूनिफॉर्म, शूज और कॉपी-किताबों समेत सभी आवश्यक सामान के लिए बिड प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। इसके लिए भी हमने परमीशन ली है।

■ **16 मंडलों में यह विद्यालय शुरू हो चुके हैं, जबकि दो मंडलों मुरादाबाद और बरेली में बिल्डिंग का निर्माण कार्य प्रगति पर है**

परमीशन मिलते ही इसके भी टेंडर खुल जाएंगे और सारे सामान छात्रों में वितरित कर दिए जाएंगे। इसमें किसी तरह का विलंब नहीं होगा। जिन स्थानों पर टीचर्स की कमी थी, उसके लिए हमारे इंटरव्यू पूरे हो गए हैं। इसका रिजल्ट आचार संहिता लागू होने से पहले ही डिक्लेयर किया जा चुका है। हालांकि अभी हमने उन्हें एप्वॉइंट नहीं किया है। जैसे ही हमारे छठवीं और नौवीं क्लास की कक्षाएं शुरू होंगी, हम उन्हें तत्काल नियुक्ति देकर कोर्स की शुरुआत कर देंगे। उन्होंने कहा कि बरेली और मुरादाबाद मंडलों में बिल्डिंग निर्माणाधीन हैं और उम्मीद है कि जुलाई-अगस्त तक इसका निर्माण कार्य पूर्ण हो जाएगा। इसके बाद दूसरे विद्यालयों में पढ़ रहे यहां के छात्रों को नई बिल्डिंग में शिफ्ट किया जाएगा।

मालूम हो कि बरेली मंडल के बच्चे लखनऊ में और मुरादाबाद मंडल के बच्चे बुलंदशहर के अटल आवासीय विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी की मंशा के अनुरूप अटल आवासीय विद्यालयों में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों के साथ ही कोरोना काल में अपने माता-पिता को गंवाने वाले बच्चों को आवासीय शिक्षा उपलब्ध कराई जाती है। इन विद्यालयों में प्रवेश परीक्षा के आधार पर चयन किया जाता है। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रत्येक विद्यालय में कक्षा 6 में 140 बच्चे तथा कक्षा 9 में 140 बच्चे यानी कुल मिलाकर 280 बच्चों को प्रवेश दिया जाना है। इसमें भी लड़कों और लड़कियों का प्रतिशत 50-50 रहेगा।

# राम नाथ कोविंद से शोभित विवि के अध्यक्ष व कुलाधिपति ने की मुलाकात

**मेरठ,** 6 अप्रैल (देशबन्धु)। शोभित विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. शोभित कुमार और कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र ने भारत के 14वें राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद से उनके निवास पर मुलाकात की। इस भेंट का उद्देश्य भारत के शैक्षिक पारिस्थितिकी तंत्र में उन्नतियों और चुनौतियों पर चर्चा करना था। पूर्व राष्ट्रपति ने आधुनिक शिक्षा की गतिशील आवश्यकताओं के अनुकूलन में शोभित विश्वविद्यालय द्वारा अपनाए गए नवाचारी दृष्टिकोणों की सराहना की। ऐसी पहलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कोविंद जी ने जोर दिया कि देशभर के संस्थानों को ऐसा वातावरण तैयार करने की आवश्यकता है जो न केवल शिक्षित करे बल्कि छात्रों



■ **छात्रों को समाज में प्रभावी योगदान देने के लिए सशक्त भी बनाए शिक्षण संस्थान: पूर्व राष्ट्रपति**

■ **शोभित विश्वविद्यालय द्वारा अपनाए गए नवाचारी दृष्टिकोणों की सराहना की**

को समाज में प्रभावी योगदान देने के लिए सशक्त भी बनाए। कुंवर शेखर विजेंद्र ने विश्वविद्यालय के अत्याधुनिक कार्यक्रमों और वैश्विक चुनौतियों का सामना करने में सक्षम उद्योग-तैयार पेशेवरों को आकार देने में उनके प्रभाव पर प्रकाश डाला। उन्होंने ऐसे नीतिगत ढांचे पर भी चर्चा की जो भारत में शिक्षा की गुणवत्ता और पहुंच को और अधिक बढ़ावा दे सकती है।

## ए एस इंटर कॉलेज में छात्राओं ने मतदाताओं को किया पौधा का वितरण

**मवाना, 6 अप्रैल (देशबन्धु)।** ए एस इंटर कॉलेज के छात्राओं ने शनिवार को मतदाताओं को मेरा वोट मेरा अधिकार जागरूकता अभियान के तहत मतदाताओं को पौधारोपण करने के लिए पौधों का वितरण किया। कार्यक्रम में वन विभाग की ओर से क्षेत्रीय वन अधिकारी रविकांत चौधरी, संजय चैहान एवं संजय गुर्जर, राकेश कुमार एवं अर्जुन कुमार शर्मा ,वनरक्षक अतुल कुमार दुबे ने बताया कि जिलाधिकारी दीपक मीणा तथा मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल, वन संरक्षण अधिकारी राजेश कुमार के निर्देशन में मतदातों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए पौधा वितरण का कार्यक्रम आयोजित कराए जा रहे है।

## सफाई नायकों के क्षेत्रों में फेरबदल

**मवाना,** 6 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर पालिका मवाना के अधिशासी अधिकारी राजीव जैन ने नगर की सफाई व्यवस्था को देखते हुए सफाई कर्मियों के क्षेत्र में फेरबदल किया है। वहीं सफाई कर्मी मनोज कुमार को नगर पालिका कार्यालय से सम्बद्ध कर दिया है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी राजीव जैन ने जारी किए आदेश में कहा कि सुजीत कुमार को मोहल्ला कल्याण सिंह में सफाई नायक का कार्य, चरणदास को मोहल्ला मुन्नालाल में कार्यवाहक सफाई नायक का कार्य करने के लिए तैनात किया है।

### सार संक्षेप

## योगी ने सहारनपुर, बिजनौर और नगीना में तीन जनसभाओं को किया संबोधित

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदितयनाथ ने शनिवार को सहारनपुर, बिजनौर और नगीना में तीन जनसभाओं को संबोधित किया। बीजेपी के स्टार प्रचारक सीएम योगी ने सहारनपुर में जहां प्रधानमंत्री की मौजूदगी में स्थानीय लोकसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार राघव लखनपाल के लिए विशाल जनसभा को संबोधित किया वहीं उन्होंने कैराना लोकसभा सीट के प्रत्याशी प्रदीप चौधरी के लिए भी जनता से भारी संख्या में मतदान की अपील की।

## सुभारती विधि संस्थान में विशेष प्रेरक व्याख्यान का आयोजन

**मेरठ।** स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के सरदार पटेल सुभारती विधि संस्थान में एक विशेष प्रेरक व्याख्यान का आयोजन छात्रों के लिये आयोजित किया गया । विश्वविद्यालय के सुभारती विधि संस्थान, कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग एवं शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मेरठ के संयुक्त तत्वाधान में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## निर्वाचन से संबंधित नोडल अधिकारियों व एआरओ के साथ समीक्षा बैठक

**मेरठ।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक मीणा द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 से संबंधित समस्त नोडल अधिकारियो/एआरओ के साथ समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा कम्यूनिकेशन प्लॉन, रूट चार्ट, वीआईएस/वोटर गाइड, क्रिटिकल, वल्नरेबल, कमिशनिंग, वेबकास्टिंग, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, प्रेक्षक की चैक लिस्ट, मतदान स्थल पर बीएलओ के बैठने की व्यवस्था, पोलिंग पार्टियो की रवानगी तथा अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओ पर विस्तार से समीक्षा की गई व अधिकारियो को आवश्यक-दिशा-निर्देश दिये गये।

## सबके हृदय में विराजमान रहते हैं भगवान मुनि भाव भूषण महाराज

**मवाना/हस्तिनापुर।** प्राचीन गंगा नदी किनारे स्थित कैलाश पर्वत दिगम्बर जैन मन्दिर में विश्व की सुख-शान्ति-समृद्धि के लिये आयोजित 48 दिवसीय भक्तामर विधान पाठ के अंतिम दिन सर्वप्रथम विधानाचार्य सुदीप शास्त्री ने मांगलिक मन्त्रों से क्रियाओं का शुभारम्भ किया। तदोपरांत भगवंतो का स्वर्ण कलश अभिषेक राजीव जैन पार्श्व, रिषित श्रेयांश जैन शान्तिधारा गुलाबचंद जैन, अशोक, संजय, जैन और अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाले दीप का प्रज्जवलन अलका, तारा, डॉ. शिवांगी जैन, ललिता जैन काव्या जैन ने किया।

# मेरठ पब्लिक स्कूल समूह में सम्मान समारोह आयोजित

**मेरठ,** 6 अप्रैल (देशबन्धु)। मेरठ पब्लिक स्कूल समूह द्वारा मेरठ एवं हापुड़ क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा सीट के उम्मीदवार अरुण गोविल का एमपीएस कन्वेंशन



हॉल में स्वागत व अभिनंदन किया गया । इस अवसर पर विद्यालय की सह संस्थापिका कुसुम शास्त्री एवं निदेशक विक्रमजीत सिंह शास्त्री एवं निर्देशिका केतकी सिंह शास्त्री ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया व तिलक लगाकर उनका अभिनंदन किया गया । अरुण गोविल जी व अन्य गणमान्य अतिथि गणों के करसुमनो द्वारा द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बी.जे.पी .के मुख्य नेता अमित अग्रवाल, महापौर हरिकांत अहलूवालिया समेत कई गणमान्य नेता उपस्थित रहे। अरुण गोविल ने अपने संबोधन में मेरठ नगर को ऐतिहासिक, पौराणिक विशिष्ट स्थली कहते हुए कहा मेरा सौभाग्य है कि मुझे इस रत्नगर्भा भूमि पर कार्य करने का सुअवसर प्राप्त होने जा रहा है। मैं सतत् रूप से मेरठ नगर के पूर्णत: विकास के लिए कर्मशील रहूंगा। अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या अलका श्रीवास्तव गौड़ द्वारा सभी का धन्यवाद किया गया व अरुण गोविल को विघ्नहर्ता गणेश की पेंटिंग उपहारस्वरूप प्रदान उनके चयन की कामना की गई।

## मतदान कर्मियों की टीमें बुजुर्गों के आवास पर पहुंची

**मवाना,** 6 अप्रैल (देशबन्धु)। केंद्रीय चुनाव आयोग के आदेश पर बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं को घर पर ही मतदान की सुविधा दी गई। मवाना तहसील परिसर से शनिवार सुबह दस बजे पांच टीमें मतदान कराने के लिए रवाना हुई। पांच पोलिंग पार्टी ने 85 साल से अधिक आयु के बुजुर्गों और दिव्यांगों के आवास पर पहुंचकर मतदान कराया। हस्तिनापुर विधान सभा क्षेत्र में 25 बुजुर्गों और 30 दिव्यांगों ने पोस्टल बैलेट पेपर पर मतदान किया है, जबकि अन्य बुजुर्गो और दिव्यांगों ने तहसील प्रशासन को लिखकर दे दिया कि वे अपना मतदान मतदेय स्थल पर जाकर ही करेंगे। देर शाम छह बजे तक पांचों टीमों ने 55 मतदेय पत्रों को तहसील में जमा कर दिया है। हस्तिनापुर विधान सभा क्षेत्र में 2813 बुजुर्ग और 3089 दिव्यांग मतदाता हैं। उनके लिए केन्द्रीय चुनाव आयोग ने घर पर ही मतदान कराने की सुविधा दी है लेकिन इनमें से 2788 बुजुर्ग और 3059 दिव्यांगों ने तहसील टीम से फार्म भरने से इंकार कर दिया था। उन्होंने यह कहकर टीम को इंकार कर दिया था कि वे अपने मतदेय स्थल पर जाकर ही मतदान करेंगे। इस कारण चुनाव आयोग से केवल 55 पोस्टल बैलेट पेपर जारी हुए थे। पोलिंग पार्टी ने आसिफाबाद पूठी, कोड़ा माजरा अगवानपुर में 85 वर्षसे अधिक मतदताताओं और दरियापुर गांव में दिव्यांग मतदाता के पोस्टल बैलेट पेपर पर मतदान कराया। बिजनौर लोकसभा क्षेत्र में हस्तिनापुर विधान सभा भी शामिल है, जिसमें कुल मतदाता 350874 है।

# शोभित इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संस्थान में एंड्रॉयड पर कार्यशाला का आयोजन

**मेरठ,** 6 अप्रैल (देशबन्धु)। शोभित विश्वविद्यालय के कंप्यूटर विभाग में दिनांक 6-4-2024 को एंड्रॉयड एप्लिकेशन विकास पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्रों में एंड्रॉयड के माध्यम से मोबाइल एप्लिकेशन की क्षमता को विकसित करना था। कार्यशाला में मुख्य वक्ता, उद्योग विशेषज्ञ सचिन सक्सेना, शून्य एकाई टेक्नोलॉजीज के एंड्रॉयड डेवलपर, गुड़गांव, ने छात्रों को एंड्रॉयड में कोडिंग करने की तकनीक सिखाई और मोबाइल एप्लिकेशन विकसित करने का तरीका समझाया। छात्रों ने मोबाइल के लिए विभिन्न प्रकार की एंड्रॉयड एप्लिकेशन्स डेवलप की। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर जयानंद ने छात्रों को एंड्रॉइड टेक्नोलॉजी सीखने के लिए और अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर इंजीनियरिंग विभाग की निदेशक डॉ निधि त्यागी ने छात्रों को एप्लिकेशन डेवलप करने पर शुभकामनाएँ दी और उनका उत्साह बढ़ाया। सभी छात्रों द्वारा कार्यशाला की अच्छी तारीफ की गई। विभाग के सभी अध्यापक कार्यशाला में



उपस्थित थे। डॉ ममता बंसल प्रो. विजय महेवारी, प्रो. अविनव पाठक, प्रो. राजेश पांडेय, प्रो. राजीव कुमार, प्रो. विनीत विश्नोई, प्रो. शिखा चैधरी और हिमानी चैधरी ने छात्रों का उत्साह बढ़ाया। कार्यशाला का आयोजन सफलतापूर्वक करने के लिए प्रो. सुरभि सरोहा और प्रो. निम्रा मीरजा को धन्यवाद दिया गया। छात्रों के सहयोग और उत्साह की सराहना की गई। सरगम और रितिक तथा अन्य विद्यार्थियों ने कार्यशाला को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया।

# सपा के पदाधिकारियों के बीच खत्म होता दिख रहा विवाद

**मेरठ,** 6 अप्रैल (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी पदाधिकारीयों में अब एक दूसरे पदाधिकारियों का विवाद खत्म होता दिख रहा है। अतुल प्रधान ने लोकसभा प्रत्याशी सुनीता वर्मा व उनके पति योगेश वर्मा के साथ पत्रकार वार्ता कर चुनाव में पूर्ण सहयोग करने की बात कही है। शनिवार को जेल रोड स्थित पार्टी पार्टी कार्यालय पर मेरठ-हापुड़ लोकसभा प्रत्याशी के साथ मिलकर ये बातें कहीं। इस दौरान जिला अध्यक्ष और सरधना विधायक अतुल प्रधान सहित महानगर अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। वही शुक्रवार को भी अतुल



प्रधान ने अपने आवास पर प्रेस वार्ता की थी, जिसमें उन्होंने किसी भी विवाद को लेकर इंकार किया था। उन्होंने शनिवार को भी साफ-साफ कहा कि ये पार्टी का निर्णय है और हमे मंजूर है। लोकसभा प्रत्याशी के लिए चुनाव प्रचार में कंधे से कंधा मिलकर खड़े रहेंगे। पत्रकार वार्ता में योगेश वर्मा की पत्नि सपा की उम्मीदवार सुनीता वर्मा ने सपा कार्यालय पर पत्रकार वार्ता की। प्रेस वार्ता के दौरान समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष भी मौजूद रहे। इस मौके पर सपा उम्मीदवार सुनीता वर्मा ने कहा जो कमी मेयर की चुनाव में रह गयी थी अब उस कमी को दूर करने का समय है और इस चुनाव में वो भी पूरा करेंगे।

## मतदाताओं से 100 प्रतिशत मतदान की अपील

**मेरठ,** 6 अप्रैल (देशबन्धु)। श्री मल्हू सिंह आर्य कन्या इंटर कॉलेज मटौर दौराला मेरठ के प्रांगण में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय की हेड गर्ल पायल पाल के नेतृत्व में सभी छात्राओं ने मतदाताओं से 100 प्रतिशत मतदान करने की अपील की और कहा कि सभी को मतदान अवश्य करना चाहिए क्योंकि मतदान ही देश के विकास और सुखद भविष्य का आधार है इसलिए पहले मतदान, फिर जलपान। इस अवसर पर छात्राओं ने अत्यंत आकर्षक मतदान अनुरोध पत्र लिखें। प्रधानाचार्या डॉक्टर नीरा तोमर ने छात्रों के इस प्रयास की प्रशंसा की। कार्यक्रम में श्रीमती सुनीता, डा निशा, निधि, रविता, सुमन ,अंजलि ,शालिनी, ममता, कल्पना, उमा, सविता, रचना ,नेहा, नीतू ,पूजा, नीरज ,अरुण उपस्थित रहें।

**आयोजन** *न्यटिमा हॉस्पिटल के 7 वर्ष पूरे, हर्ष के साथ मनाया 7वां स्थापना दिवस*

# पूरे एनसीआर में अच्छा व सस्ता इलाज देना हमारी प्राथमिकता : डा. संदीप गर्ग

**मेरठ, 6 अप्रैल (देशबन्धु)।** गढ़ रोड स्थित न्यटिमा हॉस्पिटल के 7 वर्ष पूरे होने पर हर्ष के साथ सातवां स्थापना दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष में पार्किंग स्थल पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अस्पताल की टीम समेत आस-पास के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस दौरान मौजूद अतिथियों व डाक्टरों की टीम ने अपने अनुभवों को साझा किया। इस अवसर पर डॉ. अमित उपाध्याय, डॉ. संदीप कुमार गर्ग, डॉ. शालीन शर्मा, डॉ. विनोद कुमार शर्मा, डॉ. विश्वजीत बेम्बी, डॉ. प्रियांक गर्ग, डॉ. रोहित सिंह काम्बोज, डॉ. हरिराज सिंह तोमर, डॉ. अवनीत राणा, डॉ. एच. के. डोगरा, डॉ. अंगूरी देवी गर्ग, डॉ. अनुपमा उपाध्याय, डॉ. श्वेता गर्ग, डॉ. प्रियंका गर्ग, डॉ. दीप्ती डोगरा, कैप्ट. राजीव रस्तोगी एवं सीए संजय परवंदा आदि उपस्थित रहे।



■ **बेहतर इलाज के लिए अस्पताल में अत्याधुनिक मशीने उपलब्ध**

■ **डाक्टरों समेत अस्पताल की टीम कार्यक्रम में उपस्थित रही**

किडनी रोग विशेषज्ञ डा. संदीप गर्ग ने बताया कि पिछले 7 वषो में न्यूटमा हॉस्पटल में लगभग 292 से ज्यादा साफलता पूर्वक गुर्दा प्रतियारोपण किये जा चुके हैं। अस्पताल परिसर में मरीजों के बेहतर इलाज के लिए अत्याधुनिक मशीने उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि अस्पताल की पूरी टीम के सहयोग से एनसीआर क्षेत्र के लोगों को अच्छा व सस्ता इलाज दिया जा रहा है। डा. संदीप गर्ग ने बताया कि अस्पताल की टीम हमेशा मरीजों को बेहतर इलाज देने के लिए प्रयत्नशील रहती है। इमजेंसी के दौरान बेहतर टीम की आवश्यकता होती है और बेहर स्वास्थ्य सेवाओं में सफलता भरे 7 वर्ष पूरे करना बेहतर टीम के बिना असंभव है। भविष्य में भी एनसीआर क्षेत्र के लोगों को अच्छा व सस्ता इलाज के लिए अस्पताल प्रबंधन पूरी तरह अग्रसर है। अस्पताल के सभी विभागों द्वारा एक अन्तर्विभागीय सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सभी विभागों द्वारा बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम समापन पर सभी विजेताओं को सम्मानित किया गया।

## कम समय में इलाज शुरू करना लैब का उद्देश्यः डा. श्वेता

**मेरठ।** डा. श्वेता गर्ग ने बताया कि न्यूटिमा अस्पताल की स्थापना के साथ-साथ मरीजों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करते हुए लैब की सुविधा भी शुरू की गई थी। आज लैब भी अपना सातवां स्थापना दिवस मना रही है। उन्होंने बताया कि इस लैब को अस्पताल परिसर में होने से मरीजों को काफी फायदा पहुंचा है। कुछ जांच ऐसी भी होती हैं जिनको जल्द ही लाना होता है। ऐसे में इलाज में देरी का कारण भी बन सकते हैं। जैसे दुर्घटना



घायल या गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीज की जांच रिपोर्ट को कम समय में लाना चुनौती होती है। लैब अस्पताल परिसर में होने के कारण इलाज से पहले आवश्यक जांच के लिए मरीजों को इधर-उधर भटकना नहीं पड़ता। जैसे किडनी ट्रांस्सप्लांट व नवजात बच्चों को खून की कमी हो और वह हॉस्पिटल में ही एडमिट हैं तो उनकी इम्यूनिटी कम होने के कारण कम समय में ही खून की उपलब्धता चाहिए। ऐसे में अस्पताल के मरीजों को एक छत के नीचे ही इन जरूरतों को पूरा किया जा रहा है। जो काफी लाभदायक साबित हो रही है।



मध्यप्रदेश चुनाव

# खजुराहो छोड़, शेष सभी सीटों पर आमने-सामने का मुकाबला

**भोपाल,** 6 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस की ओर से आज मध्यप्रदेश की 29 में से शेष तीन लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नाम सामने लाए जाने के बाद अब राज्य की सभी सीटों पर दोनों दलों भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के प्रत्याशियों और उनके बीच मुकाबले को लेकर स्थिति लगभग स्पष्ट हो गई है। कांग्रेस ने आज तीन लोकसभा सीटों मुरैना, ग्वालियर और खंडवा पर अपने प्रत्याशियों के नाम घोषित कर दिए हैं। अब पार्टी के सभी 29 में से 28 सीटों पर प्रत्याशियों के नाम सामने आ गए हैं।

राज्य की सबसे चर्चित सीटों में से एक खजुराहो को कांग्रेस ने अपने गठबंधन 'इंडिया' के साथी दल समाजवादी पार्टी के लिए छोड़ दिया था। हालांकि सपा की खजुराहो प्रत्याशी मीरा यादव का नामांकन कल जांच के दौरान निरस्त हो गया है। ऐसे



में अब इस सीट पर मुख्य प्रत्याशी के तौर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा का नाम ही रह गया है।

**मप्र की छह लोकसभा सीटों पर महिला उम्मीदवार**

भाजपा ने इस बार मध्यप्रदेश की छह लोकसभा सीटों पर महिलाओं को चुनावी मैदान में उतारा है, वहीं कांग्रेस की ओर से मात्र एक महिला प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। भाजपा की तीन महिला प्रत्याशी पहली बार सांसद प्रत्याशी बनाई गईं हैं, जबकि तीन पहले भी सांसद रह चुकी हैं। भिंड सीट से भाजपा की मौजूदा सांसद संध्या राय के सामने बहुजन समाज पार्टी से कांग्रेस में गए विधायक फूल सिंह बरैया चुनावी मैदान में ताल ठोंक रहे हैं। धार संसदीय सीट से भाजपा ने अपनी पूर्व सांसद सावित्री ठाकुर पर फिर भरोसा जताया है, जिनसे मुकाबले के लिए कांग्रेस ने नए चेहरे राधेश्याम मुवेल को मैदान में उतारा है। शहडोल संसदीय क्षेत्र से भाजपा की युवा सांसद हिमाद्री सिंह एक बार फिर प्रत्याशी हैं। उनके सामने कांग्रेस के वर्तमान विधायक फुंदेलाल मार्को हैं। मध्यप्रदेश के सीमावर्ती संसदीय क्षेत्र और नक्सलियों के आतंक के लिए कुख्यात बालाघाट से इस बार भाजपा ने एक नए चेहरे भारती पारधी पर दांव लगाया है। उनका मुकाबला कांग्रेस के सम्राट सारस्वत से होगा। आदिवासीबहुल संसदीय क्षेत्र रतलाम-झाबुआ में भी भाजपा ने युवा और नए चेहरे अनिता नागरसिंह चौहान को प्रत्याशी बनाया है।

हालांकि वे राज्य के मंत्री नागर सिंह चौहान की पत्नी हैं, लेकिन सांसद प्रत्याशी के तौर पर उनका नाम पहली बार सामने लाया गया है। यहां उनका मुकाबला कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया से होने वाला है, ऐसे में इस सीट पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं। बुंदेलखंड की अहम सीट और भाजपा के गढ़ सागर से भी भाजपा ने इस बार नए चेहरे लता वानखेड़े को मौका दिया है, हालांकि कांग्रेस द्वारा इस सीट पर भाजपा से ही कांग्रेस में आए दिग्गज नेता गुड्डू राजा बुंदेला को उतारे जाने से इस सीट को भी खासी लाइमलाइट मिल गई है।

# 'जानवर भी जानते हैं कि सांगली हमारा है : कांग्रेस विधायक

**नई दिल्ली/सांगली,** 6 अप्रैल (एजेंसियां)। दो सप्ताह से अधिक समय से आक्रामक रुख अपनाए पलुस-काडेगांव के कांग्रेस विधायक विश्वजीत पी. कदम ने शनिवार को नई दिल्ली में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और अन्य नेताओं से मुलाकात कर सांगली लोकसभा क्षेत्र किसी अन्य पार्टी के लिए न छोड़ने की बात दोहराई। पार्टी के संभावित उम्मीदवार विशाल पी. पाटिल के साथ खड़गे और के.सी. वेणुगोपाल, रमेश चेन्निथला और मुकुल वासनिक जैसे वरिष्ठ नेताओं से कदम ने दस दिनों में दूसरी बार मुलाकात की।

मीडिया से बात करते हुए, कदम ने कहा कि सांगली लोकसभा सीट छोड़ने का कोई सवाल ही नहीं है, क्योंकि 'जानवर भी जानते हैं कि यह कांग्रेस की है' और हमने पार्टी के वरिष्ठों के सामने अपना दावा रखा है। दिवंगत वरिष्ठ नेता पतंगराव कदम के बेटे विश्वजीत पी. कदम ने इसी मुद्दे पर 1 अप्रैल को महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले को भी एक पत्र लिखा था।सांगली सीट पर विवाद तब बढ़ गया, जब महा विकास अघाड़ी (एमवीए) की सहयोगी पार्टी शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने अपने उम्मीदवार के रूप में राज्य के शीर्ष पहलवान चंद्रहार पाटिल के नाम की एकतरफा



घोषणा कर दी। एमवीए की सहयोगी कांग्रेस और बाद में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) ने भी गठबंधन धर्म का पालन नहीं करने पर ठाकरे पर उंगली उठाई। दोनों पार्टियों ने सांगली लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र पर दावा किया है।शिवसेना (यूबीटी) नेताओं ने खुले तौर पर चेतावनी दी है कि यदि एमवीए के सहयोगी सांगली सीट पर जोर देते हैं, तो इसका असर कांग्रेस-एनसीपी (एसपी) द्वारा लड़ी जा रही अन्य सीटों पर भी पड़ेगा। कदम ने कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि संजय राउत (सांसद) और भास्कर जाधव (विधायक) जैसे शिवसेना (यूबीटी) नेता किस बारे में बात कर रहे हैं।कदम ने कहा कि हमने सांगली पर पार्टी आलाकमान के सामने अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत किया है, अब उनके फैसले का इंतजार करेंगे।

पुणे के प्यासे मतदाताओं की धमकी

# 'पानी नहीं तो वोट नहीं'

**पुणे,** 6 अप्रैल (एजेंसियां)। पानी के संकट से जूझ रहे पुणे के शिवाजीनगर के खैरेवाड़ी के ग्रामीणों ने समस्या का समाधान नहीं होने पर आगामी लोकसभा चुनावों के बहिष्कार की धमकी दी है। इलाके के लगभग 10 हजार लोग समस्या के समाधान की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पुणे नगर निगम (पीएमसी) के अधिकारियों से बार-बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का हल नहीं निकाला गया।

पानी की कमी से परेशान लोगों ने इलाके में 'पानी नहीं, तो वोट नहीं' का बैनर लगा दिया है। उनका कहना है कि




अगर पानी की समस्या का समाधान नहीं होगा, तो हम चुनाव का बहिष्कार करेंगे। उनकी इस चेतावनी ने राजनीतिक दलों के नेताओं को चिंतित कर दिया है। यहां 13 मई को चुनाव है।

इलाके के एक निवासी ने कहा कि वे कई महीनों से पानी के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन हालात जस के तस हैं।पानी की कमी के कारण उनका जीवन दयनीय हो गया है। उन्होंने कहा कि गर्मी शुरू होने के बाद स्थिति और खराब होने वाली है।

ग्रामीणों ने कहा कि अधिकांश दिनों में उन्हें टैंकरों के पानी से काम चलाना पड़ता है। इसके लिए घंटों बर्बाद करना पड़ता है। उन्होंने पीएमसी से पानी की आपूर्ति को पटरी पर लाने की मांग की।

# सीट को लेकर पार्टियों की जिद, तो कहीं बागियों के तेवर

**रांची,** 6 अप्रैल (एजेंसियां)। एकजुटता के तमाम दावों के बावजूद झारखंड में 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों के 'सुर-ताल' आपस में मिल नहीं पा रहे हैं। कहीं सीट को लेकर पार्टियों की जिद तो कहीं बागियों के तेवर की वजह से गठबंधन के साझे चूल्हे की 'खिचड़ी' का जायका बिगड़ता दिख रहा है। चुनाव की घोषणा के 20 दिन बाद भी राज्य की 14 में से सात सीटों पर उम्मीदवारी को लेकर तस्वीर साफ नहीं हो पाई है, जबकि दूसरी तरफ एनडीए के प्रत्याशी सभी 14 सीटों पर प्रचार अभियान में जुटे हैं।

आलम यह कि गठबंधन में शामिल रहीं दो वामपंथी पार्टी - सीपीआई और सीपीएम ने अपनी राह अलग कर ली है। सीपीआई ने चार सीटों - चतरा, लोहरदगा, पलामू और दुमका में अपने प्रत्याशी उतार दिए हैं। हजारीबाग सीट पर भी वह अपना प्रत्याशी दे सकती है। सीपीआई के राष्ट्रीय परिषद सदस्य प्रमोद कुमार पांडेय ने कहा




■ चतरा सीट पर राजद व कांग्रेस के बीच जबरदस्त खींचतान

कि पहले हमारी पार्टी इंडिया गठबंधन का हिस्सा थी, लेकिन अब हम स्वतंत्र रूप से झारखंड के चुनाव मैदान में हैं। फिलहाल चार सीटों पर हमारे प्रत्याशियों के नाम घोषित हो चुके हैं। हमने गठबंधन के तहत सिर्फ एक सीट हजारीबाग देने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन उन्होंने इसे नहीं माना। इधर सीपीएम के झारखंड प्रदेश राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि उनकी पार्टी राजमहल और चतरा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेगी। चतरा सीट पर राजद और कांग्रेस के बीच जबरदस्त जिच है। यहां दोनों पार्टियां अपने प्रत्याशी उतारने पर अड़ी हैं। 2019 में भी महागठबंधन में यही स्थिति बनी थी और दोनों के प्रत्याशी एक साथ मैदान में उतर आए थे। अंततः दोनों को शिकस्त खानी पड़ी। लोहरदगा सीट पर कांग्रेस ने पूर्व विधायक सुखदेव भगत को प्रत्याशी बनाया है, लेकिन झारखंड मुक्ति मोर्चा अब भी इसपर दावा कर रहा है। झामुमो के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कांग्रेस से कहा है कि वह इस सीट पर पुनर्विचार करे। यहां झामुमो उससे ज्यादा मजबूत स्थिति में है। दरअसल, पार्टी यहां विशुनपुर से अपने विधायक चमरा लिंडा को प्रत्याशी बनाना चाहती है। कांग्रेस की ओर से प्रत्याशी उतारे जाने के बाद वह बगावती मूड में हैं।

# क्या सही बैठेंगे जातीय समीकरण या फिर मोदी की लहर?

**नोएडा,** 6 अप्रैल (देशबन्धु)। गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट का सियासी पारा इन दिनों आसमान पर है। यहां से वर्तमान भाजपा सांसद महेश शर्मा पार्टी के उम्मीदवार हैं। 2014 और 2019 मोदी लहर में शर्मा ने जोरदार जीत हासिल की थी। इस संसदीय क्षेत्र में गुर्जर, ठाकुर, दलित, मुस्लिम और ब्राह्मण मतदाताओं की संख्या अधिक है। 2009 में पहली बार गौतमबुद्ध नगर सीट पर संसदीय चुनाव हुआ था, जिसमें बसपा के सुरेंद्र सिंह नागर को जीत मिली थी। 2009 में गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट का गठन किया गया और इसे सामान्य सीट कर दिया गया। परिसीमन आयोग की सिफारिशों के बाद इस लोकसभा क्षेत्र में नोएडा, दादरी, जेवर, सिकंदराबाद और खुर्जा विधानसभा क्षेत्रों को शामिल किया गया। गौतमबुद्ध नगर जिला बसपा प्रमुख मायावती का गृह जनपद है। 2009 के संसदीय चुनाव में मायावती ने सुरेंद्र सिंह नागर को प्रत्याशी बनाया। स्वतंत्र लोकसभा सीट बनने के बाद यहां पहली बार हो रहे संसदीय चुनाव में जनता ने बसपा उम्मीदवार पर भरोसा जताया और नागर भारी मतों के साथ विजेता बने। भाजपा प्रत्याशी महेश शर्मा दूसरे नंबर पर और

■ नामांकन के बाद गांवों में बिरादरियों से मांग रहे आर्शिवाद
■ दो बार नहीं चला जातीय फैक्टर

सपा के नरेंद्र भार्टी तीसरे नंबर पर रहे। इसके बाद 2014 और 2019 में जातीय फैक्टर काम नहीं आया। हालांकि अब भी यहां प्रत्याशी को जातीय समीकरण के आधार पर टिकट दिया गया है।

इस बार भजपा ने डॉक्टर महेश शर्मा को उतारा। एक बयान में उन्होंने कहा कि भाजपा को विकास के नाम पर वोट मिलेगा। जातीय फैक्टर भाजपा में लागू नहीं होता। वहीं सपा-कांग्रेस गठबंधन ने जातीय फैक्टर को देखते हुए यहां से डॉक्टर महेंद्र नागर को टिकट दिया। क्योंकि ये क्षेत्र गुर्जर बाहुल्य है। वहीं बसपा दलित और ठाकुर वोटरों को रिझाने के प्रयास कर रही है। बसपा ने यहां से राजेंद्र सोलंकी को टिकट दिया। तीनों प्रत्याशियों का नामाकंन हो चुका है। अब ये चुनावी समर में है।

**इस बार जातीय समीकरण क्या कहते हैं इसे समझते हैं**



गौतमबुद्ध नगर में जातीय फैक्टर भी यहां काम आ सकता है या नहीं ये तो मतगणना के दिन पता चल जाएगा। लेकिन सभी प्रत्याशी इन दिनों गांव और सभी बिरादी के लोगों को रिझाने में लगे है। एक पार्टी द्वारा किए गए जातीय समीकरण के अनुसार गौतमबुद्ध नगर में ठाकुर, ब्राह्मण और गुर्जर ही जीत तय करते है। गौतमबुद्धनगर के करीब 26 लाख वोटरों में करीब 16 लाख वोटर गांव में रहते हैं। इसमें 3.5 लाख गुर्जर, 3 से 3.5 मुस्लिम, 4.5 लाख ठाकुर राजपूत, 4.5 लाख दलित, 4 लाख ब्राह्मण, 3 लाख अन्य है।

**2.58 लाख हैं नए मतदाता देंगे वोट**

गौतमबुद्ध नगर में इस बार आम चुनावों में 2.58 लाख नए मतदाताओं की भूमिका अहम होगी। भाजपा व सपा-बसपा गठबंधन में यदि कड़ा मुकाबला होता है तो फिर नए मतदाता निर्णायक भूमिका में रहेंगे। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि नए मतदाता ज्यादातर शहरी क्षेत्र से हैं, जिनका रुझान आमतौर पर भाजपा की तरफ रहता है। हालांकि नो रजिस्ट्री नो वोट कैंपेन का भी असर होता इस बार दिख रहा है।

**2014 में हुआ था मात्र 60 फीसदी मतदान**

2014 के लोकसभा चुनाव में कुल 19,86109 मतदाताओं ने हिस्सा लिया था। 2014 में यहां 60 फीसद मतदान ही हुआ था। इसमें भारतीय जनता पार्टी के डॉ. महेश शर्मा ने 599,702 (50 फीसदी) मत प्राप्त कर विजय पताका लहराई थी। वहीं समाजवादी पार्टी के नरेंद्र भाटी को कुल 319,490 मत प्राप्त हुए थे। वहीं, बहुजन समाज पार्टी के सतीश कुमार 198,237 मत प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहे थे। 2019 में भाजपा के डॉक्टर महेश शर्मा को 830,812 वोट मिले थे। दूसरे स्थान पर बसपा के सतवीर नागर को 493890 और कांग्रेस से अरविंद कुमार सिंह को 42077 वोट मिले थे। 2019 में 60.19 फीसद वोट पड़ा था। इस बार वोट फीसद बढ़ाने के लिए प्रयास किया जा रहे है।

# सभी जातियों के लोग कांग्रेस के साथ हैं : सिद्दारामैया

**कोलार (कर्नाटक),** 6 अप्रैल (एजेंसियां)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारामैया ने शनिवार को कहा कि राज्यभर में सभी जातियों के लोग कांग्रेस के साथ हैं और आने वाले दिनों में और भी लोग पार्टी में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री ने कोलार से लोकसभा उम्मीदवार के.वी. गौतम के लिए चुनाव प्रचार में भाग लेते हुए मीडियाकर्मियों से कहा, 'मध्यम वर्ग सहित सभी जातियों के लोग कांग्रेस के साथ हैं। इस बार कांग्रेस बड़े अंतर से जीतेगी।' लोकसभा चुनाव के बाद सरकार गिर जाने की संभावना वाले भाजपा के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने विधानसभा की 136 सीटें जीती हैं और 43 फीसदी वोट हासिल किए हैं, जबकि भाजपा ने मात्र 64 सीटें जीती हैं। सभी गारंटी पांच साल में लागू की जाएंगी। आने वाले दिनों में और भी लोग हमारी पार्टी में शामिल होंगे।' मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र ने बजट से 5,300 करोड़ रुपये आवंटित किए, मगर क्या अभी तक उन्होंने एक रुपया भी दिया है? 15वें वित्त आयोग ने 5,495 करोड़ रुपये देने का वादा किया था। उन्होंने परिधीय रिंग रोड और झीलों के विकास के लिए 3,000 करोड़ रुपये आवंटित करने का भी वादा किया था। क्या उन्होंने इन वादों को पूरा किया?




# 34 में से 15 नामांकन सही, 19 फॉर्म रद्द

■ 8 अप्रैल तक नाम ले सकते है वापस
■ आजाद अधिकार सेना के प्रत्याशी ने लगाया आरोप

**नोएडा,** 6 अप्रैल (देशबन्धु)। गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट पर 34 उम्मीदवारों ने नामांकन किया था। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जांच के बाद 15 उम्मीदवार सही पाए गए और 19 फॉर्म रद्द कर दिए गए। 8 अप्रैल को नाम वापस लेने की अंतिम तिथि है। यहां दूसरे चरण में मतदान होना है। 4 जून को मतगणना होगी। वहीं आजाद अधिकार सेना के अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने उनकी पार्टी के प्रत्याशी का पर्चा जानबूझकर रद्द का आरोप लगाया है। जिला निर्वाचन अधिकार मनीष वर्मा ने बताया कि भाजपा से डॉक्टर महेश शर्मा, सपा से डॉक्टर महेंद्र नागर, बहुजन समाज पार्टी से राजेंद्र सोलंकी सहित 34 उम्मीदवारों ने नामांकन किया था। जिनके प्रपत्रों की जांच की गई। 19 उम्मीदवारों के फार्म मे कमियां पाई गई। इस वजह से उनका फार्म रिजेक्ट कर दिया गया।

**फाइनल प्रत्याशियों की लिस्ट**

राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त और राज्य राजनीतिक दलों के प्रत्याशी



समाजवादी पार्टी-कांग्रेस गठबंधन से डॉक्टर महेंद्र नागर

भारतीय जनता पार्टी से डॉक्टर महेश शर्मा

बहुजन समाज पार्टी के राजेंद्र सिंह सोलंकी

**निर्दलीय उम्मीदवार**

पराग कौशिक, महकार सिंह, मौ. मुमताज आलम और शिवम आशुतोष

**गौतम बुद्ध नगर प्रत्याशी का पर्चा जानबूझकर खारिज किए जाने के आरोप**

आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने गौतम बुद्ध नगर से उनकी पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी यतेंद्र शर्मा का पर्चा जानबूझकर सत्ताधारी पार्टी के गलत दबाव में खारिज किए जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि यतेंद्र शर्मा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार वह सुबह से चुनाव कार्यालय में मौजूद थे और उनका पर्चा पूरी तरह सही था फिर भी उनके द्वारा रिवाइज एफिडेविट नहीं दिए जाने के आधार पर उनका परिचय खारिज किया गया है। जो पूर्णतया असत्य है। अमिताभ ठाकुर ने डीएम नोएडा की भूमिका पर सवाल लगाते हुए चुनाव आयोग से इस पूरे प्रकरण को संज्ञान में लेकर समुचित कार्रवाई करने की मांग की है।

**राष्ट्रीय पार्टियों से अलग रजिस्टर्ड राजनीतिक दल**

- किशोर सिंह नेशनल पार्टी
- नरेश नौटियाल भारतीय राष्ट्रीय जनसत्ता
- नारावेदश्वर सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी (सुभाष पार्टी)
- भीम प्रकाश जिज्ञासू वीरो के वीर इंडियन पार्टी
- मनीष कुमार द्विवेदी अखिल भारतीय परिवार पार्टी
- रण सिंह डुडी सुपर पावर इंडिया पार्टी
- राजीव मिश्रा जय हिंद नेशनल पार्टी
- कुमारी शालू लोकतांत्रिक जनशक्ति पार्टी

# पूरे निर्वाचन क्षेत्र में लोग मेरा समर्थन करेंगे : संयुक्ता पाटिल

**बेंगलुरू,** 6 अप्रैल (एजेंसियां)। बागलकोट सीट से कांग्रेस प्रत्याशी संयुक्ता पाटिल ने शनिवार को कहा कि उन्हें विश्वास है कि यहां की जनता उन्हें आगामी लोकसभा चुनाव में सपोर्ट करेगी। अंदरूनी कलह की खबरों के बीच संयुक्ता ने कहा कि मुझे इसकी परवाह नहीं कि कौन क्या कहता है। मैं विजयी होऊंगी। पूरे निर्वाचन क्षेत्र में लोग मेरा समर्थन करेंगे।



संयुक्ता एक नया चेहरा हैं जिनका मुकाबला भाजपा उम्मीदवार पी.सी. गद्दीगौदर से है। गद्दीगौदर छठी बार चुनाव लड़ रहे हैं, मौजूदा सांसद हैं और 2004 से लगातार जीतते आ रहे हैं। संयुक्ता ने कहा कि मेरे चचेरे भाई हर्षगौड़ा पाटिल का बीजेपी में शामिल होना मीडिया और लोगों के लिए बड़ा मुद्दा हो सकता है। वह लंबे समय से भाजपा से जुड़े रहे। अगर आप उनके सोशल मीडिया हैंडल को देखें तो उसमें आपको केवल उनके द्वारा बीजेपी पर आधारित शेयर किए गए पोस्ट ही दिखेंगे। उनके द्वारा उठाया गया यह कदम हमारे परिवार के लिए बिल्कुल भी चौंकाने वाला नहीं है। बीजेपी के साथ उनके गहराते संबंध काफी पहले ही जाहिर हो चुके थे।

# [अर्थ जगत]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| कोटक बैंक | 2.09 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 1.56 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 1.41 प्रतिशत |
| आईटीसी | 1.21 प्रतिशत |
| एसबीआई | 0.67 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| अल्ट्रासिमको | 1.82 प्रतिशत |
| एलटी | 1.54 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 1.28 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.25 प्रतिशत |
| मारुति | 1.21 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 69,908 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74750 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 850 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5800-5900 |
| दाल चना | 6800-6900 |
| मसूर काली | 7300-7400 |
| उड़द दाल | 10200-10300 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 11800-11900 |

## पेट्रोल व डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



## उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने श्रीनगर-संगलदान सेक्शन का किया निरीक्षण

■ महाप्रबंधक ने पैसेंजर ट्रेन रखरखाव, बुनियादी ढांचे के विकास व यात्री संतुष्टि सहित रेलवे संचालन का दिया दान





**नई दिल्ली,** 6 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधरी ने हाल ही में जम्मू-कश्मीर में यूएसबीआरएल परियोजना के श्रीनगर-संगलदान सेक्शन का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ सीएओ/यूएसबीआरएल एस सी गुप्ता, फिरोजपुर मंडल, इरकॉन और केआरसीएल के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

महाप्रबंधक ने दौरे के दौरान पैसेंजर ट्रेन रखरखाव, बुनियादी ढांचे के विकास और यात्री संतुष्टि सहित रेलवे संचालन के विभिन्न पहलुओं का निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने रेक के रखरखाव और सफाई पर ध्यान केंद्रित करते हुए श्रीनगर से पाम्पोर तक चलने वाली डेमू पैसेंजर ट्रेन 04618 का गहनतापूर्वक निरीक्षण किया।

इस दौरान रेल यात्रियों से सीधे वार्तालाप करते हुए उन्होंने समयोचित एवं समयबद्ध रेल सेवाओं की महत्ता पर बल देते हुए भारतीय रेल से उनकी अपेक्षाओं को समझने का प्रयास किया। शोभन चौधरी ने सेक्शन पर चल रही परियोजनाओं की व्यापक समीक्षा की, जिसमें नई यातायात सुविधाओं का विकास, माल शेड और यात्री सुविधाओं का सुधार एवं बढ़ोतरी शामिल है। इस दौरे का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि बुनियादी ढांचागत परियोजनाएं क्षेत्र की उभरती जरूरतों के अनुरूप हों और समग्र परिचालन दक्षता में वृद्धि हो सके।

इस दौरे के अंतर्गत बनिहाल-संगलदान सेक्शन में खोले गए नए रेलवे स्टेशनों, विशेष रूप से खड़ी, सुम्बड़ और संगलदान स्टेशनों का निरीक्षण किया जाना भी शामिल था। शोभन चौधुरी ने इन स्टेशनों पर यात्रियों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं का जायजा लिया और यात्रियों एवं कर्मचारियों के साथ बातचीत करके हुए उनके अनुभवों को जाना तथा हर प्रकार के मुद्दों का समाधान करने का आसवासन दिया। शोभन चौधुरी ने परियोजना से जुड़े सभी अधिकारियों को शेष कार्यों की बारीकी से निगरानी करने के निर्देश दिए।

## टेलीकॉम, रियल्टी शेयरों में बड़ी खरीददारी कर रहे हैं विदेशी फंड




■ अमेरिका की 10 वर्षीय यील्ड 4.4 प्रतिशत तक बढ़ गई

**नई दिल्ली**, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार का कहना है कि एफपीआई गतिविधि में जो एक महत्वपूर्ण ट्रेंड देखा गया है वो एफएमसीजी सेगमेंट में बड़ी बिकवाली और टेलीकॉम और रियल्टी सेक्टर में बड़ी खरीददारी है। इस साल अमेरिकी बांड यील्ड काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा है। साल की शुरुआत यील्ड में गिरावट से हुई क्योंकि बाजार को 6 रेट कट की उम्मीद थी। उन्होंने कहा, लेकिन ये जब नहीं हुआ तो बाजार ने 3 रेट कट पर विचार करना शुरू किया क्योंकि अमेरिकी श्रम बाजार लगातार तंग बना हुआ है। अब कई विशेषज्ञ सोचते हैं कि केवल दो बार ही दरों में कटौती हो सकती है और इन्हें 2024 में वापस ले लिया जाएगा।

नतीजतन, अमेरिका की 10 वर्षीय यील्ड 4.4 प्रतिशत तक बढ़ गई। उन्होंने कहा, इससे निकट भविष्य में भारत में एफपीआई निवेश पर असर पड़ेगा। उन्होंने कहा, हालांकि, उच्च अमेरिकी बॉन्ड यील्ड के बावजूद एफपीआई की बिक्री सीमित रहेगी क्योंकि भारतीय शेयर बाजार में तेजी है और यह लगातार नए रिकॉर्ड बना रहा है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज ने कहा कि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने मार्च 2024 में लगातार आठवें महीने 0.8 बिलियन डॉलर का निवेश किया, जो अप्रैल 2020 के बाद सबसे अधिक है। एफआईआई ने भी मार्च 2024 में 4 अरब डॉलर का मजबूत निवेश किया।

## टाटा स्टील का उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर

**नई दिल्ली।** टाटा स्टील इंडिया का कच्चे इस्पात का उत्पादन वित्त वर्ष 2023-24 में चार प्रतिशत बढ़कर 2.08 करोड़ टन पर पहुंच गया। कंपनी द्वारा जारी अनंतिम आंकड़ों में यह बात कही गई है। जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी का इस्पात उत्पादन लगभग 53.8 लाख टन पर स्थिर रहा। देश में स्टील का मांग बढ़ने से घरेलू बाजार में बिक्री नौ फीसदी बढ़ी है। विदेशी संयंत्रों में उत्पादन के मोर्चे पर कंपनी अब भी संघर्ष कर रही है। नीदरलैंड में 2023--24 मं कंपनी का उत्पादन 24 प्रतिशत घटकर 48 लाख इकाई रह गया है। ब्रिटेन में उत्पादन 30.2 लाख टन पर लगभग स्थिर रहा।

## खाद्य तेल सहित सभी जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली**, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने के बावजूद आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव



रहा। **तेल-तिलहन :** इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। **दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : दाल-दलहन : चना 5650-5750, दाल चना 6650-6750, मसूर काली 7350-7450, मूंग दाल 9800-9900, उड़द दाल 10250-10350, अरहर दाल 12000-12100 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

## अंबर ग्रुप यूजिन मशीनरी के साथ मिल कर बनाएगा रोलिंग स्टॉक के कल-पुर्जे

**नई दिल्ली**, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। अंबर ग्रुप की अनुषंगी कंपनी एटी रेलवे सब सिस्ट्मस प्रा.लि. ने देश में विभिन्न रेलवे प्रणालियों के लिए रोलिंग स्टॉक में काम आने वाले कल-पुर्जों और उपकरणों के डिजाइन और निर्माण के लिए दक्षिण कोरिया की कंपनी यूजिन मशीनरी लिमिटेड के साथ भारत में संयुक्त उद्यम में प्रवेश किया है।

कंपनी की जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार यह नया संयुक्त उद्यम हाई-स्पीड ट्रेन, मेट्रो ट्रेन, रीजनल रैपिड ट्रांज़िट रेल सिस्टम, वंदेभारत ट्रेन, ट्रैम आदि के रोलिंग स्टॉक के लिए ड्राइविंग गियर्स, कपलर्स और पेंटाग्राफ के डिज़ाइन, विकास और विनिर्माण करेगा।




■ संयुक्त उद्यम में एटी रेलवे सब-सिस्टम्स की होगी हिस्सेदारी

इस संयुक्त उद्यम में एटी रेलवे सब-सिस्टम्स की बहुमत की हिस्सेदारी होगी।

इस करार के तहत देश में ड्राइविंग गियर्स, कपलर्स और पेंटाग्राफ के निर्माण के लिये ज़रूरी तकनी की जानकारी हासिल हो सकेगी। अम्बर समूह रेलवे के रोलिंग स्टॉक के लिये एचवीएसी, पेंट्री, डोर्स एवं गैंगवे के विनिर्माण के कारोबार में पहले से जुड़ा है।

अंबर एंटरप्राइज़ेज इंडिया लिमिटेड के प्रवक्ता ने कहा कि हमें खुशी है कि इस संयुक्त उद्यम के माध्यम से हमें युजिन के साथ जुड़ने का अवसर मिला है। हम इससे अपनी संयुक्त क्षमताओं का उपयोग कर हम भारत के तेजी से विकसित होते रेलवे सिस्टम में मुख्य रोलिंग स्टॉक के विभिन्न कल पुर्जों के प्रमुख विनिर्माता के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत कर सकेंगे। कंपनी के मुताबिक भारत में रेलवे सब-सिस्टम का बाजार तकरीबन 75,000-80,000 करोड़ रुपए है।

### सार संक्षेप

#### भारत में ईवी इंडस्ट्री के विकास की अच्छी संभावना : ली

**नई दिल्ली।** उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार, 'मेक इन इंडिया' पहल के साथ-ईवी बैटरी विनिर्माण में वृद्धि होगी, इसकी लागत कम होगी और देश में ईवी की बिक्री को बढ़ावा मिलेगा। काउंटरपॉइंट रिसर्च के एसोसिएट डायरेक्टर लिज ली के अनुसार, भारत में ईवी इंडस्ट्री के विकास की अच्छी संभावना है। ली ने कहा कि एडवांस्ड केमिस्ट्री सेल (एसीसी) के लिए पीएलआई योजना और हाल ही में ईवी पर आयात शुल्क में 15 फीसद की कटौती गेम चेंजर साबित होगी। यह सब न केवल टेस्ला के लिए दरवाजे खोलता है, बल्कि ईवी को बढ़ावा देने की दिशा में सरकार की तत्परता का भी संकेत है। ली ने कहा कि यह स्पष्ट संकेत है कि वैश्विक ईवी बाजार में एक प्रमुख खिलाड़ी बनने की भारत की यात्रा तेज हो रही है। अनुसंधान के वाइस प्रेसिडेंट नील शाह ने कहा कि हालांकि पारंपरिक ऑटोमोबाइल विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र परिपक्व है, लेकिन ईवी के लिए भी अवसर कम नहीं हैं।

#### भारत ने मालदीव की मदद के लिए निर्यात को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** मालदीव के साथ पिछले कुछ समय से रिश्तों में खटास के बावजूद भारत ने शुक्रवार को सद्भावना के संकेत के रूप में पड़ोसी देश को चीनी, गेहूं, चावल, प्याज और अंडे सहित आवश्यक वस्तुओं के सीमित निर्यात की अनुमति दे दी। मालदीव की नई सरकार के चीन की ओर झुकाव के बीच भारत ने घरेलू मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए इन खाद्य उत्पादों के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया था। हालांकि, इसने मित्र देशों की सख्त जरूरत में मदद के लिए इन वस्तुओं के सीमित निर्यात के लिए एक खिड़की खुली रखी है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की अधिसूचना में मालदीव को 1,24,218 टन चावल; 1,09,162 टन गेहूं का आटा; 64,494 टन चीनी; 21,513 टन आलू; 35,749 टन प्याज और 42.75 करोड़ अंडे के निर्यात का प्रावधान है। इसके अलावा, भारत ने निर्माण सामग्री के रूप में उपयोग किए जाने वाले पत्थर और नदी की रेत के 10-10 लाख टन के निर्यात की भी अनुमति दी है।

#### अगले हफ्ते खत्म हो सकता है विस्तारा एयरलाइन का संकट

**नई दिल्ली।** बीते कुछ समय से अचानक परेशानी में आई विस्तारा एयरलाइन की मुश्किलें जल्द ही खत्म हो सकती है। कंपनी के सीईओ विनोद कन्नन ने इस बात की आशा व्यक्त की है कि एयरलाइन में दो अचानक से संकट सामने आया है वो अगले हफ्ते तक खत्म हो जाएगा। बता दें, कंपनी के सीईओ विनोद कन्नन से इस बारे में सीएनबीसी-टीवी 18 को खास इंटरव्यू दिया जिसमें उन्होंने कंपनी से जुड़ी इन परेशानियों की बातों पर चर्चा की। कन्नन ने कहा कि हो सकता है कि पिछले कुछ दिनों में एयरलाइन की कई फ्लाइट्स कैंसल होने के पीछे कारण यही रहा कि एयरलाइन ने ज्यादा एग्रेसिव रणनीति अपनाई, और इसका पूरा असर ऑपरेशंस पर पड़ा।

## निप्पॉन ने शुरू की 'मास्टरक्राफ्ट' वाहन पेंट, रिपेयर सुविधा

■ पहले मास्टरक्राफ्ट स्टोर को गुरुग्राम में किया गया स्थापित



**नई दिल्ली,** 6 अप्रैल (एजेंसियां)। रंग-रोगन बनाने वाली एशिया पैसिफिक क्षेत्र की अग्रणी कंपनी निप्पॉन पेंट ने गुरुग्राम में आधुनिक सुविधाओं से लैस 'मास्टरक्राफ्ट ' वाहन बॉडी एवं पेंट रिपेयर सुविधा शुरू की।

मास्टरक्राफ्ट जापानी शुद्धता एवं टेक्नोलॉजी आधारित अनुकरणीय बॉडी एवं पेंट वर्क, कार डेकोरेशन सर्विसेज़ और अल्ट्रा-फास्ट वेलोसिटी रिपेयर का वादा करता है।पहले मास्टरक्राफ्ट स्टोर को गुरुग्राम में स्थापित किया गया है।

निप्पॉन पेंट इंडिया के निदेशक एवं अध्यक्ष (ऑटोमोटिव रिफिनिशेस) शरद मल्होत्रा ने इस मौके पर कहा कि मास्टरक्राफ्ट की शुरुआत कुशल एवं हरित ऑटोमोटिव आफ्टरमार्केट पेंट सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने के लिए भारतीय बाजार के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हम अपने अंतरराष्ट्रीय अनुभव और टेक्नोलॉजी का उपयोग कर अपने वर्ग में अनूठी एवं सर्वोत्तम सेवायें उपलब्ध कराना चाहते हैं, जिसमें से कई सेवायें अभी भारत में सामान्यत: उपलब्ध नहीं हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी भारत में मास्टरक्राफ्ट स्टोर नेटवर्क का विस्तार करेगी।गुरुग्राम में एन-स्क्वायर ऑटोमोटिव सर्विसेज़ द्वारा परिचालित मास्टरक्राफ्ट गुरुग्राम, दिल्ली, गुरुग्राम और एनसीआर के ग्राहकों को सेवा प्रदान करेगा। कंपनी का कहना है कि यह ऐसे वाहन मालिकों को सेवाएं प्रदान करेगा जो वहनों की पेंटिंग रिपेयरिंग को पूरी तरह त्रुटिहीन ढंग से देखना चाहते हैं।

इस पहले में सेंटर में अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और ग्रीन सॉल्यूशंस के साथ प्रतिवर्ष करीब 2500 कारों की रिपेयरिंग क्षमता है। निप्पॉन पेंट के अधिकारियों ने इस अवसर पर कहा कि वे विभिन्न साझीदारों और फ्रेंचाइज़ी के व्यापक नेटवर्क के जरिए देश के विभिन्न हिस्सों और विदेशी बाजारों में भी मास्टरक्राफ्ट स्टोर खोलने और नेटवर्क एवं सेवाओं का विस्तार करने की योजना पर काम कर रहे हैं।शोरूम सरीखे दिखने वाली छवि और ग्राहक की चाहत के अनुरूप समाधान प्रस्तुत करने वाले गुरुग्राम में खुले पहले मास्टरक्राफ्ट सेंटर में पेंट, डिटेलिंग और सरफेस केयर सेवाओं की उत्कृष्ट रेंज की पेशकश की गई है।

## अपोलो स्पैक्ट्रा व अपोलो वन ने लॉन्च किया प्रीमियर बुटीक हेल्थकेयर हब

**नई दिल्ली**। अपोलो हेल्थ एण्ड लाईफस्टाइल लिमिटेड के तहत स्वास्थ्य सेवा प्रदाता अपोलो स्पैक्ट्रा हॉस्पिटल्स एवं अपोलो वन ने दिल्ली के करोल बाग में अपने नए बुटीक हॉस्पिटल लॉन्च किया है। इस हॉस्पिटल का उद्घाटन टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्ज़ा की मौजूदगी में हुआ। अपोलो स्पैक्ट्रा को शॉर्ट स्टे सर्जरी में स्पेशलटी देखभाल के लिए जाना जाता है।

वहीं अपोलो वन एआई आधारित प्रीवेन्टिव हेल्थकेयर समाधान उपलब्ध कराता है। यह बुटीक हॉस्पिटल सुपर-स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की टीम, कन्सलटेन्ट्स एवं आधुनिक तकनीकों के माध्यम से मरीज़ों की स्वास्थ्य संबंधी सभी ज़रूरतों के लिए वन-स्टॉप समाधान उपलब्ध कराएगा। इस अवसर पर अपोलो हेल्थ एण्ड लाईफस्टाइल लिमिटेड के अध्यक्ष एमबीएन राव ने कहा, ''यह बुटीक हॉस्पिटल प्रीमियम हेल्थकेयर को सभी के लिए सुलभ बनाएगा। हॉस्पिटल में स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की टीम और आधुनिक सुविधाएं मरीज़ों को नए स्तर की देखभाल प्रदान करेंगी।

अपोलो स्पैक्ट्रा को शॉर्ट स्टे सर्जरी में देखभाल के लिए जाना जाता है

## बायबाय ई-रिक्शा ने आसान फाइनेंसिंग सुविधा देने के लिए रेवफिन से मिलाया हाथ

**नई दिल्ली,** 6 अप्रैल (एजेंसियां)। इलेक्ट्रिक ट्रांसपोर्ट कंपनी बायबाय ई-रिक्शा ने शनिवार को कहा कि उसने ई-रिक्शा के आसान फाइनेंसिग के लिए डिजिटल ऋणदाता कंपनी रेवफिन के साथ साझेदारी की है।

बायबाय ई-रिक्शा निर्माण के क्षेत्र में अग्रणी घरेलू कंपनियों में से एक है और पिछले 10 साल से वाहनों के साथ-साथ ई-लोडर भी बना रही है। बायबाय के सह-संस्थापक राजीव तुली ने कहा कि एमओयू समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाएगा।



तुली ने कहा कि हमने देखा है कि एक ई-रिक्शा चालक अपने परिवार का भरण-पोषण ठीक से कर पाता है और अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिला पाता है। रेवफिन के संस्थापक समीर अग्रवाल और तुली के बीच हुए इस करार से ई-रिक्शा की उपलब्धता आसान होगी और जरूरतमंद लोगों तक अच्छी गुणवत्ता वाला ई-रिक्शा पहुंचाया जा सकेगा। बायबाय द्वारा बनाए गए ई-रिक्शा और ई-लोडर असम सहित विभिन्न राज्यों में उपलब्ध हैं। रेवफिन 2017 से इलेक्ट्रिक वाहनों का वित्तपोषण कर रहा है। कंपनी के ज्यादातर ग्राहक कस्बों, तहसीलों और छोटे शहरों से हैं, जिन्हें बिना किसी औपचारिकता के आसान किस्तों में ई-रिक्शा और इलेक्ट्रिक वाहन मिल जाते हैं।

## डॉ मीनेश शाह चुने गए राष्ट्रीय सहकारी डेरी फेडरेशन के अध्यक्ष



■ डॉ शाह अंतरराष्ट्रीय डेरी महासंघ के बोर्ड में निदेशक के तौर पर दे रहे हैं सेवाएं

**आनंद,** 6 अप्रैल (एजेंसियां)। डेरी सहकारिता की शीर्ष संस्था नेशनल कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनसीडीएफआई) ने सर्वसम्मति से डॉ मीनेष शाह को अपना अध्यक्ष चुना है। चुनाव निर्वाचन अधिकारी आनंद के जिलाधिकारी प्रवीण चौधरी की देख-रेख में सम्पन्न हुआ। इससे पहले 4 अप्रैल, 2024 को हुई फेडरेशन की आम सभा की बैठक में आठ निदेशकों को चुना गया, जिसमें झारखण्ड दुग्ध महासंघ से डॉ मीनेश शाह, सिक्किम दुग्ध महासंघ से डॉ मंगत जीत राय, गुजरात दुग्ध महासंघ से शामलभाई बी पटेल, हरियाणा दुग्ध महासंघ से रणधीर सिंह, केरल दुग्ध महासंघ से के एस मणि, कर्नाटक दुग्ध महासंघ से बालचंद्र एल जाराकिहोली, पंजाब दुग्ध महासंघ से नरिंदर सिंह शेरगिल और पश्चिमी असम दुग्ध महासंघ से समीर कुमार परीदा शामिल हैं।

इन चुने गए निदेशकों के अलावा एनडीडीबी के कार्यक्रारी निदेशक एस रघुपति को एनसीडीएफआई के बोर्ड पर निदेशक मनोनीत किया गया। इसके बाद नवनियुक्त बोर्ड की कल हुई बैठक में डॉ मीनेश शाह को अध्यक्ष चुना गया।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह ने बनाया माल चढ़ाने-उतारने का नया कीर्तिमान

**कोलकाता**, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। कोलकाता के श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह (एसएमपी-कोलकाता) पर वर्ष 2023-24 के दौरान 6.64 करोड़ टन माल चढ़ाया-उतारा गया। यह इस बंदरगाह के 154 साल के इतिहास में एक नया कीर्तिमान बनाया है। यह जानकारी शुक्रवार को एक सरकारी विज्ञप्ति में दी गई।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह के अंतर्गत कोलकाता गोदी प्रणाली (केडीएस) और हल्दिया गोदी परिसर (एचडीसी) दोनों आते हैं। यह 2022-23 के दौरान इस बंदरगाह से कुल 6.57 करोड़ टन माल लाया-ले जाया गया था जो एक रिकार्ड था। इस तरह इस बार इस बंदरगाह की दोनों गोदियों से पिछले कीर्तिमान से 1.11 प्रतिशत अधिक माल चढ़ाया-उतारा गया।

एसएमपी-कोलकाता के अध्यक्ष रथेंद्र रमन ने बंदरगाह पर माल चढ़ाने उतारने के इस नए रिकार्ड का श्रेय इन गोदियों की उत्पादकता, वहां सुरक्षा उपायों, व्यवसाय के विस्तार के और समग्र क्षमता के



उपयोग को बढ़ाने हेतु शुरू की गई विभिन्न रणनीतिक पहलों को दिया।

रमन ने कहा कि वर्ष 2023-24 के दौरान हल्दिया गोदी परिसर ने 4.95 करोड़ टन माल चढ़ाने-उतारने का कार्य किया, जो इसकी स्थापना के बाद से अब तक का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। वर्ष 2022-23 में वहां से 4.86 करोड़ टन माल चढ़ाया-उतारा गया था और एक रिकार्ड था। इस तरह इस बार वहां के जरिए माल ढुलाई में 1.91 प्रतिशत की वृद्धि रही।

■ 2022-23 के दौरान इस बंदरगाह से कुल 6.57 करोड़ टन माल लाया-ले जाया गया

■ कोलकाता बंदरगाह को 2023-24 के दौरान 501.73 करोड़ रुपए की शुद्ध बचत हुई

इसके विपरीत कोलकाता गोदी परिसर में 2023-24 के दौरान 1.68 करोड़ टन चढ़ाने-उतारने का कार्य किया गया। कोलकाता बंदरगाह को 2023-24 के दौरान 501.73 करोड़ रुपए की शुद्ध बचत हुई। यह इससे पिछले वर्ष के 304.07 करोड़ रुपए के शुद्ध अधिशेष से 65 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि एसएमपी कोलकाता माल संभालने की क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से बड़े पैमाने पर पीपीपी परियोजनाओं पर जोर दे रहा है।

# खेल जगत

### इरफान ने शिवम दुबे को टी20 विश्व कप टीम में शामिल करने की वकालत की

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान शिवम दुबे को टी20 विश्व कप टीम में चाहते हैं, क्योंकि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के स्टार बल्लेबाज ने सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ 24 गेंदों में 45 रन बनाए। दुबे ने टी, नटराजन को मिड-विकेट सीमा पर लगातार दो छक्के लगाकर सभी को रोमांचित कर दिया। हालांकि कमिंस की गति में बदलाव से उन्हें शांत रखा गया। कमिंस ने ऑफ स्टंप के बाहर एक धीमी बाउंसर फेंकी, जिससे दुबे को उस पर हाथ खोलने के लिए मजबूर होना पड़ा और बल्लेबाज ने सीधे बैकवर्ड पॉइंट पर कैच दे दिया, जिससे 24 गेंदों में 45 रन बने। पठान ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा कि मैं निश्चित रूप से चयन करूंगा, अगर मैं चयनकर्ता होता, तो मैं उस पर कड़ी नजर रखता। मैं वास्तव में उसे टी20 विश्व कप टीम में लूंगा क्योंकि वह वास्तव में स्पिनरों पर प्रहार कर रहा है। उन्हें वहां जाकर स्पिनरों के खिलाफ सेट होने की कोशिश करने की जरूरत नहीं है। हमने इसे इस आईपीएल और पिछले सीजन में भी देखा है।



# दिल्ली कैपिटल्स व मुंबई इंडियंस जोरदार वापसी करना चाहेगी



आईपीएल 2024

**मुंबई,** 6 अप्रैल (एजेंसियां)। घरेलू मैदान पर अपने पिछले मैच में हार झेलने के बाद, जेएसडब्ल्यू और जीएमआर की सह-स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स वानखेड़े में आईपीएल 2024 के रविवार को होने वाले अपने अगले मैच में मुंबई इंडियंस से उसी के मैदान में भिड़कर मजबूत वापसी करना चाहेगी। दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली ने पिछले मैच में केकेआर के खिलाफ हार पर विचार करते हुए कहा कि केकेआर के खिलाफ हम निराश हो गए थे। हमने अच्छी गेंदबाजी नहीं की। विजाग में यह बहुत अच्छा विकेट था। हमने दो मौके गंवाए। फील्डर और कीपर दोनों ने मौके का फायदा नहीं उठाया। भारत के पूर्व कप्तान ने मुंबई में प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि खेल के किसी भी प्रारूप में विकेट बहुत महत्वपूर्ण होते हैं, लेकिन जिस तरह से उन्होंने बल्लेबाजी की, उसका श्रेय आपको केकेआर को देना होगा। अगले मैच के बारे में बात करते हुए, गांगुली ने कहा कि मुंबई एक अच्छी टीम है, हम भी एक अच्छी टीम हैं। हमने चेन्नई के खिलाफ एक मैच जीता। हमें उम्मीद है कि मुंबई अच्छा खेलेगी क्योंकि वे लंबे समय से एक महान फ्रेंचाइजी रहे हैं। उनकी टीम में कुछ गुणवत्ता वाले खिलाड़ी हैं। लेकिन टी20 एक ऐसा प्रारूप है कि कभी-कभी आप ऐसी स्थिति में आ जाते हैं, जहां आप कुछ मैच हार जाते हैं और फिर वापसी का रास्ता ढूंढते हैं। यह कल एक अच्छा मैच होने वाला है। हम प्रतिस्पर्धा करेंगे, हम एक अच्छी टीम हैं। ठीक है, हमारे पास भी कुछ गुणवत्ता वाले खिलाड़ी हैं। दिल्ली कैपिटल्स आईपीएल 2024 के अपने अगले मैच में रविवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस से भिड़ेगी।

## दिल्ली कैपिटल्स में रिकी पोटिंग के लिए कुछ चुनौतीपूर्ण वर्ष रहे हैं : शेन वॉटसन



**नई दिल्ली,** 6 अप्रैल (एजेंसियां)। रिकी पोंटिंग के लिए सब कुछ आसान नहीं रहा है, जो 2018 से दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच हैं। हालांकि डीसी 2020 में फाइनल में पहुंचे और 2019 और 2021 संस्करणों के प्लेऑफ में जगह बनाई। लेकिन फ्रेंचाइजी बाद के सीज़न में नॉकआउट में प्रवेश नहीं कर पाई है। इस बार, डीसी नौवें स्थान पर है और उसके पास दिखाने के लिए सिर्फ चेन्नई सुपर किंग्स पर जीत है। रविवार दोपहर को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुकाबले से पहले, पोंटिंग के पूर्व ऑस्ट्रेलियाई साथी शेन वॉटसन, जिन्होंने 2022 और 2023 सीज़न में डीसी के सहायक कोच के रूप में काम किया था, ने स्वीकार किया कि पिछले कुछ वर्षों में पोंटिंग के लिए यह एक चुनौतीपूर्ण समय रहा है, लेकिन उन्होंने पोंटिंग का समर्थन किया कि वह हालात को बदल सकते हैं। निश्चित रूप से दिल्ली कैपिटल्स में रिकी पोंटिंग के लिए कुछ चुनौतीपूर्ण वर्ष रहे हैं। लेकिन मुझे यकीन नहीं है कि यह वहां उनका आखिरी साल होगा। कोचिंग के नजरिए से एक बात जो मैं जानता हूं वह यह है कि यदि आपकी टीम कुछ वर्षों में अच्छा प्रदर्शन नहीं करती है, तो मुख्य कोच इस भूमिका से हटाए जाने वाले पहले व्यक्ति होंगे। रिकी को दिल्ली कैपिटल्स के साथ अपने समय की शुरुआत में सफलता मिली है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में यह अधिक चुनौतीपूर्ण समय रहा है। लेकिन यह केवल टूर्नामेंट की शुरुआत है। दिल्ली कैपिटल्स ने सीएसके के खिलाफ अद्भुत प्रदर्शन किया। उन्होंने यथासंभव अच्छा क्रिकेट खेला। दिल्ली कैपिटल्स के लिए सबसे बड़ी चुनौती इस पूरे टूर्नामेंट में इसे लगातार दोहराने में सक्षम होना है। ऐसा कोई कारण नहीं है कि वे ऐसा क्यों नहीं कर सकते, और रिकी पोंटिंग सबसे अच्छे लीडर्स में से एक हैं, और वह निश्चित रूप से ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में और उसके आसपास के सबसे अच्छे लीडर थे, जिसमें मैं शामिल था।

# हरमनप्रीत की अगुआई वाली भारतीय हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया से पहला टेस्ट 1-5 से हारी




**गुरजंट सिंह ने किया पराजित भारत के लिए एकमात्र गोल**

**नई दिल्ली,** 6 अप्रैल (देशबन्धु)। हरमनप्रीत सिंह की अगुआई में भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने अपने ऑस्ट्रेलिया दौरे का आगाज मेजबान ऑस्ट्रेलिया से पर्थ में शनिवार को पहला टेस्ट हॉकी टेस्ट मैच 1-5 से हार कर किया। पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के लिए बेहद अहम इस ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय हॉकी टीम पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की शुरू से ही दे दनादन की रणनीति के आगे टिक ही नहीं पाई। विजेता ऑस्ट्रेलिया के लिए टॉम विकहैम (20 वें और 38 वें मिनट) ने दो तथा टिम ब्रैंड(तीसरे मिनट), जोइल रिंटाला(37 वें मिनट) व फ्लेन ओगिलवी (57 वें मिनट) ने एक -एक गोल किया। पराजित भारत की ओर से एकमात्र गोल गुरजंट सिंह (47 वें मिनट) में दागा। भारत ने यदि पेनल्टी कॉर्नरों का बेहतर इस्तेमाल किया तो वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी हार का अंतर जरूर कुछ कम रख सकती थी। ऑस्ट्रेलिया ने भारत से पहला हॉकी टेस्ट जीत पांच टेस्ट की सीरीज में 1-0 की बढ़त ली। भारतीय टीम पहले क्वॉर्टर में गेंद को कब्जे में रख कर मैच की रफ्तार पर काबू करने की रणनीति बना जरूर उतरी लेकिन तीसरे ही मिनट में टिम ब्रैंड ने जोरदार जवाबी हमला बोल कर गोल कर ऑस्ट्रेलिया का खाता खोला। भारत ने बराबरी पाने के लिए अपने हमले तेज करने की रणनीति बनाई लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने इसके उलट दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए लेकिन अनुभवी गोलरक्षक पीआर श्रीजेश ने मुस्तैदी दिखा इसे रोक लिया। भारत का दबाव बना उसके काम आया उसने पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन इसका लाभ नहीं उठा पाया और उसके हाथ बराबरी पाने का मौका निकल गया भारत ने दूसरे क्वॉर्टर का आगाज एक पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन इसे भी वह गोल में बदलने में नाकाम रहा। टॉम विकहैम ने दूसरे क्वॉर्टर के पांचवें मिनट में गोल कर ऑस्ट्रेलिया की बढ़त 2-0 कर दी और हाफ टाइम तक स्कोर यही रहा। जोएल रिंटला ने तीसरे क्वॉर्टर के सातवें मिनट में और अनुभवी टॉम विकहैम ने अगले ही मिनट में बेहतरीन गोल कर मेजबान ऑस्ट्रेलिया को 4-0 से आगे कर मैच पर पूरी तरह उसकी पकड़ बना दी। ऑस्ट्रेलिया ने चौथे और आखिरी क्वॉर्टर में पेनल्टी कॉर्नर हासिल लेकिन भारत के गोलरक्षक ने इसके रोक कर बेकार कर दिया। भारत के स्ट्राइकर गुरजंट सिंह ने जोरदार जवाबी हमले पर चौथे और आखिरी क्वॉर्टर के दूसरे मिनट में बेहतरीन मैदानी गोल कर स्कोर 1-4 कर दिया। फ्लेन ओगिलवी ने खेल खत्म होने से तीन पहले पेनल्टी कॉर्नर गोल कर ऑस्ट्रेलिया को 5-1 से आगे कर मैच जिता दिया।

# पाक महिला क्रिकेट टीम की कप्तान कार हादसे में चोटिल

**कराची,** 6 अप्रैल (देशबन्धु)। पाकिस्तान की महिला क्रिकेट टीम की कप्तान बिस्माह मारूफ और लेग स्पिनर गुलाम फातिमा शुक्रवार को यहां एक कार हादसे में मामूली रुप से चुटहिल हो गयीं है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एक बयान के अनुसार कार दुर्घटना में उन्हें मामूली चोटें लगी हैं। दोनों खिलाड़ी वेस्ट इंडीज के खिलाफ अपने श्रृखंला से पहले कराची में एक प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा ले रही हैं। हालांकि चोटों के विवरण और गंभीरता का खुलासा नहीं किया गया है। पीसीबी ने बताया कि दोनों खिलाड़ियों को तुरंत प्रारंभिक चिकित्सा सहायता मिली और वर्तमान में वे अपनी मेडिकल टीम की देखभाल में हैं। पीसीबी ने कहा कि दोनों खिलाड़ी वेस्टइंडीज के खिलाफ 18 अप्रैल से शुरू होने वाली आगामी श्रृंखला के लिए प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले संभावित खिलाड़ियों का हिस्सा हैं। पाकिस्तान इस साल बांग्लादेश में होने वाले आईसीसी महिला टी20 विश्व कप की तैयारियों के तहत तीन मैचों की आईसीसी महिला चैंपियनशिप वनडे सीरीज के लिए वेस्टइंडीज की मेजबानी कर रहा है, जिसके बाद पांच टी20 मैच होंगे। इस घटना ने मारूफ और फातिमा की श्रृंखला में भागीदारी के बारे में चिंता पैदा कर दी है। **पाकिस्तान की महिला संभावित टीम इस प्रकार है :** आलिया रियाज, आयशा जफर, बिस्माह मारूफ, डायना बेग, फातिमा सना, गुलाम फातिमा, गुल फिरोजा, मुनीबा अली, नजीहा अल्वी (विकेटकीपर), नशरा सुंधू, नतालिया परवेज, निदा डार, रमीन शमीम, सदफ शमास, सादिया इकबाल, सिदरा अमीन , सिदरा नवाज (विकेटकीपर), तुबा हसन, उम्म-ए-हानी और वहीदा अख्तर।



दोनों खिलाड़ी वेस्टइंडीज के खिलाफ 18 अप्रैल से शुरू होने वाली आगामी श्रृंखला के लिए प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले संभावित खिलाड़ियों का हिस्सा हैं : पीसीबी

## लखनऊ के मैच में मोहसिन खान का खेलना संदिग्ध

**लखनऊ,** 6 अप्रैल (एजेंसियां)। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के तेज गेंदबाज मोहसिन खान का रविवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ होने वाले अगले मैच में खेलना संदिग्ध है क्योंकि बेंगलुरु की उड़ान के दौरान उनकी पीठ में जकड़न हो गई थी। एलएसजी के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने मोहसिन की कमजोरी की पुष्टि की और कहा कि गेंदबाज अभ्यास सत्र में फिटनेस परीक्षण के लिए जाएगा। मोर्कल ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मैच के लिए बेंगलुरु की हमारी उड़ान के दौरान उन्हें (मोहसिन खान) पीठ में अकड़न (ऐंठन) का सामना करना पड़ा। उन्होंने हमें सूचना दी और मैच के लिए असुविधा दिखाई। वह फिट दिख रहे हैं लेकिन हम अपने अभ्यास सत्र में फिटनेस परीक्षण के लिए जाएंगे और फिर फैसला करेंगे। वह हमारा प्रमुख गेंदबाज है और उसने 2023 सीज़न में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है और इस सीज़न में भी उपयोगी है।

# आईपीएल 2024 से बाहर हुए श्रीलंका के लेग स्पिनर हसरंगा

**नई दिल्ली,** 6 अप्रैल (एजेंसियां)। सनराइज़र्स हैदराबाद के लेग स्पिनर वनिंदु हसरंगा बाएं पैर की एड़ी में दर्द की समस्या के कारण आईपीएल 2024 से बाहर हो गए हैं। हसरंगा अभी तक हैदराबाद की टीम से नहीं जुड़े थे और ईएसपीएनक्रिकइंफो को पता चला है कि श्रीलंका क्रिकेट ने बीसीसीआई को उनके इस सीज़न में उपलब्ध नहीं रहने की जानकारी दी है। हसरंगा की जगह अभी तक विकल्प की पुष्टि नहीं हुई है लेकिन पता चला है कि हैदराबाद इस बारे में सोच रही है।मार्च में बांग्लादेश में श्रीलंका के लिए सीमित ओवर सीरीज खेलने के दौरान उनकी बायीं एड़ी में दर्द की समस्या हुई थी जिसका श्रीलंका क्रिकेट के मेडिकल स्टाफ ने इलाज किया था। श्रीलंका क्रिकेट से आईपीएल में खेलने की इजाज़त मिलने से पहले वह विशेषज्ञ से सलाह लेने विदेश जाने वाले थे। हैदराबाद के प्रमुख कोच डेनियल वेटोरी ने गुरुवार को कहा कि हसरंगा ने दुबई में विशेषज्ञ से सलाह ली है, जिसके बाद उनके टूर्नामेंट से नाम वापस लेने की ख़बर बाहर आई। हसरंगा को हैदराबाद ने दिसंबर में हुई नीलामी में 1.5 करोड़ में ख़रीदा था। इससे पिछले सीज़न वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का हिस्सा थे, जिन्हें 2022 की नीलामी में 10.75 करोड़ में ख़रीदा गया था। 2022 सीज़न उनका शानदार गया था जहां पर उन्होंने 7.54 की इकॉनमी से 26 विकेट लिए थे लेकिन 2023 में वह केवल आठ ही मैच खेलकर 8.9 की इकॉनमी से नौ ही विकेट ले पाए थे।



आईपीएल 2024

**सार संक्षेप**

### गैरी कर्स्टन पाकिस्तान के सफेद गेंद के और जेसन गिलेस्पी लाल गेंद के कोच होंगे

**इस्लामाबाद।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व स्टार बल्लेबाज गैरी कर्स्टन और पूर्व ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जेसन गिलेस्पी को पाकिस्तान की पुरुष सीनियर क्रिकेट टीमों के लिए क्रमशः सफेद गेंद और लाल गेंद क्रिकेट के लिए मुख्य कोच के रूप में चुना गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को आखिरकार अपना मुख्य कोच मिल गया है और इसकी घोषणा आने वाले दिनों में की जाएगी। विवरण के अनुसार, कर्स्टन सफेद गेंद टीम की कोचिंग जिम्मेदारी संभालने जा रहे हैं, जिसमें एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय और टी20 अंतरराष्टीय शामिल हैं। उम्मीद है कि ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज गिलेस्पी टेस्ट टीम की कोचिंग की जिम्मेदारी संभालेंगे। जबकि दोनों कोचों के चयन की घोषणा अभी बाकी है; यह निर्णय लिया गया है कि कोचिंग भूमिकाएं विशेष रूप से उन प्रशिक्षकों को सौंपी जाएंगी जो स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हैं। ऐसा खासतौर पर न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए किया जाएगा।

### भारतीय-अमेरिकी भाटिया टेक्सास में आगे

**सैन एंटोनियो।** भारतीय-अमेरिकी अक्षय भाटिया अगले सप्ताह मास्टर्स में पहली शुरुआत से सिर्फ 36 होल दूर हैं। हालांकि, 22 वर्षीय भाटिया को शीर्ष पर बने रहने और वेलेरो टेक्सास ओपन जीतने की जरूरत है, जहां वह दो राउंड बाकी रहते हुए पांच शॉट से मजबूत क्षेत्र में आगे हैं। ऑगस्टा नेशनल में वेलेरो टेक्सास ओपन के विजेता के लिए एक स्थान आरक्षित है। पहले दिन शानदार 63 का शानदार कार्ड खेलने के बाद, उन्होंने दो लेट बर्डीज के साथ 2-अंडर 70 का स्कोर जोड़ा, जिससे उनकी बढ़त पांच शॉट तक पहुंच गई। 22 वर्षीय खिलाड़ी ने फ्रंट नौ में दूसरे और आठवें होल पर पार 5 पर बर्डी लगाई और बीच में पार-3 के आठवें होल पर बर्डी लगाई।

## सुमित नागल ने मोंटे कार्लो में क्वालीफाइंग दौर में विजयी शुरुआत की

**नई दिल्ली,** 6 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत के नंबर 1 सुमित नागल ने शनिवार को मोंटे कार्लो मास्टर्स क्वाालीफायर में अपने क्वाालीफायर अभियान की शुरुआत करने के लिए 63-रैंक वाले इतालवी फ्लेवियो कोबोली को सीधे सेटों में 6-2, 6-3 से हराया। शुरुआत से ही, नागल ने कुशल ग्राउंडस्ट्रोक और शानदार कोर्ट कवरेज का प्रदर्शन करते हुए पेशेवर प्रयास किया। उन्होंने अपने जोरदार फोरहैंड से कोबोली को बैकफुट पर रखा। पहले सेट में नागल ने चौथे गेम में सर्विस ब्रेक करके बढ़त बना ली और इस बढ़त को बरकरार रखते हुए 6-2 से जीत हासिल की। दूसरे सेट में कोबोली ने अधिक जोश के साथ संघर्ष किया। लेकिन आठवें गेम में, भारतीय स्टार ने अपनी मानसिक दृढ़ता का प्रदर्शन करते हुए, सर्विस ब्रेक के साथ जोरदार जवाब दिया। आत्मविश्वास के साथ नागल ने मैच 6-3 के स्कोर के साथ समाप्त किया। यह उनकी नौवीं शीर्ष 100 जीत (क्ले पर सातवीं) और चौथी सर्वश्रेष्ठ करियर जीत (प्रतिद्वंद्वी की रैंकिंग के अनुसार) थी। नागल का अगला मुकाबला डिएगो श्वाट्र्जमैन और तीसरी वरीयता प्राप्त डियाजअकोस्टा के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।


# न्यूजीलैंड महिला टीम ने अंतिम वनडे के लिए बदलाव किया



इंग्लैंड का अब तक का दौरा सफल रहा है, उसने पांच मैचों की टी20 सीरीज को 4-1 के अंतर से जीत लिया है

**वेलिंग्टन,** 6 अप्रैल (एजेंसियां)। इंग्लैंड के खिलाफ श्रृखंला के आखिरी एक दिवसीय मैच में सोफी डिवाइन की न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम में बतौर कप्तान वापसी हो गयी है जबकि बर्नडाइन बेजुइडेनहौट हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण बाहर हो गयी हैं। क्वाड स्ट्रेन के कारण सोफी इंग्लैंड के खिलाफ पिछले तीन मैचों (पांचवें टी20ई और पहले दो वनडे) में बाहर हो गयी थी मगर श्रृंखला के आखिरी मुकाबले के लिए वह एक्शन में लौट आई हैं। सोफी ने हैमिल्टन में फिटनेस टेस्ट पास कर लिया। इंग्लैंड का अब तक का दौरा सफल रहा है, उसने पांच मैचों की टी20 सीरीज को 4-1 के अंतर से जीत लिया है और आईसीसी महिला चैम्पियनशिप तीन मैचों की वनडे सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि व्हाइट फर्न्स के मुख्य कोच बेन सॉयर ने कहा कि डिवाइन की वापसी से अंतिम वनडे के लिए टीम को मजबूती मिलेगी। सॉयर ने कहा कि कल सोफी का नेतृत्व करना टीम को आत्मविश्वास से भर देगा। जब भी सोफी अनुपलब्ध होती है तो उसकी बहुत याद आती है। हालांकि, कीवी टीम को सलामी बल्लेबाज बर्नडाइन बेजुइडेनहाउट के हैमस्ट्रिंग के कारण बाहर किये जाने से भी झटका लगा है। गुरुवार को सेडॉन पार्क में दूसरे वनडे के दौरान सीमा पर क्षेत्ररक्षण करते समय बेजुइडेनहाउट को चोट लग गई और कोचिंग स्टाफ ने उन्हें दूसरी पारी में बल्लेबाज के लिए नहीं भेजने का फैसला किया। एक स्कैन ने पुष्टि की है कि बल्लेबाज को ग्रेड 1 हैमस्ट्रिंग तनाव बना हुआ है, जिसके लिए थोड़े समय के पुनर्वास की आवश्यकता है। सॉयर ने कहा कि हम बर्नी के लिए निराश हैं, जो पहले ही इस गर्मी में चोट की चुनौतियों का सामना कर चुकी है। ईडन कार्सन को अंतिम वनडे के लिए 13-खिलाड़ियों की टीम में शामिल करने के लिए प्रतिस्थापन के रूप में बुलाया गया है।

# लखनऊ को राशिद से रहना होगा सतर्क



**लखनऊ,** 6 अप्रैल (एजेंसियां)। आईपीएल 2024 के 21वें मैच में लखनऊ सुपर जॉयंट्स का सामना गुजरात टाइटंस से रविवार शाम को होने वाला है। इन दोनों टीमों के बीच अब तक चार मैच खेले गए हैं और सभी में गुजरात को जीत मिली है। लखनऊ की टीम इस आंकड़े को बदलने की पूरी कोशिश करेगी क्योंकि यह मैच उनके घरेलू मैदान पर खेला जाना है। आइए जानते हैं वे आंकड़े जिनका इस मैच में असर देखने को मिल सकता है।

### राशिद खान का प्रदर्शन रहा शानदार

राशिद ख़ान ने गुजरात के लिए लगातार शानदार प्रदर्शन किया है और ख़ास तौर से लखनऊ के खिलाफ तो वह कमाल की गेंदबाज़ी करते आए हैं। केएल राहुल, दीपक हुड्डा, देवदत्त पड़िक्कल और क्रूणाल पांड्या को राशिद तीन-तीन बार आउट कर चुके हैं। क्विंटन डिकॉक को भी उन्होंने दो बार पवेलियन का रास्ता दिखाया है। राशिद के खिलाफ राहुल का औसत 11.7 और स्ट्राइक-रेट 85.4 का रहा है। केवल डिकॉक (104.3) ही राशिद के खिलाफ 100 या उससे अधिक की स्ट्राइक-रेट से रन बना सके हैं।

### लीग के दो सबसे बेहतरीन तेज गेंदबाजी आक्रमणों की होगी भिड़ंत

लखनऊ के तेज़ गेंदबाज़ों ने 2022 से अब तक 24.8 की औसत से 130 विकेट हासिल किए हैं। लखनऊ के तेज़ गेंदबाज़ों ने इस अवधि में दूसरे सबसे अधिक विकेट लिए हैं और उनका औसत भी सबसे अच्छा रहा है। दूसरी ओर गुजरात के तेज़ गेंदबाज़ों ने भी 2022 से अब तक 160 विकेट लिए हैं और उनका औसत 26.1 रहा है।

### लखनऊ को पहले बल्लेबाजी तो वहीं गुजरात को गेंदबाजी है पसंद

लखनऊ की टीम को पहले बल्लेबाजी करना भाता है क्योंकि इससे उनके जीत का प्रतिशत बढ़ता है। लखनऊ ने 2022 से अब तक पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 में से 13 मैच जीते हैं और उनका जीत प्रतिशत 86.6 रहा है। स्कोर का पीछा करते हुए लखनऊ को 16 में से 11 मैचों में हार मिली है और उनका जीत प्रतिशत 31.2 का हो जाता है। दूसरी ओर गुजरात को पहले गेंदबाज़ी करने में अधिक सफलता मिली है। गुजरात ने स्कोर का पीछा करते हुए 20 में से 15 मैच जीते हैं और उनका जीत प्रतिशत 75 रहा है।

# फीफा और सदस्य संघों को मिलकर मैच फिक्सिंग से लड़ना चाहिए : जियानी इन्फेंटिनो



**नई दिल्ली,** 6 अप्रैल (एजेंसियां)। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने पहले फीफा इंटेग्रिटी समिट में कहा है कि मैच में हेरफेर का खतरा दूर नहीं हुआ है और इससे केवल तभी निपटा जा सकता है जब विश्व शासी निकाय और उसके सदस्य संघ (एमए) एकजुट होकर इससे लड़ेंगे। दो दिवसीय कार्यक्रम, जो एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) और फुटबॉल एसोसिएशन ऑफ सिंगापुर (एफएएस) के सहयोग से सिंगापुर में हो रहा है, का उद्देश्य 211 एमए और छह संघों के अखंडता अधिकारियों के लिए है। इसका मुख्य फोकस उन्हें वैश्विक अखंडता रुझानों पर अद्यतन करना, सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना, नई फीफा इंटेग्रिटी हैंडबुक और शिक्षा रोडमैप प्रस्तुत करना और मैच हेरफेर के संबंध में फीफा और कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट (सीएएस) से प्रासंगिक निर्णयों का पता लगाना है। शिखर सम्मेलन के उद्घाटन के दौरान चलाए गए एक वीडियो संबोधन में, इन्फेंटिनो ने कहा कि, बहु-अरब डॉलर के उद्योग के रूप में, फुटबॉल हमेशा आपराधिक गतिविधि के लिए एक आकर्षक लक्ष्य रहेगा। उन्होंने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि खेल का मैदान समतल बना रहे और खेल बाहरी प्रभावों से मुक्त रहे, क्योंकि अगर ऐसा नहीं हुआ, तो हमारे प्रिय खेल का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। हमें सतर्क रहना होगा।